राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक- 169
लखनऊ, गुरुवार 19 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





अर्चना पांडेय ने विधानसभा में उठाई क्षेत्र की समस्याएं 09

यूपी बनेगा ईको टूरिज्म हब : जयवीर 03


**-: सर्राफा बाजार :-**

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,54,350/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,41,500/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,15,800/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,55,000/किग्रा |



# पीएम मोदी से मिले सुंदर पिचाई, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राजधानी दिल्ली इस समय पूरी दुनिया के डिजिटल फ्यूचर का सेंटर बनी हुई है। मौका है इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का, जहां तकनीकी जगत के दिग्गज और दुनिया भर के राजनेता एक साथ जुटे हैं। इस बीच गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने बुधवार को पीएम मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात से पता चलता है कि ग्लोबल एआई क्रांति में भारत अब केवल एक बाजार नहीं, बल्कि लीडर की भूमिका में है। पीएम मोदी ने सुंदर पिचाई के साथ हुई इस बैठक को खास बताया। एक्स पर साझा किए गए अपने संदेश में पीएम मोदी ने कहा कि चर्चा का केंद्र भारत का एआई इकोसिस्टम और यहां के प्रतिभाशाली छात्र और पेशेवर रहे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे गूगल, भारतीय युवाओं की क्षमताओं को निखारने में सहयोग कर सकता है। सुंदर पिचाई ने भी भारत आने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, एआई इम्पैक्ट समिट के लिए वापस भारत आकर बहुत अच्छा लग रहा है। पिचाई अभी दिल्ली में हैं और पूरी दुनिया की निगाहें 20 फरवरी को होने वाले उनकी स्पीच पर टिकी हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि वो भारत के लिए गूगल के नए एआई निवेशों पर बड़ा ऐलान कर सकते हैं।

पिचाई ने कहा कि भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में असाधारण प्रगति के लिए तैयार है और गूगल देश के एआई परिवर्तन में साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एआई हमारे जीवन का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म बदलाव है, जो स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर डायग्नोस्टिक्स से लेकर किसानों को रियल-टाइम अलर्ट देने जैसे बड़े स्तर की चुनौतियों को हल करने में सक्षम है। पिचाई ने भारत की विविधता, बहुभाषी पारिस्थितिकी और मजबूत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को नवाचार के लिए मजबूत आधार बताते हुए कहा कि यह वैश्विक स्तर पर एआई के लोकतांत्रिक उपयोग का एक मॉडल बन सकता है। उन्होंने जोर दिया कि एआई का विकास भरोसे, सुरक्षा और समावेशिता को प्राथमिकता देते हुए होना चाहिए, ताकि तकनीक स्थानीय भाषाओं और संदर्भों में लोगों तक वास्तविक लाभ पहुंचा सके। इस दौरान पिचाई ने इंडिया-अमेरिका कनेक्ट इनिशिएटिव की भी घोषणा की, जिसके तहत अमेरिका, भारत और दक्षिणी गोलार्ध के कई क्षेत्रों के बीच एआई कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए नए सबसी केबल रूट विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गूगल भारत में फुल-स्टैक कनेक्टिविटी पर काम कर रहा है और भविष्य को लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने भारत में 15 अरब डॉलर के एआई हब की योजना का भी जिक्र किया, जिसमें गीगावॉट-स्तर की कंप्यूटिंग क्षमता और अंतरराष्ट्रीय सबसी केबल गेटवे शामिल होगा, जिससे रोजगार सृजन और उन्नत एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही गूगल ने स्किलिंग कार्यक्रमों की भी घोषणा की, जिसमें अंग्रेजी और हिंदी में गूगल एआई प्रोफेशनल सर्टिफिकेट प्रोग्राम शामिल है, जो छात्रों और शुरुआती करियर के पेशेवरों को लक्षित करेगा। अन्य पहलों में कर्मयोगी भारत के साथ 2 करोड़ से अधिक सरकारी कर्मचारियों को समर्थन, अटल टिंकरिंग लैब्स के साथ 10,000 स्कूलों में जेन एआई टूल्स की शुरुआत और 30 मिलियन डॉलर का श्एआई फॉर साइंस इम्पैक्ट चौलेंज भी शामिल है। पिचाई ने कहा कि एआई का सबसे बड़ा प्रभाव तब होता है जब इसे समुदायों को समझने वाली संस्थाओं के साथ मिलकर विकसित और लागू किया जाए, और इसी दिशा में आईआईटी, सरकारी एजेंसियों और स्थानीय संस्थानों के साथ साझेदारी के जरिए जिम्मेदारीपूर्ण और व्यापक स्तर पर एआई पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। यह समिट भारत की ग्लोबली ताकत का प्रमाण है जिसे मोदी सरकार लगातार बढ़ावा दे रही है। इस समिट में 100 से ज्यादा सरकारी प्रतिनिधि, जिनमें 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष और 60 मंत्री शामिल हैं। साथ ही दुनिया भर के नामी सीईओ, संस्थापक, शोधकर्ता और सीटीओ हिस्सा ले रहे हैं। यह समिट जन, दुनिया और प्रगति के तीन पिलर्स पर बेस्ड है। सेफ्टी और भरोसा, एआई पर भारत का यह फ्रेमवर्क आने वाले समय में वैश्विक एआई नीति की दिशा तय कर सकता है।

**इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में तकनीकी जगत के दिग्गज व दुनिया भर के राजनेता हुए एकजुट**



### भारत-फिनलैंड के बीच आपसी सहयोग बढ़ाने पर जोर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को इंडिया एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन में भाग लेने आए फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो के साथ द्विपक्षीय मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और फिनलैंड के बीच सहयोग को अधिक प्रगाढ़ बनाने पर व्यापक चर्चा की। दोनों नेताओं के बीच हुई इस बातचीत में स्थिरता, डिजिटलीकरण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अनुसंधान और नैतिक नवाचार जैसे प्रमुख विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

### मोदी ने भूटान व कजाकिस्तान के प्रधानमंत्री से की मुलाकात



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को एआई इम्पैक्ट समिट के इतर भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे और कजाकिस्तान के प्रधानमंत्री ओलझास बेक्टेनोव से मुलाकात की। इस दौरान भारत ने भूटान के साथ ऊर्जा, कनेक्टिविटी, एआई और विकास साझेदारी मजबूत करने पर सहमति जताई। वहीं कजाकिस्तान के साथ व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, कनेक्टिविटी और उभरती प्रौद्योगिकी समेत व्यापक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। दोनों बैठकों में एआई और नई तकनीकों के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। प्रधानमंत्री ने भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे के साथ बैठक में द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति की समीक्षा की। यह समीक्षा नवंबर 2025 में प्रधानमंत्री मोदी की भूटान यात्रा के बाद हुई प्रगति पर आधारित रही। तोबगे ने भूटान की 13वीं पंचवर्षीय योजना और गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी परियोजना में भारत के समर्थन के लिए आभार जताया।

### पीएम ने की स्पेन के राष्ट्रपति से द्विपक्षीय वार्ता



पीसम मोदी ने बुधवार को इंडिया एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन से इतर स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज से द्विपक्षीय वार्ता की। इस वार्ता के दौरान दोनों नेताओं ने भारत और स्पेन के बीच सहयोग को अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इसकी जानकारी देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेने आए स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज से प्रधानमंत्री मोदी ने इस समिट से इतर यहां द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच सहयोग को और गहरा करने के लिए कई मुद्दों पर व्यापक बातचीत की।

## संक्षिप्त समाचार

### बठिंडा में किसानों का प्रदर्शन हुआ हिंसक, सुरक्षाकर्मियों ने दागे आंसू गैस के गोले

**बठिंडा।** पंजाब के बठिंडा में, पिछले साल गिरफ्तार किये गए दो किसानों की रिहाई की मांग को लेकर बुधवार को किये जा रहे प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों पर कथित पथराव के बाद पुलिस ने किसानों के प्रदर्शनकारी समूह को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शन कर रहे कई किसानों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि भारतीय किसान संघ (एकता उगराहां) के बैनर तले किसान जियोंद गांव में एकत्र हुए और बठिंडा जिला प्रशासनिक परिसर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को बठिंडा जिला प्रशासनिक परिसर की ओर बढ़ने से रोकने के लिए बठिंडा और आसपास के जिलों में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। बठिंडा की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ज्योति यादव बैंस ने बताया कि भीड़ छतों से पुलिस पर पथराव कर रही थी। उन्होंने कहा, आक्रमक भीड़ को नियंत्रित कर लिया गया और स्थिति काबू में है।

### देश में चीतों की कुल संख्या 38 पहुंची

**नई दिल्ली।** कुनो राष्ट्रीय उद्यान में दक्षिण अफ्रीका से तीन साल पहले लाये एक चीते ने तीन शावकों का जन्म दिया है। इसके साथ ही भारत में जन्मे शावकों की संख्या बढ़कर 27 हो गई है और देश में चीतों की कुल संख्या 38 पहुंच गयी है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी देते हुए बताया कि ये शावक दक्षिण अफ्रीका की चीता गामिनी के हैं, जो दूसरी बार मां बनी है। उन्होंने खुशी जताई कि इन तीन शावकों का जन्म दक्षिण अफ्रीका से भारत में चीतों के आगमन के तीन वर्ष पूरे होने पर हुआ है। उन्होंने बताया कि इन शावकों के जन्म के साथ ही, भारत में चीतों के नौ शावकों का जन्म दर्ज किया गया है। देश में जन्मे जीवित चीता शावकों की संख्या अब बढ़कर 27 हो गई है जबकि चीतों की कुल संख्या 38 पहुंच गई है।

### आतंकवादियों की साजिश नाकाम

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर-बारामूला राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को आतंकवादियों द्वारा लगाया गया तात्कालिक विस्फोटक उपकरण (आईईडी) सुरक्षाबलों ने समय रहते निष्क्रिय कर दिया। अधिकारियों के मुताबिक, सुबह लगभग 7 बजे, नरबल के पास राजमार्ग किनारे एक ब्रीफकेस रखा हुआ देखा गया। इसे संदिग्ध मानते हुए सुरक्षाबलों ने तुरंत इलाके को घेर लिया और राजमार्ग पर यातायात को अस्थायी रूप से रोक दिया। फौरन बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया। इलाके को पूरी तरह सुरक्षित करने के बाद बम निरोधक दस्ते ने कोई नुकसान हुए बिना आईईडी को निष्क्रिय कर दिया। राजमार्ग पर यातायात कुछ समय बाद पुनः बहाल कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच चल रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आईईडी किसने और किस उद्देश्य से लगाया था।

### मलयालम अभिनेता जयसूर्या की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन मामले की जांच के तहत मलयालम अभिनेता जयसूर्या की 39 लाख रुपये मूल्य की अचल संपत्ति को कुर्क कर लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने अभिनेता और उनकी पत्नी से सेव बॉक्स नामक एक ऑनलाइन बोली ऐप्लीकेशन के जरिए कुछ लोगों से कथित ठगी किए जाने के मामले में दिसंबर 2025 में पूछताछ की थी। बताया जा रहा है कि स्वाति रहीम नामक एक व्यक्ति ने यह कथित निवेश योजना चलाई।

# यूपी बोर्ड में 53 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

एशिया की सबसे बड़ी परीक्षा प्रणाली माने जाने वाले उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो गई हैं। परीक्षाएं 12 मार्च तक चलेंगी। वर्ष 2026 की इन परीक्षाओं में हाईस्कूल के 27,61,696 और इंटरमीडिएट के 25,76,082 परीक्षार्थी शामिल हुए हैं। कुल मिलाकर 53,37,778 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे।

सीएम योगी ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में शामिल हो रही सभी छात्र छात्रों को बधाई दी उन्होंने लिखा कि मेरे प्रिय विद्यार्थियो, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं कल से प्रारंभ हो रही हैं। आप सभी को मेरा शुभाशीष। परीक्षाएं केवल आपकी शैक्षणिक योग्यता का मूल्यांकन नहीं हैं, बल्कि यह आपके धैर्य, अनुशासन और आत्मविश्वास की भी परीक्षा है। पूर्ण विश्वास है कि आपने वर्ष भर जो कठिन परिश्रम किया है, उसका सकारात्मक परिणाम आप सभी को अवश्य प्राप्त होगा। माँ सरस्वती की कृपा आप सभी पर बनी रहे। पहले दिन हाईस्कूल की हिंदी एवं प्रारंभिक हिंदी की परीक्षा प्रथम पाली में आयोजित की गई, जबकि इंटरमीडिएट की हिंदी एवं सामान्य हिंदी की परीक्षा द्वितीय पाली में हुई। परीक्षाएं दो पालियों में सुबह 8.30 से 11.45 बजे तथा दोपहर 2.00 से 5.15 बजे तक संचालित की जा रही हैं।



**सीएम योगी आदित्यनाथ ने छात्रों को दी शुभकामनाएं**

### नकल में पकड़े जाने पर परीक्षार्थी को एक वर्ष के लिए किया जाएगा डिबार

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं कुल 15 कार्य दिवसों में संपन्न कराई जाएंगी। प्रदेश भर में परीक्षाओं के लिए 8,033 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा कराई जा रही है। बोर्ड ने 18 जिलों को संवेदनशील घोषित करते हुए 222 अति-संवेदनशील और 683 संवेदनशील परीक्षा केंद्र चिन्हित किए हैं। इनमें से 20 अति-संवेदनशील केंद्रों पर जैमर लगाए गए हैं। नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस और यूपी एसटीएफकी भी सहायता ली जा रही है। संवेदनशील केंद्रों की प्रतिदिन कम से कम दो बार जांच की जाएगी। नकल में पकड़े जाने पर परीक्षार्थी को एक वर्ष के लिए डिबार किया जाएगा, जबकि शिक्षक या अन्य व्यक्ति की संलिप्तता पाए जाने पर यूपी सरकार के नकल विरोधी कानून के तहत सात वर्ष तक की सजा और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।

# गलगोटिया विवि ने एआई इंपैक्ट एक्सपो में चीन के रोबोटिक डॉग को अपना बता किया प्रदर्शित

### केंद्र सरकार का एक्सपो खाली करने के आदेश

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

ग्रेटर नोएडा के गलगोटिया विश्वविद्यालय (यूनिवर्सिटी) पर चीन के रोबोटिक डॉग को अपना बताकर पेश करने के लगे आरोपों के बाद केंद्र सरकार ने उन्हें तुरंत एक्सपो खाली करने के आदेश दिए हैं। बुधवार को यूनिवर्सिटी का फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद सरकारी सूत्रों ने बताया कि उन्हें भारत एआई इंपैक्ट एक्सपो को तत्काल खाली करने के लिए कहा गया है।

आरोप है कि भारत मंडपम में चल रहे भारत एआई इंपैक्ट समिट में यूनिवर्सिटी की तरफ से इस रोबोट को भारत में विकसित टेक्नोलॉजी के तौर पर पेश किया गया था। दावा था कि यह रोबोट यूनिवर्सिटी की इन हाउस विकसित तकनीक है। उल्लेखनीय है कि एआई एक्सपो के दूसरे दिन दो रोबोटिक डॉग देखते ही देखते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए और इस वीडियो के सामने आने के बाद कई टेक एक्सपर्ट्स और यूजर्स ने दावा किया कि यह असल में चीनी कंपनी यूनिट्री का रोबो मॉडल है, जो बाजार में 2 से 3 लाख रुपये की कीमत में उपलब्ध है। इस एआई-पावर्ड रोबोटिक डॉग में 4 डी लीडार तकनीक का इस्तेमाल हुआ है, जिसकी मदद से ये सीढ़ियां चढ़ने के अलावा ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर भी आसानी से चल सकता है। गलगोटिया विश्वविद्यालय ने इस पर सफाई देते हुए एक्स पर जारी बयान में कहा कि यूनिट्री से हाल ही में खरीदे गये रोबोडॉग केवल प्रदर्शन के लिए रखी गई है। इसका प्रयोग छात्रों को सिखाने के लिए किया जा रहा है। हमारे छात्र इसके साथ प्रयोग कर रहे हैं, इसकी सीमाओं का परीक्षण कर रहे हैं और इस प्रक्रिया में अपने ज्ञान का विस्तार कर रहे हैं। गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने स्पष्ट किया कि उन्होंने इस रोबोडॉग का निर्माण नहीं किया है, न ही कभी ऐसा दावा किया है।



# पायजामे का नाड़ा खींचना भी दुष्कर्म की कोशिश

**सुप्रीम कोर्ट ने पलटा एचसी का आदेश**

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक विवादास्पद आदेश को रद्द करते हुए कहा है कि निजी अंग पकड़ना और पायजामे का नाड़ा खींचना बलात्कार का प्रयास है। हाई कोर्ट ने अपने विवादित आदेश में कहा था कि निजी अंग पकड़ना और पायजामे का नाड़ा खींचना बलात्कार करने की केवल तैयारी हैं।

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची एवं न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने कहा कि विवादित आदेश को आपराधिक न्यायशास्त्र के स्थापित सिद्धांतों के स्पष्ट रूप से गलत प्रयोग के कारण रद्द किया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने स्वतः संज्ञान लेकर दायर याचिका पर 10 फरवरी को यह आदेश पारित किया। न्यायालय ने याचिका में इलाहाबाद हाई कोर्ट के इस आदेश का संज्ञान लिया है कि केवल निजी अंग पकड़ना और पायजामे का नाड़ा खींचना बलात्कार के अपराध के बराबर नहीं है। हाई कोर्ट के फैसले को शीर्ष अदालत ने रद्द कर दिया और मामले के दो आरोपियों के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत दर्ज बलात्कार के प्रयास के मूल कड़े आरोपों को बहाल कर दिया।

### राज्य सभा की 37 सीटों के चुनाव 16 मार्च को

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राज्य सभा की रिक्त हो रहीं 37 सीटों के लिए चुनाव 16 मार्च को कराये जायेंगे। चुनाव आयोग की ओर से बुधवार को जारी चुनाव कार्यक्रमों के अनुसार 10 राज्यों से चुने गये राज्य सभा के 37 सदस्यों का कार्यकाल अप्रैल में समाप्त हो जायेगा। इन 37 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव कराये जायेंगे। इन चुनावों के लिए 26 फरवरी को अधिसूचना जारी की जायेगी। पांच मार्च तक नामांकन पत्र दाखिल किये जा सकेंगे। इनकी जांच छह मार्च को होगी। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि नौ मार्च निर्धारित की गयी है। इन सीटों के लिए मतदान 16 मार्च को कराये जायेंगे और उसी दिन मतों की गिनती होगी। चुनाव प्रक्रिया 20 मार्च तक पूरी हो जायेगी।

# शिक्षा, स्वास्थ्य मूलभूत आवश्यकता, यह सबको सुलभ होना चाहिए : मोहन भागवत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने शिक्षा और स्वास्थ्य को मूलभूत आवश्यकता बताते हुए कहा कि यह सबके लिए सुलभ होना चाहिए। यह व्यवसाय नहीं हो सकते।

डॉ. भागवत ने बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में शोधार्थी छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम में कहा कि पश्चिम के लोगों ने शिक्षा के साथ खिलवाड़ किया। हमारी शिक्षा व्यवस्था हटाकर अपनी थोपी, जिससे उन्हें काम करने के लिए काले अंग्रेज मिल जाएं।



अंग्रेजों ने जो बिगाड़ा है उसको ठीक करना ही होगा। उन्होंने कहा कि संघ का कार्य देश को परम वैभव सम्पन्न बनाना है। मैं और मेरा परिवार ही सबकुछ है, यह न सोच कर पूरे देश के लिए सोचना होगा। संघ समाज की एकता और गुणवत्ता की चिंता करता है। संघ को समझना है तो संघ में आकर कर देखिये। संघ को पढ़ कर नहीं समझा जा सकता है। संघ को सम्पूर्ण हिन्दू समाज को संगठित करने वाला एक ही काम करना है। संघ किसी के विरोध में नहीं है। संघ को लोकप्रियता, प्रभाव और शक्ति नहीं चाहिए। सरसंघचालक डॉ. भागवत ने कहा कि भारत की दिशा और दशा बदलने में शोध की बड़ी भूमिका है। सत्यपरक बातें सामने आनी चाहिए। अज्ञानता से भारत को हम समझ ही नहीं पाएंगे। उन्होंने शोधार्थियों छात्रों से कहा कि जो भी शोध करें उसे उत्कृष्ट रूप से, प्रामाणिकता पूर्वक, तन-मन-धन से, निःस्वार्थ भाव से देश के लिए करें। उन्होंने कहा कि संघ को लेकर बहुत दुष्प्रचार होता है। शोधार्थियों को सत्य सामने लाना चाहिए।

### अभिनेता सलमान खान के पिता मशहूर पटकथा लेखक सलीम खान वेंटिलेटर पर



**एजेंसी, मुंबई।** अभिनेता सलमान खान के पिता और दिग्गज पटकथा लेखक सलीम खान को मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार 90 वर्षीय सलीम खान की हालत फिलहाल स्थिर है, लेकिन उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है और कड़ी निगरानी की जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनका ब्लड प्रेशर अचानक बढ़ने से मस्तिष्क के दाहिने हिस्से में आंतरिक रक्तस्राव हुआ। अस्पताल के स्वास्थ्य बुलेटिन में बताया गया कि विशेषज्ञों की टीम उनका इलाज कर रही है।

# 2027 में बसपा अकेले दम पर लड़ेगी चुनाव : मायावती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को कहा है कि उत्तर प्रदेश में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी। वह किसी भी दल से गठबंधन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि गठबंधन से बसपा से नुकसान होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे भ्रामक खबरों पर ध्यान न देकर पार्टी को मजबूत करने में अपना सहयोग दें।

बसपा प्रमुख मायावती ने एक पत्रकारवार्ता में कहा है कि मीडिया में चर्चा है कि आगामी 2027 का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव बसपा गठबंधन में लडेंगी। उन्होंने कहा कि यह विशुद्ध रूप से पार्टी कार्यकर्ताओं और लोगों को गुमराह करने के लिए फेक न्यूज चलवाई गई हैं। यह बिल्कुल गलत, झूठ और मनगढ़ंत खबर है। ऐसे में नेताओं के साथ-साथ मीडिया को भी इस प्रकार की कटी पतंग जैसी उड़ान भरके अपना मजाक खुद उड़ाने से बचना चाहिए। मायावती ने कहा कि वह एक बार नहीं बल्कि हर बार पार्टी की बैठक में यहां तक बीते नौ अक्टूबर को लखनऊ में आयोजित विशाल रैली में भी इसकी खुली घोषणा की थी कि बसपा अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी। लेकिन कुछ लोग और मीडिया भी इनकी घिनौनी साजिश में पड़कर इस प्रकार की गलत खबर प्रचारित करके अपना समय और छवि दोनों बर्बाद कर रहे हैं। इस पर लोगों को बिल्कुल ध्यान देने की जरूरत नहीं है। मायावती ने कहा कि बसपा के लोग अपने 2027 के मिशन में अकेले पूरे जी-जान से लगे हुए हैं। जिस पर से उन लोगों को ध्यान भटकाने के लिए इस प्रकार की साजिश करते रहते हैं। पार्टी पदाधिकारियों से अपील है कि ऐसी मनगढ़ंत बातों पर कतई ध्यान न दें और वे हाथी के मस्त चाल चलते रहे और 2007 की तरह अकेले ही यह चुनाव लड़कर फिर से बसपा की, पूर्ण बहुमत की अपनी सरकार बनाए। बसपा प्रमुख ने दिल्ली में आवंटित टाइप-8 सरकारी बंगले को लेकर हो रही चर्चाओं पर अपनी बात रखते हुए कहा कि उन्हें सुरक्षा कारणों और प्रोटोकॉल के तहत यह सरकारी बंगला आवंटित हुआ है। इसको लेकर किसी भी तरह की भ्रामक जानकारी फैलाना गलत है।



**पर्व** | रमजान के पहले सप्ताह में ही कारोबार में आई तेजी से व्यापारी उत्साहित

# रमजान का चांद दिखते ही बाजारों में रौनक

**खजूर की मिठास के बीच फलों की महंगाई ने बढ़ाई चिंता**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी में रमजान का चांद दिखने के साथ ही बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। इफ्तार और सहरी की तैयारियों के लिए लोग बड़ी संख्या में खरीदारी करने उमड़ रहे हैं। शाम ढलते ही मुख्य बाजारों, गलियों और चौक-चौराहों पर विशेष रौनक देखी जा रही है।

खासकर खजूर और फलों की दुकानों पर ग्राहकों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। बाजार में खजूर की विभिन्न किस्में उपलब्ध हैं। इनमें अजवा, किमिया, माबरूम, सफावी, कलमी और ईरानी खजूर की मांग सर्वाधिक है। इनकी कीमतें गुणवत्ता और आकार के आधार पर निर्धारित की जा रही हैं।

सामान्य खजूर 120-200 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिक रही है, जबकि प्रीमियम किस्मों की कीमत 800 से 1600 रुपये प्रति किलोग्राम तक है। रोजेदार अपनी आवश्यकता और बजट के अनुसार खरीदारी कर रहे हैं। हालांकि, फलों की कीमतों में वृद्धि ने उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ा दी है। केला, सेब, अनार, पपीता और अंगूर के दामों में लगभग 20 से 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। व्यापारियों के अनुसार, थोक बाजार में कीमतों में वृद्धि और रमजान के दौरान बढ़ती मांग के कारण खुदरा दाम बढ़े हैं।



खजूर और फलों के अलावा, सेवई, सुतफेनी, कचरी-पापड़ और अन्य इफ्तारी सामान की दुकानों पर भी अच्छी बिक्री देखी जा रही है। देर रात तक बाजारों में चहल-पहल बनी रहती है। रमजान के पहले सप्ताह में ही कारोबार में आई तेजी से व्यापारी उत्साहित हैं, लेकिन बढ़ती महंगाई ने आम उपभोक्ताओं को कुछ हद तक प्रभावित किया है।

# पंचायत भवन पर 23 दिन तक लहराता रहा तिरंगा

▸ 26 जनवरी के दिन फहराया गया था राष्ट्रीय ध्वज


**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड पयागपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरा पदार्थ में प्रशासनिक लापरवाही का मामला प्रकाश में आया है। यहां पंचायत भवन पर 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया था, जो 18 फरवरी 2026 तक नहीं उतारा गया। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, राष्ट्रीय पर्व पर ध्वजारोहण के बाद निर्धारित नियमों के तहत सूर्यास्त से पूर्व तिरंगे को सम्मानपूर्वक उतार लिया जाना चाहिए। इसके बावजूद लगभग 23 दिनों तक झंडा फहराता रहना पंचायत स्तर पर निगरानी की कमी को दर्शाता है। इस संबंध में ग्राम सचिव रविंद्र तिवारी से दूरभाष पर वार्ता की गई। उन्होंने कहा कि 'शायद मिसअंडरस्टैंडिंग में रह गया होगा, आप फोटो भेज दें, उतरवा दूंगा।' उनके इस बयान से स्पष्ट होता है कि पंचायत भवन की नियमित मॉनिटरिंग नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत भवन पर अक्सर ताला लगा रहता है और अधिकारी-कर्मचारियों का आवागमन नियमित नहीं है। मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित उच्च अधिकारियों से जांच कराए जाने की मांग उठी है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी पयागपुर अजय प्रताप सिंह ने बताया कि इस प्रकरण की जांच कराई जा रही है। अब देखना होगा कि जांच के बाद जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई होती है और भविष्य में ऐसी लापरवाही की पुनरावृत्ति रोकने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।



# सीमा पर नशा तस्करों पर बड़ा प्रहार

▸ 41 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी दबोचा

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** भारत-नेपाल सीमा पर नशे के काले कारोबार के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियों ने कड़ा संदेश दिया है। सीमा पार युवाओं की जिंदगी से खिलवाड़ करने निकला एक तस्कर 41 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। सूत्रों के मुताबिक सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 59वीं वाहिनी ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर बॉर्डर पिलर संख्या 667 के पास सघन जांच अभियान चलाया। कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान संदिग्ध गतिविधि देख टीम ने घेराबंदी की और आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 40 वर्षीय इजाद पुत्र निशार अहमद, निवासी ग्राम मोतीपुर, थाना मोतीपुर, जिला बहराइच (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि वह भारत से नेपाल में स्मैक की खेप पहुंचाने की फिराक में था। सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि सीमा को नशे का गलियारा बनाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बरामद 41 ग्राम स्मैक को थाना मोतीपुर को सुपुर्द कर दिया गया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने साफ कहा है कि नशा तस्करों के खिलाफ अभियान और तेज किया जाएगा तथा किसी भी सूरत में उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। सुरक्षा एजेंसियों ने आमजन से भी अपील की है कि संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना दें, ताकि सीमा क्षेत्र को नशा मुक्त रखने की मुहिम को और मजबूती मिल सके।





# दुःख हरण नाथ मंदिर में हुई चोरी, दान पात्र को तोड़कर निकाले रुपये

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** शहर के नगर कोतवाली से चंद कदम दूर शहर के प्रसिद्ध मंदिर बाबा दुःख हरण नाथ में मंगलवार की बीती रात्रि में चोरों ने मंदिर का ताला तोड़ कर घुस गए और मंदिर के अंदर रखा दान पात्र को तोड़ कर उस में रखा हजारों रुपये चुरा ले गए। मंदिर के महंथ रुद्र नाथ गिरी ने बताया कि मंदिर दस बजे के बाद बंद कर दी जाती है। मंगलवार के दिन भी रात्रि में भगवान शंकर की आरती कराने के बाद मंदिर को बंद कर दिया गया। प्रात करीब चार बजे जब मंदिर को खोल ने आए तो देखा कि उस का ताला टूटा है। मंदिर के अंदर दिवाल में जुड़ा दान पात्र टूटा है। उस के अंदर रखा हजारों रुपये गायब था। रात्रि में चोर मंदिर में घुस गए और चोरी की घटना को अंजाम दिया। बाबा दुःख हरण नाथ मंदिर में सुबह चार बजे आरती होने के बाद श्रद्धालु जल चढ़ाने लगते है जो दिन भर चढ़ते है। मंदिर से नगर कोतवाली की दूरी मात्र तीन सौ से चार सौ मीटर की है। पुलिस भी रात्रि में ग्रस्त करती रहती है। इस के बाद भी चोरों ने घटना को अंजाम दिया है।



# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत आयोजित हुई कार्यशाला

▸ हमारा समाज आज भी एकजुट है, इन्हीं के वजह से देश व प्रदेश में सरकार भाजपा की बनी है : संचित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री भाजपा व जिला प्रभारी शिव भूषण सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भाजपा बृजेश पांडे ने किया। मंच का संचालन जिला उपाध्यक्ष रण विजय सिंह ने किया। मुख्य अतिथि व जिलाध्यक्ष व सभी जिला पदाधिकारी ने दीप प्रचलित करके पार्टी के महान विभूतियां पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण करके शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष ने अपने अध्यक्ष उद्बोधन में बताया कि यह प्रशिक्षण वर्ग 7 मार्च से 13 अप्रैल तक जनपद के समय मंडलों में होना निश्चित किया गया है। जिसमें मंडलों में रहने वाले सभी पदाधिकारी प्रदेश स्तर व क्षेत्रीय तथा जिला व मंडल तथा बूथ स्तर के सभी कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में अपेक्षित होंगे, प्रशिक्षण में भारतीय जनता पार्टी के अनुशासन व संस्कार तथा रीति-नीति के विषय पर जानकारी प्रदान की जाएगी इस अवसर पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष संचित सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए समरसता विषय पर कहा की आज भी हमारे गांव में समरसता देखने को मिलता है वहां पर किसी प्रकार की ऊँच नीच की भावना नहीं दिखाई देती है एक दूसरे के सुख-दुख में शामिल होते हैं आज के समय में सभी केंद्रीय व प्रदेश के प्रशिक्षण में यह विषय को जरूर बताना चाहिए कि हमारा समाज आज भी एकजुट है इन्हीं के वजह से देश व प्रदेश में सरकार भाजपा की बनी है तथा तमाम प्रकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करके अपना जीवन खुशहाल पूर्वक जी रहे हैं किसी प्रकार की कोई जातियों के विषय में बोलना समाज के हित में नहीं होगा मुख्य अतिथि ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित अटल बिहारी वाजपेई जी हमारे संगठन के संस्थापक सदस्य थे। आज हमारी भारतीय जनता पार्टी उन्हें के बताए गए कदमों पर चल रही है हमारे प्रशिक्षण की कार्यशाला केंद्रीय स्तर पर प्रदेश सरकार पर तथा सभी पदाधिकारी को प्रशिक्षित किया जा चुका है तथा जिला स्तर पर यह आज कार्यशाला हो रही है। मुख्य अतिथि ने पंच परिवर्तन पर सामाजिक समरसता, व पर्यावरण, संरक्षण व स्वदेशी भावना जागरण- आत्मनिर्भरता, एवं नागरिक कर्तव्य, विषय पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर आईटी प्रमुख प्रमोद पांडे ने पीपीटी के माध्यम से उपस्थित लोगों को प्रशिक्षित किया।



### ताश के पत्तों की तरह फेंटे गए आरक्षी और मुख्य आरक्षी, 59 का हुआ तबादला

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने आरक्षी और मुख्य आरक्षी को तास के पत्तो की तरह फेंटा और 59 का स्थानांतरण कर दिया है। आरक्षी संजय कुमार तिवारी को नीलम यादव संदीप कुमार सिंह को नगर कोतवाली जय प्रकाश, राकेश कुमार यादव धर्मेंद्र गौड़ को कोतवाली देहात उदय भानू मिश्रा को क्षेत्राधिकारी कार्यालय मनका पुर ऋषि कुमार संजय कुमार गौड़ अखिलेश यादव को थाना मनका पुर अभिषेक दीक्षित सौरभ दुबे को सी सी टी एस धाने पुर श्री चंद्र वर्मा न्यायालय सुरक्षा, राजेश कुशवाहा को पुलिस लाइन रागिनी मिश्रा को सी सी टी एन एस तरब गंज सतीश चंद्र पांडेय को वजीर गंज विनीता भास्कर भीम नारायण पासवान को न्यायालय सुरक्षा विनय कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी नगर कार्यालय राजेश कुमार।

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविचंद्र त्रिपाठी और महामंत्री सुनील कुमार पाण्डेय का किया स्वागत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** गोण्डा, अवध टैक्स बार एसोसिएशन के महामंत्री अमित कुमार गर्ग अपनी कार्यकारिणी साथियों के साथ बार एसोसिएशन पदाधिकारी कक्ष में पहुँच कर नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविचंद्र त्रिपाठी और महामंत्री सुनील कुमार पाण्डेय, वरिष्ठतम उपाध्यक्ष विनय तिवारी को प्रतीक चिन्ह भेंट कर माल्यार्पण करते हुए अभिनंदन करते हुए हार्दिक बधाई दिया। उक्त अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि आम अधिवक्ताओं के साथ साथ आम जनमानस का कल्याण मेरा लक्ष्य है। तहसील सहित सभी प्रशासनिक अधिकारी अपनी कार्यशैली में सुधार कर जनहित में कार्य करें। भ्रष्टाचार किसी भी दशा में स्वीकार नहीं है। विदित हो नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविचंद्र त्रिपाठी इस बार आठवीं बार, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गये हैं जो मंडल ही नहीं बल्कि प्रदेश में गौरव की बात है। अवध टैक्स बार एसोसिएशन के महामंत्री अमित कुमार गर्ग ने अधिवक्ताओं की कुछ समस्याओं को रखा जिसे नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने शीघ्र निस्तारण की बात कही। स्वागत अभिनंदन समारोह में अशोक कुमार गुप्ता, पवन सोनी, अर्जुन वर्मा, शैलेन्द्र कश्यप, अशोक कुमार पाण्डेय, शैलेन्द्र मिश्र, राम फेर प्रजापति, नरेन्द्र सिंह राणा, शम्भू तिवारी आदि सैकड़ों अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण कर नवनिर्वाचित अध्यक्ष को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ व्यक्त किया।



## खबरें एक नजर में

### किसानों को बर्बाद करने पर तुली सरकार : राकेश टिकैत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** भारतीय किसान यूनियन की किसान हुंकार महापंचायत में किसान नेता राकेश टिकैत शामिल हुए। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए केंद्र सरकार पर किसानों को बर्बाद करने का आरोप लगाया। टिकैत ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते से देश में सब्सिडी और बिना टैरिफ के आने वाले सामानों से किसानों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने इसे रोकने के लिए बड़े आंदोलन की आवश्यकता बताई। मोहन भागवत के हिंदुओं को तीन बच्चे करने के बयान पर टिकैत ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि वे जनसंख्या नियंत्रण बिल की मांग करते हैं और लोगों को एक बच्चे की ओर बढ़ना होगा, अन्यथा भविष्य में स्थिति गंभीर होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार को जनसंख्या बढ़ाने में ही फायदा दिख रहा है। टिकैत ने सरकार पर केवल हिंदू-मुस्लिम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आज पड़ोसी देशों से हमारे संबंध खराब हो चुके हैं और किसान व नौजवान सभी परेशान हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार स्कूल खोलने के बजाय शराब की दुकानें खोल रही है। इस महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राम कुमार वर्मा, पयागपुर के पूर्व विधायक व सपा नेता मुकेश श्रीवास्तव, किसान नेता चंद्रशेखर सिंह आजाद और श्रावस्ती के जिलाध्यक्ष अजीत चौधरी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।



### बेंच पर बैठने को लेकर विवाद, युवक की आंख फोड़ी


कैंची से किया युवक पर हमला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले के मटेरा थाना क्षेत्र में एक मामूली विवाद के चलते एक युवक पर हमला किया गया। दो लोगों ने युवक की दाहिनी आंख में कैंची से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यह घटना मंगलवार शाम शंकरपुर चौराहे पर हुई। लीलापारा ग्राम निवासी अमन ने बताया कि उनका रिश्तेदार मोनू शाम को शंकरपुर चौराहा गया था। वहां बेंच पर बैठने को लेकर उसका अजय और प्रवेश नामक दो व्यक्तियों से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर अजय और प्रवेश ने मोनू के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान, उन्होंने मोनू की दाहिनी आंख पर धारदार हथियार (कैंची) से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मोनू को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ित ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी ने बताया कि आपसी कहासुनी में मारपीट की सूचना मिली है और तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से श्रमिक गंभीर घायल, इलाज के दौरान मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले के नानपारा-बहराइच मार्ग पर मंगलवार देर रात एक सड़क हादसे में 35 वर्षीय श्रमिक की मौत हो गई। मजदूरी कर साइकिल से घर लौट रहे श्रमिक को तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान रामगांव थाना क्षेत्र के मदनजोत गांव निवासी विनोद (35) के रूप में हुई है। विनोद मजदूरी का काम करता था। मंगलवार रात वह काम खत्म कर साइकिल से अपने घर लौट रहा था। बहराइच-नानपारा मार्ग पर गंभीरवा बाजार के पास पहुंचते ही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक मौके से फरार हो गया। विनोद के पीछे आ रहे उसके गांव के दो अन्य लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी तत्काल मौके पर पहुंच गई। गंभीर रूप से घायल विनोद को एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।



# अभिनंदन ट्रस्ट के अध्यक्ष ने उबैदुर रहमान को भेंट किया अपाची मोटर साइकिल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** अभिनंदन ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉक्टर विवेकानंद कुमार, एवं अभिनंदन ट्रस्ट के टीम डेवलपमेंट ऑफिसर संजय कुमार के नेतृत्व में जोनल प्रभारी डॉक्टर मसरूर, देवीपाटन मंडल प्रभारी अब्दुल रहमान घोसी, बहराइच जनपद प्रभारी उबैदुर रहमान, गोंडा जनपद प्रभारी शिवकुमार सोनकर, बस्ती जिला प्रभारी महादेव प्रसाद मौर्य, के प्रयास से जनपद गोंडा के शर्मा होटल में अभिनंदन ट्रस्ट के अध्यक्ष ने आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए कहा की अभिनंदन ट्रस्ट बहन बेटियों की शादी में कन्या विवाह उपहार योजना के तहत ट्रस्ट से मोटरसाइकिल खरीदने पर शादी के 122 सामान उपहार स्वरूप देती है। जिसमें वाहन योजना भी है शामिल है तथा अन्य दर्जनों लोको उपयोगी योजनाएं सम्मिलित है। इस अवसर पर अभिनंदन ट्रस्ट के अध्यक्ष जी के द्वारा अभिनंदन ट्रस्ट में अच्छे कार्य करने के उपलक्ष में बहराइच जिला के जिला प्रभारी। उबैदुर रहमान को एक अपाची। मोटर साइकिल भेंट किया गया।



# बोर्ड परीक्षा के लिए स्थापित कंट्रोल रूम का डीएम ने किया निरीक्षण

▸ जनपद के 122 परीक्षा केन्द्रों पर शुरू हुई परीक्षा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. प्रयागराज द्वारा आयोजित आयोजित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा 2026 को नकलविहीन तथा सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने तथा सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में कमाण्ड सेन्टर (परीक्षा कन्ट्रोल रूम) स्थापित किया जा रहा है। जनपद के 122 परीक्षा केन्द्रों पर 18 फरवरी से 12 मार्च 2026 तक सम्पन्न होने वाली बोर्ड परीक्षाओं की सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद व अन्य अधिकारियों के साथ कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए निगरानी के लिए स्थापित की गई टीवी स्क्रीन का निरीक्षण किया तथा तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कन्ट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान डीएम ने बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने रहे छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए निर्भिक होकर परीक्षा में सम्मिलित होने का आहवान किया। डीएम श्री त्रिपाठी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व शासन के निर्देशानुसार जनपद में शुचितापूर्ण वातावरण में नकलविहीन बोर्ड परीक्षा सम्पन्न कराना जिला प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है। डीएम ने बताया कि सभी 122 परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र व्यवस्थापक के साथ-साथ अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, नोडल अधिकारियों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। डीएम ने बताया कि कन्ट्रोल रूम के माध्यम सघन निगरानी रखी जा रही है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अमिता यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



### दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में युवक की मौत

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** नानपारा-लखीमपुर मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नवाबगंज निवासी शाकिर अपनी प्लेटिना बाइक से अपनी ससुराल अंदहवा जा रहा था। नानपारा-लखीमपुर मार्ग पर जगन्नाथपुर के पास सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उसकी टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में शाकिर और दूसरी बाइक पर सवार कल्लन घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने दोनों घायलों को तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए, उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# एसआईआर की समीक्षा के लिए एसडीएम नानपारा ने की बैठक

▸ प्रशिक्षित किये गये एईआरओ व एईआरओ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** तहसील सभागार नानपारा में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं आयोग द्वारा 12 नवनियुक्त अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत तार्किक विसंगतियों की श्रेणी के मतदाताओं को नोटिस जारी करने, जारी की गई नोटिसों को बीएलओ ऐप के माध्यम से अपलोड करने तथा प्राप्त होने वाले फार्मों की जांच कर पोर्टल पर प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में तकनीकी एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मोनालिसा जौहरी द्वारा तहसील सभागार में मौजूद अधिकारियों को पॉवर प्वाइन्ट प्रजेन्टेशन तथा वीडियो क्लिप के माध्यम से एस.आई.आर. की विभिन्न प्रक्रियाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान करने के साथ साथ मतदाताओं द्वारा प्रस्तुत करने वाले अभिलेखों के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण सत्र के उपरान्त श्रीमती जौहरी ने सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वार अब तक की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि आयोग की मंशानुरूप विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम त्रुटि रहित तरीके से सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।



### किसान के घर में दो तेंदुए की चहलकदमी

सीसीटीवी में कैद हुई घटना, ग्रामीणों को दहशत में भागे

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में किसान के घर में दो तेंदुए घूमते दिखें। घर के आंगन में बंधे कुत्ते के भौंकने से घटना का पता चला। परिजनों ने खिड़की खोलकर देखा तो तेंदुए आंगन से गुजरते हुए दिखाई दिए। निशानगाड़ा रेंज अंतर्गत मटेही गांव में सड़क से होते हुए दोनों तेंदुए एक किसान के घर में घुस गए। तेंदुओं की चहलकदमी घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसका सीसीटीवी मंगलवार रात सामने आया। इसके बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। गांव निवासी किसान मलकीत सिंह चीमा ने बताया कि उनके घर के आंगन में दो तेंदुए चहलकदमी कर रहे थे।

# जिलाधिकारी ने किया उप निबंधक कार्यालय का निरीक्षण



▸ पारदर्शिता व अभिलेखों के डिजिटलीकरण पर दिया जोर

**बलरामपुर।** जनपद में राजस्व एवं पंजीकरण कार्यों को पारदर्शी, सुगम एवं जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्री विपिन कुमार जैन द्वारा आज उप निबंधक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं, अभिलेखों एवं राजस्व से संबंधित प्रक्रियाओं का गहन अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय में रखे विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों का परीक्षण किया तथा उनके अद्यतन रखरखाव पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्टाम्प शुल्क एवं ई-फीस से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी पंजीकरण कार्य पूर्ण पारदर्शिता एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप संपन्न कराए जाएं, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने भूमि बैनामा की प्रक्रिया का भी जायजा लेते हुए कहा कि संपत्ति पंजीकरण कार्यों में पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पंजीकरण से जुड़ी प्रत्येक प्रक्रिया में ऑनलाइन सिस्टम का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या शिकायत की स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विशेष रूप से सभी सरकारी भूमि के गाटा संख्या को पोर्टल पर शत-प्रतिशत फीड किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि का डिजिटलीकरण एवं अद्यतन रिकॉर्ड तैयार होने से अवैध कब्जों नहीं हो सकेंगे तथा प्रशासनिक कार्यवाही अधिक प्रभावी होगी। जिलाधिकारी ने उप निबंधक कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य के कार्यों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा कार्यालय में स्वच्छता, अनुशासन एवं पारदर्शिता बनाए रखी जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ई-गवर्नेंस एवं डिजिटल प्रक्रियाओं को बढ़ावा देकर सेवाओं को अधिक सरल एवं भरोसेमंद बनाया जाए। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कांशीराम कॉलोनियों में अवैध निवासियों पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

**बलरामपुर।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित कांशीराम कॉलोनियों में अपात्र एवं अवैध रूप से निवास करने संबंधी शिकायतों का जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा कड़ा संज्ञान लिया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित नगर पालिका एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों की टीम द्वारा सघन जांच एवं स्थलीय सत्यापन कराया गया, जिसके आधार पर प्रशासन द्वारा व्यापक कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। **जांच में सामने आए प्रमुख तथ्य-** नगर पालिका एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा कुल 600 आवासों का भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें 259 आवास तालाबन्द मिले, जिनमें आवंटी स्वयं निवास नहीं कर रहे थे।

# छुट्टा जानवरों से किसान बेहाल, फसलें हो रहीं बर्बाद

**समृद्धि न्यूज, सादुल्लानगर/बलरामपुर।** क्षेत्र के पिपरा ग्रंट, सादुल्लानगर चौधरी, जमुनीपुर, लौकिया, भैसाही, मद्दो सहित दर्जनों आसपास के गांवों में छुट्टा जानवर किसानों के लिए गंभीर समस्या बनते जा रहे हैं। खेतों में घुसकर जानवर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। किसानों राम अवध, किशोर, विजय, अजय, विनोद सहित अन्य ने बताया कि रात के समय झुंड के झुंड खेतों में घुस आते हैं। गेहूं, सरसों व सब्जियों की फसलें चरकर नष्ट कर दी जा रही हैं। खेतों की रखवाली में किसान रात-रात भर जागने को मजबूर हैं, फिर भी छुट्टा जानवरों से फसल बचा पाना मुश्किल हो रहा है। किसानों का कहना है कि कई बार इस समस्या को लेकर संबंधित विभाग और ग्राम स्तर पर शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। न तो गो-आश्रय स्थलों की व्यवस्था पर्याप्त है और न ही जानवरों को पकड़ने की कोई नियमित पहल हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि छुट्टा जानवरों की समस्या के स्थायी समाधान के लिए तत्काल प्रभाव से गो-आश्रय स्थलों को सक्रिय किया जाए और फसलों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि किसानों को राहत मिल सके।





# सरकार किसानों को दे रही है मुफ्त बिजली : एके शर्मा

- विधानसभा में गूंजा किसानों को मुफ्त बिजली का मुद्दा
- मंत्री और सदस्यों में हुई नोकझोंक

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



यूपी विधानसभा सत्र के दौरान सपा नेता व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के बीच किसानों को मुफ्त बिजली देने पर तकरार हो गई। आरोप लगे हैं कि किसानों बिजली मुफ्त देने की बात असत्य है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि 2017 से पहले किसानों को 10 लाख बिजली कनेक्शन दिए गए थे। हमने सिर्फ नौ वर्षों में आठ लाख से ज्यादा बिजली कनेक्शन दिए और किसानों को मुफ्त बिजली दी जा रही है। मुफ्त बिजली देने का काम सपा सरकार में नहीं योगी सरकार में हुआ है। मंत्री ने कहा कि किसानों के लिए सिंचाई की बिजली मुफ्त है।

15,64,219 नलकूप हैं और 10 लाख से किसानों ज्यादा ने पंजीकरण करवाया है। जिन्होंने पंजीकरण नहीं करवाया है उनसे भी बिजली नहीं वसूली जा रही है। किसानों को मुफ्त बिजली दी जा रही है। शिवपाल की नाराजगी पर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि अब सत्य कहूंगा और सत्य के अलावा कुछ नहीं कहूंगा। 2017 में यूपी में 1 करोड़ 80 लाख उपभोक्ता थे और आज 3 करोड़ 72 लाख उपभोक्ता हैं। भारत सरकार ने विद्युत वितरण कंपनियों का सर्वे किया तो सभी कंपनियों के काम में सुधार हुआ है। ट्रांसफॉर्मर जलने की तीव्रता कम हो गई है। इसपर काम जारी है।सपा के डॉ आरके वर्मा ने शायरी के साथ शुरुआत की। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन जलने वाला बिजली का ट्रांसफॉर्मर पूछ रहा भाजपा की सरकार से कि मैं कैसे जला? ओवरलोड से जला हूं या घटिया सामग्री से जला हूं या कमिशन की आग से जला हूं? यूपी की जनता कह रही है मंत्री जी के भाषण में करंट 1000 वोल्ट का और जनता के घर पहुंचे अंधेरा कोल्ड स्टोर का।

उन्होंने सवाल किया कि बस्तियों में लगे ओवरलोड ट्रांसफॉर्मर और जर्जर विद्युत तार कब ठीक होंगे। इसके बाद एक बार फिर डॉ रागिनी ने सवाल उठाया कि 48 लाख विधवा महिलाओं को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देंगे या नहीं? इस पर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि समाज के सभी लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाएं हैं। ऊर्जा मंत्री के जवाब पर सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने नाराजगी जताई और कहा कि वो असत्य बोलते हैं। वो कह रहे हैं कि सपा सरकार में कुछ काम नहीं हुआ है। वो अधिक बोल रहे हैं। हमने कोई पाप नहीं किया है। इस पर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सपा को साफहोने से कोई नहीं बचा सकता। बचना चाहते हो तो इधर आ जाएं। दिव्यांगजन, वृद्ध और बीपीएल हमारे लिए संवेदनशील विषय है। सरकार इन वर्ग के लोगों को स्वास्थ्य, बिजली और कल्याणकारी योजनाएं उपलब्ध करवा रही है। ऐसे लोगों की संख्या राज्य में करीब 3 करोड़ 72 लाख है जिन्हें कम दाम पर मुफ्त बिजली दी जा रही है। ऊर्जा मंत्री के जवाब पर सपा नेता शिवपाल सिंह ने नाराजगी जताई और कहा कि मंत्री असत्य बोलते हैं कि 2017 के पहले कुछ काम ही नहीं हुआ है।

सपा नेता डॉ. रागिनी सोनकर ने ऊर्जा मंत्री से सवाल किया कि क्या सरकार 300 यूनिट फ्री बिजली दिव्यांगजन, वृद्ध, विधवा महिलाओं और बीपीएल को देगी? डॉ रागिनी ने कहा कि सदन में मंत्री का चेहरा अलग है और क्षेत्र में अलग। अधिकारियों को डराते हैं। सदन में अधिकारियों की नाकामी क्यों नहीं गिनवाते हैं। एके शर्मा ने कहा कि अगर कोई भी क्षेत्र विद्युतिकरण से पिछड़ा है तो उसकी जानकारी दी जाए जिससे वहां भी बिजली आपूर्ति करवाई जाए। जगदीश नारायण ने सवाल उठाया कि बिजली की आपूर्ति ठीक से नहीं हो पा रही है इसको निपटाने के लिए क्षेत्रों को चिन्हित करने का कार्य कैसे करते हैं? इस पर मंत्री ने जवाब दिया कि जनता की मांग और खपत के अनुसार चिन्हित किया जाता है। साथ ही भविष्य की मांग के अनुसार इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार होता है।

### खादी आश्रम की जमीन अब वापस लेगी सरकार : खन्ना

वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि खादी आश्रम की जमीन को सपा सरकार में कुछ लोगों को समझौते के तहत दिया गया था जिसे अब सरकार ने अपने पक्ष में अधिग्रहीत करने का मन बनाया है। मामले में लीगल ओपीनियन ली जा रही है जिन लोगों को जमीन दी गई। मामले में लीगल ओपीनियन ली जा रही है जिन लोगों को जमीन दी गई थी उन्होंने कॉलेज बनाने की बात की थी पर नहीं बनाया। अब सरकार अपने पक्ष में जमीन अधिग्रहीत करने के लिए काम कर रही है। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने मेरठ में गांधी आश्रम है और उसकी मात्र संस्था है जिसके पास प्रॉपर्टी है। जमीन पर कई लोग अतिक्रमण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जमीन पर लगातार कब्जे की कोशिश की जा रही है। जिसके विरोध में लोग कई साल से धरने पर बैठे हैं। इस मामले में जांच के बाद कार्रवाई नहीं हुई। जमीन हमारे पूर्वजों के खून-पसीने की है। इस पर चर्चा की जाए जिससे कि वस्तुस्थिति सामने आ सके। अतुल प्रधान ने भी कहा कि मामले में कई एफआईआर और जांच हुई लेकिन भूमाफियाओं ने कब्जा कर रखा है।

### विधानसभा में उछला शिक्षामित्रों का मामला, विपक्षी सदस्यों ने मानदेय बढ़ाने पर दिया जोर

यूपी विधानसभा के सत्र के दौरान आज शिक्षामित्रों के मानदेय में बढ़ोतरी का मुद्दा उठाया गया। अल्प मानदेय में उनके सामने परिवार पालन का संकट है।शिक्षकों के समान कार्य करने के बावजूद सिर्फ10 हजार पर निर्भर है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने इस पर जवाब दिया कि बेसिक शिक्षा विभाग के लिए शिक्षामित्रों की सेवाएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। शिक्षामित्रों की ग्राम पंचायतों में तैनाती को लेकर कहा कि अभी प्रदेश में एसआईआर का काम चल रहा है जिसमें शिक्षामित्र अपना दायित्व निभा रहे हैं। एसआईआर का काम पूरा होते ही उनकी ग्राम पंचायतों में तैनाती हो जाएगी। इस संबंध में हमारी सरकार ने आदेश जारी कर दिया है। शिक्षामित्रों, शिक्षकों और अनुदेशकों को पांच लाख तक के कैशलेस इलाज की मांग को भी सरकार ने मंजूर कर लिया है। शिक्षामित्रों के मानदेय बढ़ाने को लेकर बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि जब सपा की सरकार थी तो 2012 से 17 तक शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाने का कोई निर्णय नहीं लिया गया। जब हमारी सरकारी आई तो उनका मानदेय 3500 रुपये था जिसे बढ़ाकर 10 हजार रुपये कर दिया गया। शिक्षामित्रों के प्रति हमारी सरकार संवेदनशील हैं। सरकार आगे शिक्षामित्रों के हित में निर्णय लेगी।शिक्षामित्रों की नियुक्ति को लेकर सवाल भी उठे। सपा के ओम प्रकाश ने सवाल उठाया कि शिक्षामित्रों के लिए कमेटी बनी वो कमेटी कब कार्रवाई करेगी। उन्होंने पूछा कि शिक्षामित्रों के मानदेय, कैशलेस चिकित्सा सुविधा और ग्राम पंचायत में तैनाती के संबंध में क्या काम किया जा रहा है।

### विधायकों का फोन न उठाने वाले अफसरों पर होगी कार्रवाई : महाना



विधानसभा में कल मुद्दा उठा था कि अफसर विधायकों के फोन नहीं उठाते। इसपर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने आज कहा कि नेताओं का फोन न उठाने पर कार्रवाई होगी। ऐसे अफसरों पर कार्रवाई हो। विधानसभा में सतीश महाना ने कहा कि फोन न उठाने या जवाब न देने पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# विधानसभा में तकनीक और परंपरा का संगम

### डिप्टी सीएम ने डिजिटल गैलरी व पोर्टल का किया अवलोकन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात में विधानसभा की कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी व आधुनिक बनाने के लिए किए जा रहे नवाचारों पर चर्चा हुई। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उपमुख्यमंत्री को विधानसभा के नवीन डिजिटल पोर्टल की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्री मौर्य ने स्वयं पोर्टल पर अपना पंजीकरण किया और तकनीकी सुविधाओं की सराहना की। उन्होंने विधानसभा परिसर में स्थापित डिजिटल फोटो गैलरी का भी अवलोकन किया, जिसमें सदन के ऐतिहासिक पलों और कार्यक्रमों को संजोया गया है। दोनों नेताओं के बीच विधानसभा के सुचारू संचालन को लेकर चर्चा हुई। महाना ने सदन में स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं को बनाए रखने और चर्चाओं के स्तर को ऊंचा उठाने के प्रयासों से अवगत कराया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना न केवल जनप्रतिनिधियों के लिए सहायक है बल्कि यह जनता के प्रति हमारी जवाबदेही को भी बढ़ाता है।



### रामकृष्ण परमहंस भारतीय संस्कृति व आध्यात्मिकता के अनमोल प्रतीक थे : केशव

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज सरकारी आवास पर महान संत और आध्यात्मिक गुरु रामकृष्ण परमहंस की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके विचार और शिक्षाएं आज भी मानवता को सत्य, शांति और सेवा का मार्ग दिखाती हैं। स्वामी विवेकानंद जैसे महान विभूति के गुरु, पूज्य रामकृष्ण परमहंस का जीवन सादगी और भक्ति की पराकाष्ठा है। नर सेवा ही नारायण सेवा है' का उनका संदेश हमें समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा करने की प्रेरणा देता है।श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे महापुरुषों के दिखाए गए मार्ग पर चलकर राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दें।

## खबरें एक नजर में

### अभ्यर्थियों ने आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट भर्ती को लेकर मंत्री आवास घेरा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़। वर्ष 2024 की आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट भर्ती में हो रही देरी को लेकर बुधवार को बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने लखनऊ स्थित मंत्री डॉ. दया शंकर मिश्र 'दयालु' के आवास का घेराव किया। अभ्यर्थियों ने शीघ्र सुनवाई और भर्ती प्रक्रिया के निस्तारण की मांग को लेकर नारेबाजी की। सरकार से ठोस पहल करने की अपील की। अभ्यर्थियों का कहना है कि भर्ती प्रक्रिया कोर्ट केस के कारण अटकी हुई है और अब तक 51 तारीखें लग चुकी हैं। लगातार बढ़ती तारीखों से अभ्यर्थियों में भारी नाराजगी है। उनका आरोप है कि सरकारी पक्ष की ओर से प्रभावी पैरवी न होने के कारण मामला लंबित चल रहा है, जिससे नियुक्ति प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि लंबे समय से तैयारी कर रहे युवाओं का भविष्य अधर में लटक गया है। कई अभ्यर्थियों की आयु सीमा भी प्रभावित हो रही है, जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई है। अभ्यर्थियों के मुताबिक, प्रदेश में आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट के लगभग 60 प्रतिशत पद खाली हैं। सरकार की ओर से 1002 पदों पर भर्ती निकाली गई थी, जबकि कुल स्वीकृत पद करीब 2100 हैं। इनमें से लगभग 1200 पद अब भी रिक्त पड़े हैं। उनका कहना है कि इतने बड़े पैमाने पर पद खाली होने से आयुष और स्वास्थ्य सेवाओं पर सीधा असर पड़ रहा है। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में दवाओं के वितरण और फार्मेसी संचालन की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने मांग की कि कोर्ट में बेंच-वाइज निर्णय कराकर प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि यदि आवश्यक हो तो सरकार उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) के माध्यम से लिखित परीक्षा आयोजित कर भर्ती प्रक्रिया पूरी कराए। अभ्यर्थियों का कहना है कि सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं को ध्यान में रखते हुए इस मामले में प्राथमिकता से हस्तक्षेप करना चाहिए, ताकि लंबित भर्ती प्रक्रिया शीघ्र पूरी हो सके और प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती मिल सके।

### लखनऊ यूनिवर्सिटी में लगे भागवत गो बैक के नारे

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़। लखनऊ विश्वविद्यालय में बुधवार सुबह आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के पहुंचते ही हंगामा शुरू हो गया। एनएसयूआई, समाजवादी छात्र सभा और भीम आर्मी से जुड़े छात्र 'गो बैक मोहन भागवत' के नारे लगाने लगे। पुलिस ने जब छात्रों को रोकने की कोशिश की, तो नोकझोंक और खींचतान शुरू हो गई। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों को ठूंस-ठूंसकर जीप और बसों में भरा। कई छात्र लेट गए, तो उन्हें टांगकर ले जाया गया। सभी छात्रों को इको गार्डन भेजा गया। इसके बाद मोहन भागवत का कार्यक्रम शुरू हुआ। संघ से जुड़े लोगों को विश्वविद्यालय में कार्यक्रम करने की अनुमति दी जा रही है, जबकि विपक्षी छात्र संगठनों को हॉल तक नहीं मिलते। यूजीसी विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने स्टे दिया है। इसके बावजूद आरएसएस प्रमुख की ओर से कोई बयान नहीं आया है। भागवत दो दिवसीय लखनऊ प्रवास पर हैं। आज लखनऊ यूनिवर्सिटी में संघीही कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कार्यक्रम में भाग लेंगे। छात्र अहमद ने कहा मोहन भागवत जैसे व्यक्ति को देशभर के विश्वविद्यालयों में प्रतिबंधित किया जाना चाहिए, लेकिन यहां उन्हें सम्मान दिया जा रहा है। गौरी जायसवाल ने कहा हमें अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। पुलिस छात्रों को रोककर रखे हुए है। हम चाहते हैं कि हमें अंदर जाने दिया जाए। हमसे कहा जा रहा है कि बाद में आइएगा। छात्रों के प्रदर्शन से पहले ही पुलिस अलर्ट मोड में आ गई थी। प्रदर्शन में शामिल होने की आशंका पर पुलिस सुबह 5 बजे ही समाजवादी छात्र सभा के सदस्य तौकील गाजी के हॉस्टल के रूम पर पहुंच गई। उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया। समाजवादी छात्र सभा के कई अन्य सदस्यों को हिरासत में ले लिया। उन्हें हसनगंज थाना ले गई।

### गृहकर बकाया पर बिजली उपकेंद्र और यूपी एग्रो का खाता सीज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़। नगर निगम द्वारा गृहकर बकाया की वसूली को लेकर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जोन-2 के जोनल अधिकारी श्री संजय यादव ने यूपी एग्रो इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, लखनऊ का बैंक खाता सीज करा दिया है। वहीं जोन-7 में कर अधीक्षक श्री अजीत राय ने बकाया कर न जमा करने पर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के देवा रोड, चिनहट स्थित उपकेंद्र को सील कर दिया है। जोन 2 अम्बेडकर नगर वार्ड स्थित यूपी एग्रो इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड पर 31 मार्च 2020 तक गृहकर मद में 94,04,294 रुपये की धनराशि बकाया है। निगम द्वारा समय-समय पर बिल और नोटिस ऑफडिमांड जारी किए गए थे। संबंधित अधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर भुगतान कराने का प्रयास भी किया, लेकिन अब तक बकाया राशि जमा नहीं की गई। उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 509 से 516 तक के अंतर्गत बकाया कर की वसूली के लिए चल संपत्ति को कुर्क या सीज करने का प्रावधान है। अपर नगर आयुक्त के आदेशों के अनुपालन में जोनल अधिकारी श्री संजय यादव ने अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए संस्था का बैंक खाता कुर्क,सीज करने का आदेश जारी किया। निर्देश दिया गया है कि जब तक 94,04,294 रुपये नगर निगम निधि लखनऊ के खाते में जमा कर अदेयता प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता, तब तक खाते से कोई धनराशि जारी नहीं की जाएगी।इसी तरह जोन-7 में भी बड़ी कार्रवाई की गई है। कर अधीक्षक अजीत राय ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के देवा रोड, चिनहट स्थित उपकेंद्र पर 1,98,85,360 रुपये गृहकर बकाया पाए जाने पर उसे सील कर दिया। निगम अधिकारियों के अनुसार, संबंधित विभाग को कई बार नोटिस भेजे गए थे, लेकिन भुगतान न होने पर यह कदम उठाया गया।

### राज्य संग्रहालय में कला अभिरुचि पाठ्यक्रम का शुभारम्भ

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़। उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा राज्य संग्रहालय में 18 से 28 फरवरी तक कला अभिरुचि पाठ्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसका शुभारम्भ आज राज्य संग्रहालय में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कुलपति भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय प्रो.मांडवी सिंह रहीं। प्रो. माण्डवी सिंह ने कहा कि कला अभिरुचि जैसे आयोजनों के माध्यम से समाज में कला और संस्कृति की भावना जीवन्त होती है। उन्होंने इस अद्भुत कार्यशाला के आयोजन को जन सामान्य से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बताया।

# अटारी के सीड पार्क की स्थापना के लिए 51.33 करोड़ मंजूर

- सीड पार्क से किसानों को प्राप्त होंगे उच्च गुणवत्ता वाले बीज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के कृषि क्षेत्र में व्यापक सुधार लाने और कृषि क्षेत्र की उत्पादकता तथा उत्पादन में वृद्धि करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण परियोजनाओं हेतु कुल 65.15 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

लखनऊ स्थित राजकीय कृषि प्रक्षेत्र अटारी में भारत रत्न चौधरी चरण सिंह सीड पार्क की स्थापना के लिए 51 करोड़ 33 लाख 75 हजार रुपये की धनराशि जारी की गई है। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि इस सीड पार्क के माध्यम से किसानों को उन्नत किस्म के बीज सुलभ होंगे, जिससे उनकी आय और फसल उत्पादन में सकारात्मक बदलाव आएगा। सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के मानक मदों में राज्यांश सम्मिलित करते हुए कुल 9 करोड़ 5 लाख 62 हजार 500 रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल के लिए 4 करोड़ 68 लाख 5 हजार 550 रुपये की धनराशि आवंटित की गई है, जिससे प्रदेश में खाद्य तेलों के उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा।

आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या के अंतर्गत आजमगढ़ कैंपस में महिला छात्रावास के अवशेष निर्माण कार्यों हेतु 7.66 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सरकार द्वारा जारी इन निवेशों से उत्तर प्रदेश के कृषि परिदृश्य में संरचनात्मक सुधार होंगे और तकनीकी प्रसार को मजबूती मिलेगी।

# यूपी बनेगा ईको टूरिज्म हब : जयवीर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



- 10 ईको टूरिज्म स्थलों के संचालन के लिए मांगे गए प्रस्ताव

उत्तर प्रदेश के हरित पर्यटन को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड ने राज्य के 10 प्रमुख ईको टूरिज्म स्थलों के संचालन और देखरेख के लिए इच्छुक संस्थाओं, कंपनियों एवं अनुभवी एजेंसियों से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं।

बोर्ड के इस कदम से न केवल प्राकृतिक पर्यटन स्थलों के पेशेवर प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि दीर्घकालिक निवेश, गुणवत्ता सुधार और पर्यावरण संरक्षण के समन्वित मॉडल को सुदृढ़ आधार प्राप्त होगा।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि चयनित एजेंसियों को ईको-टूरिज्म परियोजनाओं का संचालन प्रारंभिक रूप से 15 वर्षों के लिए सौंपा जाएगा। संतोषजनक प्रदर्शन की स्थिति में यह अवधि आगे भी बढ़ाई जा सकेगी। यह निर्णय प्रदेश में जिम्मेदार और पर्यावरण-संवेदनशील पर्यटन विकास के लिए एक सुदृढ़ एवं संस्थागत ढांचा तैयार करेगा, जिससे स्थानीय समुदायों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित संरक्षण होगा। उत्तर प्रदेश इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड ने राज्य में ईको टूरिज्म को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अयोध्या की उधेला झील, ललितपुर के बदरौन स्थित करकरावल जलप्रपात, बाराबंकी की बघर झील, बलिया के मैरीटार गांव, सीतापुर की अज्जेपुर झील, महाराजगंज के देवदह स्थल, कुशीनगर की रामपुर सोहरौना झील, चित्रकूट के रामनगर, जालौन के पचनदा तथा बांदा की तहसील नरैनी में कालिंजर किले के समीप पर्यटन सुविधा केंद्र सहित 10 स्थलों पर विकसित ईको टूरिज्म परियोजनाओं के संचालन एवं देखरेख के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। परियोजनाएं पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप पीपीपी मोड पर विकसित होंगी। इच्छुक आवेदकों को निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं पात्रता मानदंडों के अनुरूप अपने प्रस्ताव निर्धारित समयावधि के भीतर प्रस्तुत करने होंगे। उत्तर प्रदेश प्राकृतिक संपदा, जैव-विविधता और सांस्कृतिक धरोहर की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। ईको टूरिज्म के क्षेत्र में हमारे पास अपार संभावनाएं हैं, उन्हें व्यवस्थित और पेशेवर प्रबंधन के माध्यम से वैश्विक स्तर तक पहुंचाने का प्रयास है। उत्तर प्रदेश इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा 10 प्रमुख स्थलों के संचालन हेतु प्रस्ताव आमंत्रित करना इसी दूरदर्शी सोच का परिणाम है।

### प्लास्टिक व गंदगी फैलाने वालों से वसूला 29,500 रुपये जुर्माना

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर बुधवार को नगर निगम की टीम ने शहर के विभिन्न जोनों में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस कार्रवाई का उद्देश्य शहर को स्वच्छ बनाए रखना और प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाना था।जोन-03 के अंतर्गत जोनल सेनेटरी ऑफिसर मनोज यादव के निर्देश पर सेक्टर-ङ अलीगंज से ताड़ीखाना मार्केट तक विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पॉलीथीन के उपयोग पर रोक, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई तथा बिना लाइसेंस तंबाकू उत्पाद बेचने वालों को लाइसेंस बनवाने के लिए जागरूक किया गया। कार्रवाई के दौरान गंदगी फैलाने वाले लोगों के खिलाफ08 चालान काटे गए, जिनके माध्यम से 4,500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं प्रतिबंधित पॉलीथीन पाए जाने पर 06 चालान किए गए और 4,000 रुपये की वसूली की गई। इसके अलावा बाजार क्षेत्र में बिना लाइसेंस तंबाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदारों को लाइसेंस बनवाने के लिए प्रेरित किया गया तथा 04 दुकानों के विरुद्ध 1,000 रुपये का स्पॉट फाइन लगाया गया। जोन 3 की टीम द्वारा कुल 18 चालानों के माध्यम से 29,500 रुपये की धनराशि वसूल कर नगर निगम कोष में जमा कराई गई।

# अग्निवीर भर्ती में दौड़ते-दौड़ते तीन लड़कियां बेहोश

- लॉन्ग जंप में एक लड़की के पैर में मोच

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



महिला अग्निवीर भर्ती रैली में दौड़ते-दौड़ते 3 अभ्यर्थी गिरकर बेहोश हो गई। लॉन्ग जंप के दौरान एक अन्य अभ्यर्थी के पैर में मोच आ गई। सभी को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया।

अभ्यर्थियों को 8 मिनट में 1600 मीटर की दौड़ पूरी करनी थी। 8 मिनट से कम समय में दौड़ पूरी करने पर ग्रेड-वन और 8 मिनट में पूरी करने पर ग्रेड-टू दिया गया। दौड़ में सफल अभ्यर्थी 3 फीट हाई जंप और 10 फीट लॉन्ग जंप के लिए क्वालिफाई किया। हाई जंप और लॉन्ग जंप में अभ्यर्थियों को 3-3 चांस दिए गए। भर्ती रैली लखनऊ छावनी स्थित एएमसी सेंटर एंड कॉलेज के एएमसी स्टेडियम में हुई। इसमें उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की करीब 1000 अभ्यर्थी हिस्सा लिया। इस रैली में वही अभ्यर्थी शामिल हुईं, जिन्होंने जुलाई 2025 में ऑनलाइन सीईई परीक्षा पास की थी। उन्हें पहले ही ईमेल के जरिए एडमिट कार्ड भेजे गए थे।

पहले स्टॉपवॉच के थ्रू टाइमिंग नोट की जाती थी लेकिन अब कमरे में लगे हुए डिजिटल क्लॉक के थ्रू होता है। पहले हाथ में आईडी कार्ड लेकर बच्चे दौड़ते थे लेकिन अब उनके हाथ में रिस्ट बैंड लगाया जा रहा है, जिससे उनका यूनिक नंबर रहता है। अभ्यर्थियों को आर्मी द्वारा शर्ट दी जा रही है जिस पर यूनिक नंबर लिखा रहता है। पूरे कैंपस में 50 से 60 इंटीग्रेटेड कैमरे लगाए गए हैं।

# अखिलेश ने सपा के लिए बनाया नया डेटा सिस्टम

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



सपा ने 2027 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच संगठन को जमीन से जोड़ने के लिए नई व्यवस्था लागू की है। सूत्रों के मुताबिक अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ऐसा सिस्टम विकसित कराया है, जिससे पता लग कि कौन-कौन से कार्यकर्ता और नेता क्षेत्र में सक्रिय हैं और कौन अधिक समय लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय के चक्कर लगा रहे हैं।

जो भी कार्यकर्ता या नेता पार्टी कार्यालय में अखिलेश यादव या अन्य वरिष्ठ नेताओं से मिलने आता है, उसकी फोटो ली जाती है और संपर्क नंबर दर्ज किया जाता है। इन तस्वीरों और मोबाइल नंबरों का एक डाटाबेस तैयार किया जा रहा है। इससे यह ट्रैक किया जाएगा कि कोई व्यक्ति महीने में कितनी बार मुख्यालय पहुंच रहा है। जैसे-जैसे 2027 का चुनाव नजदीक आ रहा है, टिकट के दावेदारों और संगठन में जगह चाहने वालों की संख्या बढ़ रही है। नई व्यवस्था का मकसद है कि केवल राजधानी में सक्रिय रहने वालों के बजाय अपने क्षेत्र में काम करने वाले कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता मिले। पार्टी नेतृत्व इस डाटा के जरिए यह आकलन करना चाहता है कि कौन नेता जनता के बीच काम कर रहा है और कौन सिर्फ सिफारिश या दबाव की राजनीति में लगा है। भविष्य में टिकट बांटने और संगठनात्मक जिम्मेदारियों के तय करने में इस डाटा को अहम आधार बनाया जा सकता है। यह कदम संगठनात्मक अनुशासन और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में है। पार्टी संदेश देना चाहती है कि 2027 की तैयारी सिर्फ बैठकों से नहीं बल्कि बूथ और क्षेत्र स्तर पर सक्रियता से होगी। सपा की नई प्रणाली 2027 के चुनाव से पहले संगठन को सक्रिय और रिजल्ट देने की रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है।

# फिल्म 'श्याम शरण में आजा रे' की शूटिंग लखनऊ में

- 30 दिनों तक होगी शूटिंग

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



खरी कसौटी प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनने जा रही बहुप्रतीक्षित फिल्म 'श्याम शरण में आजा रे' का शुभ मुहूर्त का आयोजन विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। शुभ मुहूर्त की बेला पर फिल्म यूनिट, स्थानीय जनप्रतिनिधि और कला जगत से जुड़े प्रमुख लोग मौजूद रहे।

इस दौरान फिल्म के निर्माता के. सी. विश्नोई ने कहा कि 'श्याम शरण में आजा रे' केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि आस्था, संस्कार और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी एक भावनात्मक यात्रा है। इस फिल्म के माध्यम से हम दर्शकों तक सकारात्मक सोच, विश्वास और जीवन के मूल मूल्यों को पहुँचाना चाहते हैं। लखनऊ जैसी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक नगरी में शूटिंग करना हमारे लिए गर्व की बात है। यहाँ का वातावरण और लोगों का सहयोग फिल्म को एक अलग पहचान देगा।

उन्होंने आगे कहा कि यह फिल्म मनोरंजन के साथ-साथ समाज को सकारात्मक दिशा देने का प्रयास करेगी और हर वर्ग के दर्शकों से जुड़ने में सफल होगी।

इस अवसर पर सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के प्रतिनिधि खरिका वार्ड पार्षद के.एन. सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने फिल्म की पूरी टीम को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि लखनऊ में इस तरह के फिल्म प्रोजेक्ट्स से स्थानीय कलाकारों और तकनीकी विशेषज्ञों को नए अवसर मिलते हैं और शहर की सांस्कृतिक पहचान को भी बढ़ावा मिलता है।

फिल्म की सह-निर्माता सरोज त्रिवेदी, लेखक व निर्देशक संदीप सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। निर्देशक संदीप सिंह ने बताया कि फिल्म की कहानी सामाजिक और आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित है, जो दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ने के साथ एक सकारात्मक संदेश भी देगी। उन्होंने कहा कि लखनऊ के ऐतिहासिक और सुंदर लोकेशन फिल्म को एक अलग ही दृश्यात्मक आकर्षण प्रदान करेंगे।

फिल्म के मुख्य कलाकारों में हीरो बबलू चक्रवर्ती और हीरोइन संजना मिश्रा शामिल हैं। इसके अलावा मुंबई से आए कलाकार शिव मिश्रा सहित फिल्म से जुड़े अन्य कलाकारों और तकनीकी टीम ने भी मुहूर्त समारोह में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

फिल्म यूनिट के अनुसार 'श्याम शरण में आजा रे' की शूटिंग बुधवार से अगले 30 दिनों तक लखनऊ के विभिन्न प्रमुख लोकेशंस पर की जाएगी। फिल्म को लेकर कलाकारों और टीम में खासा उत्साह देखने को मिला।

# कर्मचारियों को नहीं हुआ भुगतान, हेल्थ एटीएम लगभग दो माह से ठप

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

जवाहर भवन-इन्दिरा भवन कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय तथा कार्यकारी महामंत्री सुशील कुमार ''बच्चा'' ने संयुक्त बयान देते हुए बताया कि 9 माह पूर्व जवाहर भवन-इन्दिरा भवन परिसर में हेल्थ एटीएम स्मार्ट सिटी के द्वारा खोला गया था और जिससे सैकड़ों अधिकारी-कर्मचारी अपनी-अपनी जाँच कराते थे और डॉक्टर से परामर्श भी लेते थे, परन्तु हेल्थ एटीएम लगभग 2 माह से ठप पड़ा हुआ है, जिससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश हो गया है।

दूसरी ओर स्मार्ट सिटी में लगे कर्मचारियों को 05 माह से वेतन भी नहीं मिल पाया है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। श्री पाण्डेय तथा श्री बच्चा ने मण्डलायुक्त तथा नगर आयुक्त को पत्र भेजा है कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों की परेशानी को देखते हुए हेल्थ एटीएम को चालू कराया जाये साथ ही हेल्थ एटीएम में तैनात कर्मचारियों को वेतन भी दिया जाये।

सबसे चौकाने वाली बॉत यह कि यह हेल्थ एटीएम ऐसी जगह खुला है जहाँ पर एक दो नहीं बल्कि पचास से अधिक सरकारी विभाग है। यहाँ आईएएस से लेकर क्लास वन के सैकड़ों और क्लास टू के हजारों तो तृतीय श्रेणी के कई हजार कर्मचारी काम करते है।

ऐसे में इस बॉत का अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब इतने संवेदनशील जगह पर स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति इतनी लापरवाही है तो अन्य क्षेत्रों का क्या हाल होगा।

## खबरें एक नजर में

### सुखबीर का भोला बोल बम भजन की एल्बम ने मचाया धमाल



**पुवायां, शाहजहांपुर।** पुवायां के लाल ने कंपनी में काम करने के बाद उन्होंने टीवी के कई चैनलों पर कवि सम्मेलन में कविता पाठ किया। उसके बाद उन्होंने महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान शिव के भजन की एल्बम बनाई जो धमाल मचा रहा है यह भजन मिलियन में पहुँच गया है। पुवायां का लाल सुखबीर सिंह उर्फ सुखी को बचपन से ही कविता पाठ करने का शौक था। छोटे से परिवार में जन्म लेने के कारण घर की जिम्मेदारियों ने उन्हें घेर रखा था। जिसके बाद उन्होंने मध्यप्रदेश में एक कम्पनी में नौकरी कर ली साथ ही अपनी कविता पाठ करते रहे। धीरे धीरे सुखवीर सिंह उर्फ सुखी की कविताएं टीवी चैनलों जैसे डीडी भोपाल, डीडी उर्दू, डीडी नेशनल, पंजाबी चड़की कला आदि चैनलों पर अपनी छाप छोड़ी। जिसके बाद उन्होंने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान शिव के भजन भोला बम पर एक भजन की एल्बम बनाई जिसमें उनके भतीजे जसजीत सिंह ने उनके भजनों में नया म्यूजिक दिया वह भजन मेरे देश मे पूरी तरह फैल गया और इस भजन पर करोड़ों लोगों ने शुभकामनाएं दी। सुखप्रीत सिंह उर्फ सुखी ने बताया कि कावड़ यात्रा के दौरान भगवान शिव के भजनों की एक नई एल्बम तैयार करेंगे और हमें विश्वास है कि ये एल्बम पर इससे ज्यादा लोगों का प्यार मिलेगा।

### 112 पुलिस से युवक ने की अभद्रता

**तिलहर-शाहजहांपुर।** कार के पीछे से टक्कर मारने की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस से एक युवक ने गाली गलौज करते हुए अभद्रता की। घटना की जानकारी पर भारी पुलिस बल पहुंचा तब तक युवक मौके से फरार हो गया। मंगलवार देर रात शाहजहांपुर से बरेली की ओर एक कार जा रही थी। हाईवे पर पावर हाउस के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। जिस पर कार चालक ने 112 डायल पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस कर्मी जांच कर ही रहा था कि एक युवक ने जमकर बवाल काटा और पुलिसकर्मी को गाली देते हुए धक्का मुक्की करने लगा। पुलिस कर्मी की सूचना पर कोतवाली से भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया लेकिन इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर युवक फरार हो गया। युवक की अभद्रता एक कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। जांच में उक्त युवक शाहजहांपुर का होना बताया गया है। कोतवाल जुगल किशोर पाल ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जाएगी।

### किसान दिवस बैठक आज

**शाहजहांपुर।** शासनादेश के अनुसार प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक का आयोजन किया जाता है। उक्त बैठक में कृषि क्षेत्र से जुड़े सभी विभाग के अधिकारियों में सिंचाई, ऊर्जा एवं कृषि उत्पादन शाखा के साथ अतिरिक्त कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, लीड बैंक मैनेजर तथा इन्श्योरेंस कम्पनी के प्रतिनिधि द्वारा भाग लिया जाता है।माह फरवरी में किसान दिवस बैठक का आयोजन जोकि कृषि विज्ञान केन्द्र नियामतपुर में प्रस्तावित था, जिसे डीएम के अनुमोदनोपरान्त अब बिस्मिल नवीन कलैक्ट्रेट सभागार में आज गुरुवार 12 बजे से किया जाएगा। जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर ने कृषक प्रतिनिधियों, प्रगतिशील कृषकों व जनपद स्तरीय अधिकारियों से अनुरोध किया है कि उपरोक्त बैठक में निर्धारित तिथि को ससमय भाग लें।

### मोहल्ले में मीट की दुकान के खिलाफ हुआ हंगामा

**तिलहर-शाहजहांपुर।** स्कूल के सामने मीट की दुकान संचालित होने पर सभासद सहित मोहल्ले के तमाम लोगों ने नाराजगी जताई। उन्होंने जमकर हंगामा काटा और अधिकारियों से शिकायत की। बुधवार को सभासद आसिफ खान छोटू ने बताया कि मोहल्ला दिलाजाक में नदीम के द्वारा स्कूल के सामने अवैध रूप से मीट की दुकान संचालित की जा रही है। उन्होंने बताया कि कई बार स्कूल के बच्चे एवं उनके परिवार के लोग इसका विरोध कर चुके हैं लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। सभासद ने मोहल्ले के लोगों के साथ बुधवार को दुकान के बाहर जमकर हंगामा काटा। लोगों ने कहा कि मोहल्ले में अवैध रूप से चल रही दुकान को तत्काल बंद कराया जाए नहीं तो आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान अकरम, हाशिम, जीशान, सैफी, अलिम, कासिम आदि मौजूद रहे।


### जलालाबाद में अवैध कोलोनाइजर ने ठगे 2.5 लाख, प्लॉट न देने का आरोप

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** जिले के जलालाबाद कोतवाली में शारदा देवी पत्नी राजभान सिंह निवासी प्रतापनगर ने अवैध कोलोनाइजर के संचालक व उसके साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। महिला शारदा के पुत्र मोहित ने मंगलवार सुबह 8:00 बजे बताया कि सराय साधी ग्राम की माँ रेणुका धाम कालोनी में 20×50 फिट के प्लॉट की कीमत 4.70 लाख रुपये में किश्तों पर खरीदा था। उन्होंने जेवर गिरवी रखकर 2.50 लाख रुपये कॉलोनी बेचने वाले मालिक को दे दिए, जिसका रिकॉर्ड उसके कंप्यूटर में दर्ज है लेकिन न तो प्लॉट का बैनामा हो रहा है और न पैसे लौट रहे। जब शारदा प्लॉट मांगती हैं तो प्लॉट बिक्री करने वाला मालिक अपने साथी पारस मिश्रा (निवासी रेणुका धाम), आमिर खान (निवासी यमुना सिटी) व अज्ञात लोगों को बुलाकर जान से मारने की धमकी देते हैं। शिकायत में इसे सामूहिक ठगी का गिरोह बताया गया है। शारदा ने एसपी, डीएम व आईजी बरेली को भी सूचित किया है। पुलिस ने अभी कार्रवाई की पुष्टि नहीं की।

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी ग्राम पंचायत, कागजों में मरम्मत, हकीकत में हैंडपंप प्यासे

**खुटार, शाहजहाँपुर।** खुटार की ग्राम पंचायत कढ़ैया में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन के बंदरबांट का बड़ा मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत में हैंडपंप मरम्मत और स्टेशनरी के नाम पर भारी भुगतान किया गया है, लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं हुआ। **हैंडपंप मरम्मत में खेल-** ग्रामीणों के अनुसार, गांव के अधिकांश हैंडपंप खराब पड़े हैं, जबकि सरकारी रिकॉर्ड में उनकी मरम्मत के नाम पर मोटा पैसा निकाला जा चुका है। पानी के लिए तरस रहे ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने मरम्मत होते हुए देखी ही नहीं। ग्राम पंचायत के कार्यों के लिए स्टेशनरी के नाम पर भी भारी भुगतान किया गया है, जिस पर ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं। **सचिव की नेतागिरी चर्चा में-** संबंधित सचिव महोदय पर आरोप है कि उन्हें जनसमस्याओं से ज्यादा राजनीति में रुचि है। हाल ही में जनपद में उनके बड़े-बड़े बैनर देखे गए थे, जिससे उनकी कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों में प्रशासन के खिलाफ भारी रोष है। उनका कहना है कि यदि प्रशासन ने इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं की, तो हम जन सूचना अधिकार (RTI) के माध्यम से दस्तावेजों को निकलवाएंगे और साक्ष्यों के साथ उच्चाधिकारियों को अवगत कराएंगे। क्षेत्र के सजग नागरिकों का मानना है कि यदि खंड विकास अधिकारी इस मामले को संज्ञान में लेकर ईमानदारी से जांच कराएं, तो ग्राम पंचायत कढ़ैया में बड़ा भ्रष्टाचार का एक बड़ा खुलासा हो सकता है। फिलहाल, सचिव की लापरवाही और विकास कार्यों की अनदेखी ने सरकार की पारदर्शी व्यवस्था के दावों पर सवालिया निशान लगा दिया है।

### आवारा पशुओं से किसान परेशान, फसल बर्बाद होने से किसान सदमे में



**बंडा, शाहजहांपुर।** ब्लॉक बंडा की ग्राम पंचायत मढ़िगाई में आवारा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। गांव निवासी किसान मिथलेश तिवारी की एक एकड़ गेहूं की खड़ी फसल रातों-रात पशुओं ने पूरी तरह चौपट कर दी। फसल बर्बाद होने से किसान गहरे सदमे में है और खेत में बैठकर अपनी बेबसी जाहिर करता नजर आया। ग्रामीणों का कहना है कि वे रात-रात भर खेतों की रखवाली करते हैं, लेकिन इसके बावजूद आवारा पशु खेतों में घुसकर पूरी मेहनत पर पानी फेर देते हैं। सुबह खेतों पर पहुंचने पर उजड़ी फसल और बर्बादी का मंजर देखने को मिलता है। समस्या से परेशान गांव के किसान नितिन मिश्रा मिथलेश तिवारी, अजय तिवारी, अमित मिश्रा, पंकज तिवारी समेत आदि किसानों ने बुधवार को विकासखंड कार्यालय पहुंचे और खंड विकास अधिकारी से शिकायत की। किसानों का आरोप है कि उन्हें बंडा बीडीओ ने उन्हें आवारा पशुओं को अपने घर ले जाने की सलाह दी गई, जिससे किसानों में भारी रोष है। उनका कहना है कि जब जिम्मेदार अधिकारी ही गंभीरता नहीं दिखाएंगे तो समाधान कैसे होगा। वहीं प्रशासन भी पशु नियंत्रण के दावे किए जाते हैं, जबकि जमीनी हकीकत अलग है। किसानों ने जिलाधिकारी से हस्तक्षेप कर आवारा पशुओं को पकड़वाने की मांग की है। वहीं इस संबंध में बीडीओ बंडा विजयकांत मिश्रा ने बताया कि सभी सचिवों को प्रत्येक ग्राम पंचायत में गौशाला का जल्द से जल्द निर्माण करने के लिए कहा गया है।

### बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** जलालाबाद राजमार्ग पर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव फ़ीलनगर निवासी कामता प्रसाद (45) वर्ष पुत्र सिपहुर सिंह बुधवार को दोपहर लगभग 2 बजे घास लेकर वापस घर लौट रहे थे। जलालाबाद राजमार्ग पर बजरंगबली की मूर्ति के सामने राजमार्ग क्रास करते समय कटरा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक के चालक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद ग्रामीण उसे सीएचसी लेकर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी। सीएचसी पर डॉक्टरों ने कमाता प्रसाद को मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई अरविंद ने बताया कि मेरा भाई कामता प्रसाद घास लेकर आ रहे थे तभी जलालाबाद राजमार्ग पर बजरंगबली की मूर्ति के सामने बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे सीएचसी में उनकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक अवधेश सेंगर ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और तहरीर मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# विधान परिषद में एमएलसी ने उठाया ई-बसों के संचालन का मुद्दा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शाहजहांपुर-पीलीभीत एमएलसी डा.सुधीर गुप्ता ने विधानपरिषद में शाहजहांपुर जिला मुख्यालय से ब्लाक मुख्यालयों तक पूर्व में संचालित होने वाली ई-बसों के संचालन का मुद्दा रखा। उन्होंने कहा कि जनपद में नगर विकास के अधीन नगर निगम द्वारा शाहजहांपुर के विकास खण्ड पुवायां, बंडा, खुटार, जलालाबाद तिलहर, एंव निगोही में लगभग 25 एसी ई-बसों का संचालन के लिए उपलब्ध कराई गयी थी, जोकि नगर शाहजहांपुर में सिटी बसों के रूप में संचालित हो रही थी, लेकिन सभी ई- बसों का शहर के अन्दर संचालन सम्भव नहीं हो पा रहा था। एमएलसी ने आगे कहा कि मेरे द्वारा आग्रह पर शाहजहांपुर से पुवायां, बण्डा, खुटार, जलालाबाद, तिलहर एंव निगोही तक की 50 किमी तक की दूरी तक दो वर्ष पूर्व संचालन शुरू कर दिया गया था, जिससे आमजनमानस को ई- बसों को शानदार सुविधा प्राप्त हो रही थी, लेकिन बीच में नगर निगम एंव परिवहन विभाग का आपसी सामंजस्य न होने के कारण उक्त सुविधा को अक्टूबर 2025 से बन्द कर दिया गया है। जिसके कारण शहर व ग्रामीण आम जनमानस को काफी असुविधा हो रही है। पूर्व में संचालित ई- बसों का पुनः संचालन न होने के कारण आम जनमानस में काफी रोष व्याप्त है। लोक महत्व के सुनिश्चित विषय पर सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये जनहित में पूर्व मे नगर निगम द्वारा ई बसों का संचालन उक्त रुटों तक बहाल किया जाए।

**विद्युत उपकेन्द्र बनवाने की मांग**

एमएलसी डॉ सुधीर गुप्ता ने विधान परिषद क्षेत्र के जनपद शाहजहांपुर की तिलहर विधानसभा के ब्लॉक सिंधौली के ग्राम भूड़खेड़ा में 133 केवीए सब स्टेशन( विद्युत उपकेद्र) के निर्माण की मांग की है। इस विद्युत सब स्टेशन बनने से लगभग 15 किलोमीटर दूर पुवाया से आ रही विद्युत सप्लाई जो अक्सर फाल्ट के कारण खराब हो जाती है से मुक्ति मिलेगी और किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों को निर्वाध विद्युत सप्लाई मिल सकेगी।

## आशा कार्यकर्त्रियों ने धरना किया स्थगित




**जैतीपुर- शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बीते छह दिनों से प्रदर्शन कर रही आशा कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी से वार्ता के बाद अपना धरना 10 दिनों के लिए स्थगित कर दिया है। आशा कार्यकर्ता अपनी बकाया भुगतान सहित, सीएचसी की कैंटीन चालू करवाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर नारेबाजी कर रही थीं। जैतीपुर की आशा अध्यक्ष पूनम सिंह ने बताया कि धरना प्रदर्शन फिलहाल बंद कर दिया गया है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक उनका भुगतान नहीं होता और अन्य मांगें पूरी नहीं की जातीं, तब तक वे काम नहीं करेंगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आशा कार्यकर्ताओं द्वारा छह दिनों से जारी धरना प्रदर्शन बंद होने से एमओआईसी और बीसीपीएम ने राहत की सांस ली है।

## एक साल बाद भी नहीं बन सका आयुर्वेदिक अस्पताल



**कांट, शाहजहांपुर।** कुर्रिया कलां गांव में एक साल बाद भी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय का निर्माण पूर्ण नहीं हो सका।जिस कारण आयुर्वेदिक अस्पताल ग्राम पंचायत के सामुदायिक विकास भवन में किराए पर संचालित हो रहा है। गांव में एक साल पूर्व अस्पताल की बिल्डिंग बननी शुरू हुई।जिससे उम्मीद जगी कि जल्द ही काम पूरा होने के बाद आयुर्वेदिक अस्पताल अपने भवन में संचालित होने लगेगा।लेकिन चार महीनों से काम बंद होने से भवन अधूरा पड़ा है।

आयुर्वेदिक अस्पताल सामुदायिक विकास केंद्र में संचालित होने से उससे जुड़े कार्य सुचारू रूप से नहीं हो पा रहे हैं। जिससे सामूहिक गतिविधियों, सामाजिक सहयोग सार्वजनिक जानकारी और अन्य उद्देश्यों के लिए एकत्रित नहीं हो पा रहे हैं। सामाजिक मेलजोल,मनोरंजन और शैक्षिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए भी कोई स्थान नहीं है। ग्राम प्रधान सुधांशु मिश्रा ने बताया कि किसी ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है दूसरी किस्त जारी न होने से भवन अधूरा पड़ा है।

## शिव नाडर फाउंडेशन की शिक्षा इनीशिएटिव परियोजना के तहत शिक्षा प्लस कार्यक्रम का आयोजन

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शिव नाडर फाऊंडेशन की शिक्षा इनीशिएटिव परियोजना के तहत शिक्षा प्लस कार्यक्रम ब्लाक बंडा में जे. जे एजुकेशन एकेडमी के साथ मिलकर एडल्ट लिटरेसी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले वयस्कों को शिक्षा प्रदान करना है, जो किसी कारणवश शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाए हैं। कार्यक्रम के तहत पहले गांव को चिन्हित किया जाता है, उसका लिटरेसी रेट देखकर के उसे गांव का सर्वे कराया जाता है। इस सर्वे में जो भी निरक्षर लोग हैं उनकी सूची बनाई जाती है, और उनमें से जो पढ़ने साक्षर होने के लिए इच्छुक व्यक्ति महिलाएं या पुरुष हैं उनको तैयार किया जाता है। इस कार्यक्रम में 15 वर्ष के ऊपर के सभी जो निरक्षर हैं, वे भाग ले सकते हैं। इस कार्यक्रम के तहत गांवों में 15-15 लोगों के बैच बनाकर क्लासेस चलाए जा रहे हैं, जहां लर्नर्स को डिजिटल कंटेंट के माध्यम से पढ़ाया जा रहा है। कार्यक्रम में लर्नर्स को कॉपी, किताब, पेंसिल, सिलेक्ट सहित पूरी लर्निंग किट निशुल्क प्रदान की जा रही है, और यह कार्यक्रम पूरी तरह से निशुल्क है। इस कार्यक्रम के तहत अभी तक ब्लॉक बंडा में 6000 से अधिक लोगों को साक्षर किया जा चुका है, जिनमें से अधिकतर महिलाएं हैं। इन महिलाओं ने साक्षर होकर अपना नाम लिखना और घर की दैनिक चीजों को लिखना पढ़ना सीख लिया है, और कुछ हद तक घर का हिसाब किताब भी लिख पा रही हैं। जे जे एजुकेशन एकेडमी के प्रबंधक गुरदीप सिंह ने बताया कि वर्ष 2026-27 वित्तीय वर्ष में 10000 लोगों को साक्षर करने का लक्ष्य है, जिसे वे लगभग 30 पंचायतों में पूरा करेंगे।

प्रबंधक सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं में आत्म सम्मान बढ़ा है, निरक्षरता की दर कम हो रही है, महिलाएं अपने को साक्षर होकर के अपने बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दे रही हैं, और कुछ महिलाओं ने अपने बैंक खाते से अंगूठे हटा करके अपने साइन करने शुरू कर दिए हैं। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए जे जे एजुकेशन एकेडमी शिव नाडर फाऊंडेशन के सहयोग से लगातार काम कर रही है।

## दो किलो अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



एसओजी व कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप से दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो किलो अफीम बरामद की है । पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनो तस्करों को कोर्ट में पेश किया गया । जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। एसओजी टीम व कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार रात करीब पौने नौ बजे हाईवे पर सरऊ पुलिया के निकट अग्रवाल ढाबा के सामने दो तस्करों को धर दबोचा। उन दोनों के पास से एक एक किलो अफीम बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए तस्करों में नगर से सटे ग्राम खनपुरा निवासी बैजनाथ तथा मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव नवादा रूद्रपुर निवासी अनिल शामिल हैं। तस्कर बैजनाथ के खिलाफ कुल सात मुकदमे दर्ज हैं । जिनमें से पांच मामले एनडीपीएस के हैं। जबकि अनिल के खिलाफ एनडीपीएस का पहला मामला दर्ज हुआ है। पुलिस के मुताबिक बैजनाथ ने पूछताछ में बताया कि वह यह अफीम झारखंड से खरीद कर पंजाब बेचने जा रहा था। बैजनाथ ने बताया कि उसके दो बेटे जेल में है। जिन्हें छुड़ाने के लिए उसे पैसा जुटाना है। पकड़ने बाली टीम में एसओजी टीम के अलावा कोतवाली के एसआई नितिन मलिक, कांस्टेबिल अनिल कल्यान शामिल शामिल रहे । कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि मामला दर्ज कर तस्करों की कुंडली खंगाली जा रही है।

## साले-बहनोई की बाइक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

- बहनोई की बरेली अस्पताल में मौत
- मृतक की बहन की 21 फरवरी को होनी थी शादी

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार साले-बहनोई घायल हो गए। तत्काल एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से डॉक्टर ने दोनों को बरेली रेफर कर दिया। जहां बहनोई ने दम तोड़ दिया। मृतक के घर में बहन की शादी की तैयारियां कोहराम में बदल गईं। गांव मलूकापुर के रोहित कठेरिया ने बताया कि उनकी बहन की 21 फरवरी को शादी है। जिसमें शामिल होने के लिए उनके भाई अजय कुमार का साला सुदीप मंगलवार सुबह देहरादून से बस द्वारा तिलहर आया था। बाईपास चौराहा से अजय बाइक से सुदीप को लेने गए थे। अजय और सुदीप जब बाइक से गांव के लिए चले कि इसी दौरान हाईवे पर राधा फिलिंग स्टेशन के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। गंभीरावस्था में घायलो को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से उन्हें बरेली रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान देर शाम अजय ने दम तोड़ दिया। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## कोला मोड़ पर आवारा सांड ने फल ठेले वाले पर किया हमला, हुआ घायल

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** कोला मोड़ पर एक आवारा सांड ने फल का ठेला लगाए रामा आसरे (गांव रौली बौरी धियरपुरा निवासी) पर हमला कर दिया। सांड ने ठेले को टक्कर मारी, ठेला पलट गया और रामा को उठाकर जमीन पर पटक दिया। हमले में उनकी पसलियां टूट गईं और हालत गंभीर हो गई।आसपास के लोग बताते हैं कि यह सांड पागलपन के तांडव मचा रहा है। कई लोगों पर हमला कर चुका है, लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। शोर सुनकर ग्रामीण लाठी-डंडों से पहुंचे और सांड को भगाया। घायल रामा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा।

## स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में पांच दिवसीय स्काउट गाइड शिविर शुरू

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- स्काउट गाइड शिविर मात्र एक शिविर नहीं बल्कि इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा-भाव, नेतृत्व क्षमता का विकास करना है: डॉ. अमीर सिंह

स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के शिक्षक शिक्षा विभाग (डी.एल.एड) में पांच दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का शुभारंभ 18 फरवरी 2026 को कॉलेज के डी.एल.एड. प्रशिक्षुओं के स्काउट शिविर का शुभारंभ हुआ। जिसमें जिला स्काउट सचिव डॉ. अमीर सिंह ने स्काउट ध्वजारोहण स्काउट प्रार्थना के साथ किया इस अवसर प्रशिक्षुओं को शिविर से संबंधित जानकारियां देते हुए बताया कि स्काउट गाइड शिविर मात्र एक शिविर नहीं बल्कि इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा - भाव ,नेतृत्व की क्षमता एवं सहयोग की भावना का विकास करना है। इसके माध्यम से मिलकर कार्य करने की भावना जागृत होती है तथा विद्यार्थियों में समय का पालन करने,प्राथमिक उपचार तथा समाज सेवा करने की सीख मिलती है तथा प्रकृति के निकट रहकर प्रसन्नता पूर्ण जीवन जीना सीखते हैं। इसके माध्यम से विद्यार्थियों में एक अच्छा नागरिक बनने की भावना का विकास होता है जिससे वे समाज को एक नई दिशा प्रदान करने में अपना योगदान देने के योग्य बनते हैं इसी क्रम में जिला स्काउट प्रतिनिधि श्री गौरव पांडे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्काउट गाइड शिविर के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की भावना विकसित होती है। इसके पश्चात शिक्षक शिक्षा विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. प्रभात शुक्ला ने अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रशिक्षुओं को बताया कि स्काउट गाइड शिविर विद्यार्थियों में स्नेह, सौहार्द एवं अनुशासन की भावना विकसित करने एवं उनके सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। शिविर में होने वाली विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में छिपी हुई प्रतिभाओं का उद्भव होता है जो उन्हें एक अच्छे व्यक्ति, समाजसेवी एवं अच्छे नागरिक बनने की प्रेरणा प्रदान करतीं है। तत्पश्चात शिवर के प्रथम दिवस मे जिला प्रशिक्षण आयुक्त करुण कुमार पांडे एवं गाइड प्रतिनिधि खुशी श्रीवास्तव ने प्रशिक्षुओं को स्काउट गाइड के इतिहास नियम, टोलियों का निर्माण एवं प्राथमिक उपचार किट, गांठ, फांस, बंधन, आदि की अमूल्य जानकारी प्रदान की । कार्यक्रम के अंत में डी.एल.एड. विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.मनोज कुमार मिश्र ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया एवं प्रशिक्षकों को पांच दिवसीय शिविर में होने वाली समस्त गतिविधियों को मन से सीखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र द्विवेदी ने किया तथा इस अवसर पर विभाग के प्रवक्तगणों अमिता रस्तोगी, शिवानी भारद्वाज, डॉक्टर नीरज गुप्ता, डॉ गौरव शर्मा, अभिषेक बाजपेई सर्वोत्तम शर्मा, रचना रस्तोगी, प्रतिभा शर्मा एवं जय सिंह आदि का पूर्ण सहयोग रहा।

## रोड की मरम्मत शुरू होने से आधिकारियों का जताया आभार



**शाहजहांपुर।** छावनी परिषद क्षेत्र में मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज के अंतर्गत आने वाली महाराणा प्रताप रोड( ग्वालटोली ट्रायंगल पार्क से पुवाया रोड में मिलने तक स्टेशन की तरफ) दूसरा टुकड़ा (ग्वालटोली ट्रायंगल पार्क से पुवाया रोड में मिलने तक स्टेशन की तरफ) का जर्जर टुकड़े की रिपेयरिंग का कार्य आज मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज के सहायक दुर्गा अभियंता भगत सिंह ने शुरू किया, यह रोड अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस रोड के बनने से पूरे शहर को राहत मिलेगी, इस अवसर पर छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष के गजेंद्र गंगवार ने रोड की रिपेयरिंग हेतु ब्रिगेडियर भारत सिंह रावत, ब्रिगेडियर अभिनंदन सिंह, एडम कमांडेंट जगबीर सिंह जागलान, मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज के सहायक दुर्गा अभियंता भगत सिंह, छावनी परिषद के नाम में सदस्य अवधेश कुमार दीक्षित का आभार व्यक्त किया।

# 'सर्वप्रथम हमें समानता के आधार पर कार्य करना चाहिए'

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जीएफ़ कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों का सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन डा. रज़ा रसूल के नेतृत्व में मऊ ख़ालसा गांव के प्राइमरी स्कूल में आयोजित शिविर के प्रथम सत्र में डा. नंदिनी सक्सेना मानसिक स्वास्थ्य विभाग, जिला अस्पताल ने मानसिक विकारों के बारे में बताया। उन्होंने स्वयंसेवियों को उनके छात्र जीवन में चल रहे समस्याओं के निदान के लिए मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन टेली मानस टोल फ्री नंबर 14416, 18008914416 की भी जानकारी दी और कहा कि कोई भी मानसिक स्वास्थ्य से सम्बंधित विषय के बारे में जानकारी ले सकता है।द्वितीय सत्र में स्वयंसेवियों ने निबंध प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और इसके साथ-साथ स्वयंसेवियों की कुकिंग टीम ने प्राथमिक विद्यालय मऊ खालसा में लंच बनाकर उसका आनंद उठाया और साथ ही साथ वोटर आईडी टीम ने वहां चल रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया।कार्यक्रम अधिकारी डा. समन ज़हरा ज़ैदी के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय दिलाज़ाक में चल रहे द्वितीय इकाई के शिविर का प्रारंभ एनएसएस के लक्ष्य गीत से हुआ।प्रथम सत्र का विषय शाहजहांपुर का इतिहास रहा। शिविर में कॉलेज के इतिहास विभाग के डा.तनवीर




हुसैन,डा. तुफैल खान,डा. रोशन सिंह,डा. जमा खान ने शाहजहांपुर जो शहीदों की नगरी के नाम से प्रसिद्ध है।इसके गौरवमयी इतिहास काकोरी कांड एव शहीद अशफ़ाकउल्ला खां, शहीद राम प्रसाद बिस्मिल और ठाकुर रोशन सिंह के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनसे प्रेरणा लेने की बात की द्य तत्पश्चात हेरिटेज वॉक निकाली गई। जोकि प्राथमिक विद्यालय दिलाजाक से अशफ़ाकउल्ला खां के मज़ार पहुंची। स्वयंसेवी छात्राओं ने शहीदों के नारे लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीद अशफाकउल्ला खां के पोते जिनका नाम अशफाकउल्ला खां है, वो भी वहाँ पहुँचे और उन्होंने अशफाक उल्ला खां के जीवन चरित्र और स्थानीय इतिहास के विषय में जानकारी दी द्य स्वयंसेवियों ने मजार पर स्वच्छता एवं श्रमदान कर श्रद्धांजलि अर्पित की। डा. निज़ामुद्दीन खान के नेतृत्व में कम्पोज़िट विद्यालय दिलाज़ाक में छात्र-छात्रा इकाई के पांचवें दिन के प्रथम सत्र में जागरूकता अभियान के अन्तर्गत अतिथि वक्ता के रूप में एनके सिंह युवा कल्याण अधिकारी, शाहजहांपुर ने कहा कि सर्वप्रथम हमें समानता के आधार पर कार्य करना चाहिए, धर्म,जाति लिंग,भेद आदि से ऊपर उठकर समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वाह करना चाहिए। द्वितीय सत्र में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय युवा और भारतीय राजनीति था। निर्णायक मंडल की भूमिका में महाविद्यालय के डा. नसीम अहमद और डा. शहज़ाद अहमद रहे। प्रतियोगिता में अलवीरा ने प्रथम, आरिश ने द्वितीय तथा संजना एवं आलिया ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समीर, हरनाम, राजा बाबू, समीर, रोहित आरिश, दानिया, संजना, तय्यबा आदि स्वयंसेवियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## खबरें एक नजर में

### जीर्ण शीर्ण सड़कों को मरम्मत के निर्देश



शाहजहांपुर। नगर निगम के अंतर्गत कराएं जा रहे, निर्माण कार्यों का नगर आयुक्त डा.बिपिन कुमार मिश्रा निरंतर निरीक्षण कर मानीटरिंग कर रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को चिनौर पानी की टंकी के पास मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत बन रहे निर्माणाधीन कल्याण मंडप का नगर आयुक्त ने निरीक्षण कर कार्य को सासमय पूर्ण करने निर्देश दिए। वहीं नगर निगम में नगर आयुक्त ने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत एक बैठक जल निगम के अधिकारियों के साथ की। जिसमे नगर क्षेत्र में जो भी सड़क जीर्ण शीर्ण अवस्था मे है,उन्हें तत्काल संबंधित विभाग ठीक कारने के निर्देश दिए।

### टीबीमुक्त पंचायत को लेकर बैठक संपन्न, 10 क्षय रोगियों को पोषण पोटली का वितरण



शाहजहांपुर। प्रधानमंत्री के टीबीमुक्त भारत के लक्ष्य एवं प्रदेश सरकार के दिशा निर्देश पर जनपद में टीबी क्लीनिक द्वारा निरंतर क्षय रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को सीएमओ आफिस सभागार में टीबी मुक्त पंचायत को लेकर एडीओ पंचायत व एमआईसी के साथ एक बैठक आयोजित की गई। सीएमओ डा.विवेक कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक में टीबी मुक्त पंचायत के विजन पर कार्य करने के लिए मंथन किया गया। सीएमओ ने कहा कि टीबी जैसी बीमारी से निपटने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। टीबी मरीजों के लिए जांच, इलाज और अन्य सुविधाओं का दायरा बढ़ाया गया है। टीबी-मुक्त ग्राम पंचायत मुख्य रूप से जन भागीदारी को बढ़ाने की दिशा में पहल है। इस कार्यक्रम से ग्रामीण समुदाय को टीबी की पहचान, उपचार और रोकथाम के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिससे बीमारी को खत्म करने की दिशा में सामूहिक प्रयास हो रहे हैं। इस दौरान डीटीओ ओमेन्द्र राठौर, सिध्दार्थ, आरती सिंह आदि मौजूद रहे। टीबी मुक्त कार्यक्रम के अंतर्गत विहास डेवलपमेंट सोसायटी की ओर से 10 क्षय रोगियों को पोषण पोटली का वितरण सीएमओ द्वारा किया गया।

### दबंगों ने घर में घुसकर पीटा, पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



शाहजहांपुर। दबंग लोगों ने घर में घुसकर एक दलित परिवार को पीट दिया। जिससे पीड़ित परेशान है और जान माल का खतरा पता रहे। पीड़ित परिवार ने गिरफ्तारी की मांग की हैं। थाना गढ़िया रंगीन के गांव रसीदपुर निवासी मुन्नालाल ने दर्ज कराया रिपोर्ट में बताया की लगभग तीन महा पूर्व उनके भाई अजीत और मिस्टर के बीच मजदूरी के रुपए को लेकर विवाद हो गया था। तभी से युक्त मिस्टर और दरबारी व राहुल उसे व पारिवारिक सदस्यों को आए दिन गालियां देते हैं। 11 फरवरी को शाम 4:00 बजे के पहले उक्त लोगों ने उसके दरवाजे पर जाकर गालियां दी। उक्त लोग बृजेश सिंह व मिस्टर सिंह को साथ लेकर लाठी डंडा लेकर उनके घर में घुस आए और लाठी डंडे से उन्हें व उनके भाई नीरज और पिता के साथ जाति सूचक गालियां देते हुए मारपीट की। जब परिवार की औरतों ने बचाने का प्रयास किया तो उन्हें भी मारा पीटा। फिर उक्त लोग उनको जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रार्थी के भाई नीरज के सिर में खुली और शरीर में गुम चोटें भी आईं हैं। पुलिस ने मिस्टर, दिवारी, राहुल, बृजेश सिंह और मटरू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पीड़ित का कहना है कि बृजेश सिंह दबंग किस्म का व्यक्ति है जो आए दिन गांव में विवाद करता रहता है। जिससे गांव में दहशत का माहौल है। बृजेश सिंह के खिलाफ कई थानों में 20 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। जिससे उन्हें जान का खतरा बना हुआ है। विजय सिंह का गाली गलौज देते हुए एक वीडियो भी वायरल है। पीड़ित ने पुलिस से गिरफ्तारी की मांग की है।

### बिस्मिल सभागार में किसान दिवस आज

शाहजहाँपुर। मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के निर्देशों तथा मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुपालन में किसानों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस बैठक आयोजित की जाती है। इसी क्रम में माह फरवरी 2026 की किसान दिवस बैठक अब 19 फरवरी 2026 को पूर्वाह्न 12:00 बजे बिस्मिल (नवीन कलेक्ट्रेट) सभागार, में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न होगी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह बैठक कृषि विज्ञान केंद्र, नियामतपुर में प्रस्तावित थी, किन्तु जिलाधिकारी के अनुमोदन उपरांत स्थान परिवर्तन कर अब नवीन कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक में कृषि क्षेत्र से जुड़े समस्त विभागों—सिंचाई, ऊर्जा एवं कृषि उत्पादन शाखा के अंतर्गत कृषि, उद्यान, सहकारिता, मत्स्य, दुग्ध उत्पादन, पशुपालन, गन्ना एवं रेशम विभाग—के अधिकारी भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, लीड बैंक मैनेजर एवं बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।

### दलित नाबालिग किशोरी से पॉस्को व रेप का आरोपी गया जेल

तिलहर-शाहजहांपुर। इंस्टा पर शुरू हुए प्रेम प्रसंग के बाद दलित नाबालिग किशोरी को 20 दिन पूर्व भगा ले जाने के मामले में किशोरी के बयानों के अवलोकन के बाद आरोपी युवक को रेप , पॉस्को व एससीएसटी एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि क्षेत्र के एक ग्रामीण ने उसकी नाबालिग 16 वर्षीय बेटी को 28 जनवरी को भगा ले जाने के मामले में चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एक फरवरी की रात करीब नौ बजे उक्त किशोरी नाटकीय ढंग से पुलिस के पास पहुंचा दी गई। जिसे उसी रात में वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया था। इसके बाद पीड़ित पिता की ओर से नगर के मोहल्ला नजरपुर निवासी सलीम पुत्र अलीहसन समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस दौरान आरोपी युवक को भी पुलिस को सौंप दिया गया। चूंकि किशोरी का मेडिकल परीक्षण , कोर्ट में बयान आदि की कानूनी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद उसके बयानों के अवलोकन के आधार पर सलीम को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उधर आरोपी सलीम के पिता अलीहसन का आरोप है कि उसके बेटे को छुड़ावने के लिए उसके ही मोहल्ले के हाशिम व खैरपुर के अरमान ने उससे डेढ़ लाख रुपए ठग लिए। न उसका बेटा ही छूटा और उधार व चीज वस्त गिरवीं रखकर दी गई रकम भी उसे वापस नहीं मिली। आरोप है कि जिन्होंने उससे डेढ़ लाख की रकम की वह अब उसे रुपए लौटने के बजाय धमकियां दे रहे हैं।

### विकास के नाम पर अव्यवस्था से त्रस्त व्यापारी आयुक्त से मिले

शाहजहांपुर। महानगर की जर्जर सड़कें, गलियों और गहरे गड्ढों से परेशान व्यापारियों का सब्र मंगलवार को जवाब दे गया। व्यापारियों ने जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ के नेतृत्व में नगर निगम कार्यालय पहुंचकर नगर आयुक्त से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। इस दौरान निगम कार्यालय का घेराव भी किया गया। श्री दुआ ने कहा कि बीते लगभग तीन वर्षों से नगरवासी टूटी-फूटी सड़कों और गड्ढों के बीच जीने को मजबूर हैं। व्यापारी विकास के विरोध में नहीं हैं, बल्कि अव्यवस्था के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। जलकल विभाग, जल निगम और नगर निगम के कार्यों में भारी लापरवाही है। जो काम दो दिन में हो सकता है, उसमें 20 दिन लगा दिए जाते हैं। गड्ढा खोदकर छोड़ दिया जाता है, फॉल्ट ढूंढने में एक-एक सप्ताह लग जाता है। बाद में गड्ढे को मिट्टी से ढक दिया जाता है, जो बैठने के बाद फिर जानलेवा गड्ढे में बदल जाती है। लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यदि यही हाल रहा तो प्रशासन हमें हमारा पुराना शहर ही लौटा दे, ताकि लोग सुकून से जी सकें और व्यापार कर सकें। उन्होंने कुछ दिनों के लिए जलकल विभाग और जल निगम के कार्यालय बंद करने की मांग भी उठाई। नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के भीतर चलाई जा रही इलेक्ट्रिक बसें जाम का बड़ा कारण बन रही हैं। बसों में गिनती की सवारियां होती हैं, लेकिन उनसे लाल इमली चौराहा से घंटाघर-कच्चा कटरा मार्ग पर भीषण जाम लग रहा है। शहर की संकरी सड़कों पर इन बसों का संचालन तत्काल बंद किया जाए, क्योंकि जाम का ठीकरा अंततः व्यापारियों पर ही फोड़ा जाता है। जिला महामंत्री नाजिम खां ने कहा कि नगर निगम बनने से पहले नगर पालिका व्यवस्था बेहतर थी। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश मंत्री धर्मपाल रैना, नगर महामंत्री अतुल गुप्ता, युवा जिला अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, नगर अध्यक्ष शकील अहमद, अमित पांडे, राज नारायण गुप्ता, मोहम्मद रफी, अभिषेक मोहन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# यूपी बोर्ड: 126 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न

▶ हाईस्कूल में 2703 एवं इंटरमीडिएट में 1841 ने परीक्षा छोड़ी

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



जनपद में बुधवार से यूपी बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई है। पहले दिन इंटरमीडिएट व हाईस्कूल में हिंदी का पेपर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिला प्रशासन द्वारा संपन्न कराई गई। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा खुद कन्ट्रोल रुम के माध्यम से जिले के सभी परीक्षा केंद्रों की मानीटरिंग की गई। जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा परीक्षा केंद्रों पर जाकर भ्रमण कर परीक्षा पर निगरानी रखी गई। डीआईओएस हरिवंश कुमार ने जीआईसी में बने कन्ट्रोल रुम में जाकर परीक्षा की गतिविधियों पर नजर रखी और उन्होंने शहर क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों पर जाकर व्यवस्थाएं भी परखी। उन्होंने बताया कि किसी केंद्र से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न करा ली गई है। जिला स्तरीय यूपी बोर्ड परीक्षा के कन्ट्रोल रुम के आंकडों के अनुसार पहली पाली में हाईस्कूल में हिंदी का पेपर में पंजीकृत 42518 छात्र-छात्राओं में से 39815 ने परीक्षा दी और 2703 गैरहाजिर रहे। वही बात अगर दूसरी पाली की करे तो, इंटरमीडिएट का हिंदी का पेपर हुआ। जिसमें पंजीकृत 35598 अभ्यर्थियों में से 33757 ने परीक्षा दी, जबकि 1841 ने परीक्षा छोड़ दी।

> एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने बताया कि यूपी बोर्ड परीक्षा सभी केंद्रों पर मजिस्ट्रेटों, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी से संपन्न कराई जा रही है। पहले दिन की परीक्षा नकलविहीन संपन्न हुई है। किसी तरह की कोई समस्या सामने नहीं आई है। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा दे रहे, सभी परीक्षार्थियों से अपील कि तनावमुक्त होकर परीक्षा दे, मन लगाकर पढ़ाई करें।

## जर्जर बैरक की नीलामी की सर्वोच्च बोली, कमलेंद्र सिंह बने सफल बोलीदाता



मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर। कटरा थाने परिसर में बुधवार दोपहर जर्जर वैरिक की सार्वजनिक नीलामी प्रक्रिया संपन्न हुई। नीलामी का आयोजन क्षेत्राधिकारी तिलहर ज्योति यादव के नेतृत्व में पारदर्शिता के साथ कराया गया। दोपहर 1 बजे शुरू हुई इस प्रक्रिया में कुल 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया और उत्साहपूर्वक बोली लगाई। नीलामी की प्रारंभिक बोली 2 लाख 5 हजार रुपये से शुरू की गई। बोली बढ़ने के साथ प्रतिभागियों में प्रतिस्पर्धा तेज होती गई। अंततः रामनगर सदर बाजार, शाहजहांपुर निवासी कमलेंद्र सिंह पुत्र तुलसी सिंह (टोकन संख्या 7) ने 3 लाख 1 हजार रुपये की सर्वाधिक बोली लगाकर जर्जर वैरिक को तोड़ने का अधिकार अपने नाम कर लिया। सर्वोच्च बोली स्वीकार किए जाने के बाद वैरिक उन्हें विधिवत सुपुर्द कर दी गई। नीलामी के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश सेंगर, हेड मोहर्रर राम किशोर, उपनिरीक्षक सागर मानव सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष और नियमों के अनुरूप संपन्न कराया।

## सदर बाजार क्षेत्र में नाले में पड़ा मिला शव

शाहजहांपुर। रोडवेज बस स्टैंड के पास उस समय सनसनी फैल गई जब बसेरा डारमेट्री के नजदीक नाले में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। यह मामला थाना सदर बाजार क्षेत्र का है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त की कार्रवाई शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि मृतक ने पेंट और टी-शर्ट पहन रखी थी। आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और पहचान के प्रयास जारी हैं। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

## मंदिर से घंटे चोरी की नहीं दी महंत ने तहरीर

▶ आरोपी दंपती को पुलिस ने किया मुक्त



तिलहर-शाहजहांपुर। मंगलवार को प्रसिद्ध कच्छियानी हनुमान मंदिर पर एक दंपति के झोले में मंदिर की घंटियां बरामद होने के कथित आरोप पर पुलिस दंपति को कोतवाली ले आई। वहीं महंत द्वारा तहरीर न दिए जाने के चलते पुलिस ने करीब दो घंटे बाद दंपति को घर जाने दिया। शाहजहांपुर के मोहल्ला लाला तेली की बजरिया निवासी एक पाठक दंपति मंगलवार को कच्छियानी हनुमान मंदिर पर पहुंचा था। जिसके झोले में घंटियां होने की किसी भक्त की सूचना पर महंत ने उसका झोला खोला। कथित तौर पर झोले में चार पांच घंटियां पाए जाने पर उसकी पिटाई कर दी गई। बाद में पुलिस उक्त दंपती को कोतवाली ले आई। दंपती ने बताया कि वह बीमार है। और रुहेलखंड अस्पताल आई थी। मंदिर महंत से शरीर कष्ट से मुक्त होने के लिए धागा बनवाने गई थी। उसे नहीं मालूम कि झोले में घंटियां कहां से आई। फिलहाल पुलिस ने दोनों को मुक्त कर दिया। घंटियां पुलिस ने कब्जे में ले ली हैं। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि मंदिर महंत की ओर से तहरीर नहीं दी गई।

## छोटे एवं बड़े लाट साहब जुलूस के दृष्टिगत बैठक आयोजित

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



एसपी के निर्देशन में सीओ सिटी पंकज पंत द्वारा आगामी होली पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले बड़े लाट साहब व छोटे लाट साहब जुलूस के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु नगर क्षेत्र के समस्त चौकी प्रभारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जुलूस मार्गों, संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, प्रमुख चौराहों तथा भीड़-भाड़ वाले स्थलों की समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जुलूस मार्ग पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा नियमित गश्त एवं सतर्क निगरानी रखी जाए तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की प्रभावी मॉनिटरिंग, अफवाहों पर त्वरित संज्ञान, अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही किसी भी आकस्मिक स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र को सक्रिय एवं तत्पर रखने के निर्देश दिए गए। क्षेत्राधिकारी नगर महोदय द्वारा सभी चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में संभ्रांत नागरिकों से समन्वय बनाए रखने तथा त्योहार को सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश प्रदान किए गए।

## घरेलू परमीशन की आड़ में जमकर अवैध खनन



खुटार, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़। खुटार थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहलिया वीरान समेत आसपास के कई गांवों में मिट्टी खनन का कार्य लगातार जारी है। क्षेत्र में सुबह होते ही ट्रैक्टर-ट्रालियों की आवाजें गूंजने लगती हैं और मिट्टी की ढुलाई शुरू हो जाती है। कृषि कार्य में प्रयोग होने वाले ट्रैक्टरों से व्यावसायिक परिवहन के रूप में जमकर किया जा रहा है, जिनमें कई बिना नंबर प्लेट सड़कों पर दौड़ते देखे जा सकते हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि वह दिन दूर नहीं जब कृषि योग्य भूमि ही न बचे कृषि योग्य भूमि पर लगातार खनन के चलते समय से पहले ही जलवायु परिवर्तन देखा जा रहा है। प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर तमाम तरीके के सवाल खड़े हो रहे हैं। बिना वैध अनुमति चल रही इस गतिविधि से भूमि संरचना, यातायात और सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। पूर्व में हादसों की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं दिख रही। अब देखना यह है कि संबंधित विभाग कब जागेगा और अवैध खनन पर सख्त कदम उठाएगा।

> यदि अवैध प्रकार के खनन किया जा रहा है तो मौके पर पहुंच कर जांच कराई जाएगी ब संबंधित के खिलाफ विधिक के कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
> -अरविंद कुमार अपर जिला अधिकारी राजस्व शाहजहांपुर

## हज यात्रियों के टीकाकरण प्रशिक्षण में सहयोग करने वालों का सम्मान

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



हज यात्रा पर जाने वाले हाजियों के टीकाकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्रदान करने वाले चिकित्सकों, सहित टीम तथा मदरसा शिक्षकों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह पुराना जिला चिकित्सालय सभागारमें आयोजित किया गया, जहां मदरसा नूर लता बिजली पूरा के प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने सभी सहयोगियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनके कार्यों की सराहना की। प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन ने अपने संबोधन में कहा कि हज यात्रा इस्लाम का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है और हाजियों की सेहत एवं सही मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों द्वारा समय पर स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण किए जाने से हाजियों को सुरक्षित एवं स्वस्थ यात्रा करने में सहायता मिले। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों की टीम ने भी अपने अनुभव साझा किए और हाजियों को स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन करने की अपील की। उन्होंने बताया कि टीकाकरण और प्राथमिक स्वास्थ्य जांच हज यात्रा की अनिवार्य प्रक्रिया का हिस्सा है, जिससे संक्रामक रोगों की रोकथाम संभव हो पाती है। समारोह में सभी चिकित्सक डॉक्टर शोएब अली, अभिषेक कुमार, जावेद अहमद सिद्दीकी, ज़हीम खान, शालिनी शर्मा, स्नेहा, अनिल कुमार, डॉ पी पी श्रीवास्तव, साजिद अली खान, अब्दुल कादिर खान, निफ़ासत अली खान, मोईन खान, जाहिद को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रधानाचार्य ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से ही हज यात्रियों की यात्रा सफल और सुगम बन सकती है।

## क्राप कटिंग की रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप पर भरकर उपलब्ध कराएं

शाहजहांपुर। चौधरी सिंह की जयन्ती पर आयोजित किसान सम्मान दिवस में प्रगतिशील कृषकों का चयन चयनित फसल रबी की फसलः गेहूँ, सरसों खरीफ की फसल धान, तिल ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, सावां एवं प्राकृतिक खेती फसल गेहूँ पर की क्रॉप कटिंग के आधार पर पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। डीडी कृषि पीके मिश्रा ने बताया। जनपद के सभी कृषकों को पुरस्कार के लिए चयनित फसल की क्राप कटिंग ब्लॉक स्तर पर गठित समिति की अध्यक्षता में कराकर क्राप कटिंग की रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप पर एवं निर्धारित शुल्क 10 रूपये की धनराशि के साथ सम्बन्धित ब्लॉक व राजकीय कृषि बीज भण्डार में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे आपका चयन पुरस्कार हेतु किया जा सकें।

## जनपद स्तरीय बाल उत्सव के आयोजन में छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



समग्र शिक्षा बेसिक विभाग द्वारा प्रगति स्वाभीमान सफलता की ओर 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद स्तरीय बाल उत्सव का आयोजन राजकीय इंटर कालेज की कीड़ा स्थल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ बीएसए दिव्या गुप्ता ने किया। उक्त कार्यक्रम में विकास खण्ड एवं नगर क्षेत्र से विजयी छात्र-छात्राओं की पोस्टर प्रतियोगिता एवं मीना मंच से सम्बन्धित वीडियो एवं कोमिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमे प्रतिभागी छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता से सम्बन्धित बहुत ही सुन्दर-सुन्दर पोस्टर बनाएं गये एवं छात्र छात्राओं द्वारा मिशन शक्ति पर गीत एवं उदबोधन के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। चयनित छात्राओं में पोस्टर प्रतियोगिता में अनष्का, तिलहर, कोमल भावल खेडा शीतल, कांट, स्वदेश मौर्य, ददरौल ऋष्टि पटेल सिंधौली, रेनू निगोही एवं अनन्या भावल खेड़ा से वीडियो मेरे बदलाव की कहानी प्रतियोगिता में सुहानी भावलखेंडा सिद्धी चौहान पुवायां से अर्नव तिवारी निगोही से मधु तिलहर से व कोमल भावलखेड़ा से चयन किया गया। छात्र छात्राओं को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा मेडल पहनाकर उत्साहवर्द्धन किया। कार्यक्रम में सहायक एवं वित्त लेखाधिकारी उमेश चन्द्र मिश्रा, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सोहन शुक्ल, जिला समन्वय शेखर गुप्ता, सतीश कनौजिया, रोहित सिंह, निकहत परवीन, दपिंदर कौर, गायत्री, प्रवेश दिवाकर, खुशबू शर्मा, आफाक अली, रेनू शुक्ला आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## नेशनल हाइवे पर एम्बुलेंस ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, गंभीर हालत

शाहजहांपुर। बुधवार दोपहर करीब 2 बजकर 47 मिनट पर हुई। यह पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। घायल बुजुर्ग की पहचान शीशपाल के रूप में हुई है जो थाना मदनापुर क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं। टक्कर इतनी भीषण थी कि बुजुर्ग हवा में करीब दस फीट उछल गए और सड़क पर करीब दस फीट तक घिसटते चले गए। हादसे के बाद एंबुलेंस चालक वाहन लेकर फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोग घायल बुजुर्ग की मदद करने के बजाय एंबुलेंस का पीछा करने लगे। यह घटना थाना कटरा क्षेत्र के नेशनल हाइवे 24 पर स्थित मुशर्रफ खान वाली पुलिया के पास हुई। बुजुर्ग सड़क पार कर रहे थे और उन्होंने दोनों तरफ देखा भी था, लेकिन दूसरी तरफ पहुंचने से पहले ही एंबुलेंस ने उन्हें टक्कर मार दी।

## बरखेड़ा बजाज चीनी मिल में ट्रैक्टर से दबकर चालक की मौत, परिजनों ने शव रखकर किया हंगामा



पीलीभीत। बरखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित बजाज चीनी मिल में बुधवार (18 फरवरी 2026) सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। बैगास (खोई) ढुलाई में लगे ट्रैक्टर के नीचे दबकर गांव डंडिया रांझे निवासी 30 वर्षीय देवेंद्र कुमार की मौत हो गई। मिल प्रशासन ने हादसे की सूचना परिजनों को देने के बजाय शव को सीधे घर भेज दिया, जिससे आक्रोशित परिजनों ने मिल गेट पर शव रखकर करीब तीन घंटे तक प्रदर्शन और हंगामा किया।देवेंद्र कुमार ठेकेदार के माध्यम से मिल में बैगास ढुलाई का काम करते थे। घटना सुबह करीब 5 बजे मिल परिसर के बैगास स्थल पर हुई। बताया गया कि देवेंद्र आराम करने के लिए ट्रैक्टर को बैगास के ढेर पर खड़ा कर खुद नीचे उतर आए। इसी दौरान ढलान पर खड़ा ट्रैक्टर अचानक नीचे सरक गया और देवेंद्र उसके नीचे दब गए। गंभीर रूप से घायल होने पर उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।शव घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। वे मिल प्रशासन पर लापरवाही और सूचना न देने का आरोप लगाते हुए आक्रोशित हो गए। परिजन और ग्रामीण मिल पहुंचे, जहां उन्होंने मृतक का शव गेट के सामने रखकर जोरदार प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने मिल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए और न्याय की मांग की। हंगामा करीब तीन घंटे तक चला।सूचना मिलने पर बरखेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष प्रमेंद्र कुमार ने परिजनों से जानकारी ली और मिल प्रबंधन से बातचीत की। बाद में बैगास ढुलाई का ठेका लेने वाले ठेकेदार ने परिजनों को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता मुहैया कराई, जिसके बाद परिजन शांत हुए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच जारी है। बजाज चीनी मिल के पीआरओ सतीश श्रीवास्तव ने बताया कि ठेके पर काम करने वाला चालक ट्रैक्टर के नीचे आ गया था। उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। मिल प्रबंधन पीड़ित परिवार के साथ है और हर संभव मदद करेगा।यह घटना मिल में सुरक्षा मानकों पर सवाल खड़े कर रही है। पुलिस जांच में हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है, जबकि परिजन उचित मुआवजे और न्याय की उम्मीद कर रहे हैं।

## पीलीभीत व शाहजहांपुर के 230 गांव ईको-सेंसिटिव जोन में शामिल

पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।



टाइगर रिजर्व (पीटीआर) के आसपास पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के तहत ईको-सेंसिटिव जोन (ESZ) घोषित कर दिया गया है। इस जोन में पीलीभीत जिले के साथ-साथ शाहजहांपुर जिले के कुल 230 गांव आ गए हैं। यह कदम वन्यजीवों विशेषकर बाघों, तेंदुओं और अन्य प्रजातियों को बेहतर संरक्षण प्रदान करने के लिए उठाया गया है, जबकि स्थानीय क्षेत्रों में अनियंत्रित विकास और प्रदूषण पर सख्त रोक लगेगी। शामिल प्रमुख गांवों की सूचीईको-सेंसिटिव जोन मुख्य रूप से पीलीभीत जिले की विभिन्न रेंजों (जैसे देवरिया, हरीपुर, बराही, महोफ, माला रेंज) और शाहजहांपुर जिले के सटे इलाकों को कवर करता है। अधिसूचना में उल्लिखित कुछ प्रमुख और प्रतिनिधि गांव/कॉलोनियां निम्नलिखित हैंन्देवरिया, हरीपुर, बराही, महोफ, माला रेंज सिरसा सरदाह, माला कॉलोनी, पांडेय कॉलोनी, गांधीनगर, कोलकाता कॉलोनी, माला गोयल कॉलोनी धेरम मंदारिया, कंजा हरैया, ज्ञानपुर, अजीतपुर पटपरा, राम नगरैया महुआ अजीतपुर, रानीगंज, बांस खेड़ा, बड़ेपुरा, चतुर्भुजपुर, अमखिड़िया ढकिया, केशरापुर, चकपुर, इमलिया फार्म, सफहा, बरुआ, संदई पड़ाव शाहगढ़, अभयपुर, पिपरिया करम, बानगंज ग्रांट, शिव नगर बड़ी महदिया, छोटी महदिया, इटौरिया, पिंडारा, घुंघचाई ये गांव पीटीआर की सीमा से 0 से 2 किलोमीटर के दायरे में आते हैं। अधिसूचना के अनुसार, नेपाल और उत्तराखंड की सीमाओं पर श्वर्ई का विस्तार शून्य किलोमीटर रखा गया है, जबकि शाहजहांपुर सीमा पर 1 किलोमीटर तक सीमित है।

**ESZ के प्रमुख नियम और प्रभावप्रतिबंधित गतिविधियां:** वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन, ईंट भट्ठे, नई आरा मशीन, प्रदूषणकारी उद्योग, बड़ी जल विद्युत परियोजनाएं, जलावन लकड़ी का व्यावसायिक उपयोग आदि पूरी तरह प्रतिबंधित।

**नियंत्रित गतिविधियां:** संरक्षित क्षेत्र से 1 किमी के अंदर नए होटल/रिजॉर्ट पर रोक (छोटे पर्यटन निर्माण अनुमति से संभव), रात में वाहन आवागमन नियंत्रित, प्रदूषणकारी बहिस्राव पर सख्ती।

**लाभः** बाघ, तेंदुआ, विभिन्न हिरण प्रजातियां, स्लॉथ बियर, घड़ियाल आदि को मानव गतिविधियों से सुरक्षा मिलेगी। स्थानीय समुदायों के लिए संतुलित विकास के रास्ते खुले रहेंगे। यह अधिसूचना फरवरी 2026 में जारी हुई है, जो 2014 में पीटीआर के टाइगर रिजर्व घोषित होने के बाद 12 वर्षों की लंबी प्रक्रिया का नतीजा है। वन विभाग अब अनधिकृत निर्माणों की जांच और नियमों के अनुपालन पर फोकस करेगा।स्थानीय निवासियों और पर्यावरण प्रेमियों के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है।


## किसान सहकारी चीनी मिल्स लि.पुवायां शाहजहांपुर

### निविदा सूचना

संख्या-703/प्र.प्र./2025-26 दिनांक-18.02.2026

पेराई सत्र 2025-26 के दौरान इस मिल समिति में विभिन्न प्रकार के सामानों की आपूर्ति, सिविल कार्य एवं अन्य कार्य कराये जाने हेतु मूल उत्पादकों अधिकृत विक्रेताओं एवं अनुभवी पंजीकृत ठेकेदारों से ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई-निविदायें समय-समय पर चीनी मिल एवं संघ की वेबसाइट www.etender.up.nic.in/ www.upsugarfed.org पर 19.02.2026 से 20.03.2026 तक देखा एवं अपलोड किया जा सकता है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

प्रधान प्रबन्धक

## पाकिस्तान फिर पस्त

भारत की क्रिकेट टीम के मुकाबले पाकिस्तान की टीम का हारना तो तय था, लेकिन मैच इतना एकतरफा रहेगा और पाक टीम लगातार 'सरेंडर' करेगी, इसकी उम्मीद नहीं थी। हालांकि विश्व चैम्पियन रहे, भारत के महानायक बल्लेबाज रहे सुनील गावस्कर ने आकलन किया था कि टीम इंडिया बहुत 'सुपीरियर' है। बीते दो सालों में वह खेल के चरमोत्कर्ष पर है। उसके मुकाबले पाक टीम तभी जीत सकती है, जब टीम इंडिया के सभी खिलाड़ी बहुत खराब खेलें। गावस्कर का आकलन 'सरस्वती वाणी' साबित हुआ और 'सुपीरियर' टीम ही विजयी रही। टी-20 विश्व कप के ग्रुप मैच में भारत ने पाकिस्तान को 61 रन से मात दी। विश्व कप में भारत के खिलाफ पाक टीम की यह सबसे बड़ी, रौंददार पराजय है। अब भारत के पक्ष में जीत-हार का समीकरण 8-1 हो गया है। अर्थात् भारत ने टी-20 विश्व कप में 9 में से 8वीं बार पाक टीम को हराया है। यदि विश्व कप मुकाबलों को समग्रता में देखा जाए, तो दोनों टीमों ने कुल 17 मैच खेले हैं। उनमें से 16 मुकाबले टीम इंडिया ने जीते हैं। यह आईसीसी मुकाबलों में टीम इंडिया की लगातार 16वीं जीत है। हमने अंतिम पराजय एकदिनी विश्व कप, 2023 के फाइनल में झेली थी। उसके बाद टीम इंडिया 'अपराजेय' रही है। कमोबेश टी-20 में उसने ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की चैम्पियन रही टीमों को परास्त किया है और फिलहाल वह 'विश्व चैम्पियन' टीम है। टी-20 में भारत की रैंकिंग 'नंबर एक' है, जबकि पाकिस्तान 6-7वें स्थान पर है। टीम इंडिया ने कोलंबो की स्विंग, स्पिन और टर्निंग पिच पर 175 रन बनाए, जिसके नायक रहे इशान किशन। उन्होंने 40 गेंदों पर 77 रन बनाए और 10 चौके, तीन छक्के ठोंक दिए। यह टीम इंडिया के खेल की बानगी भर है।

उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। बधाई। यह विश्व कप में पाक टीम के खिलाफ भारत का सर्वोच्च स्कोर है। इस पिच पर 150-160 रन बना कर भी विरोधी टीम को पस्त किया जा सकता है। बहरहाल पाक टीम 114 रन ही बना पाई और पूरे 20 ओवर भी खेल नहीं सकी। हमारे बुमराह, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, हार्दिक पंड्या ने 2-2 विकेट लिए और कुलदीप यादव, तिलक वर्मा के हिस्से भी 1-1 विकेट आई। यह विश्व कप में पाक टीम का तीसरा सबसे कम स्कोर है। पाकिस्तान के उस्मान खान ने ही संघर्ष करके 44 रन बनाए और अंत में शाहीन ने नाबाद 23 रन बनाए, लेकिन तब तक मैच मुट्ठी से सरक चुका था। शेष पाक टीम के बल्लेबाज बिखरते चले गए। ऐसा लग रहा था मानो किसी अंतरराष्ट्रीय टीम के सामने कोई स्थानीय स्तर की नौसीखिया टीम खेल रही हो! बाबर आजम 142-143 मैच खेल चुके हैं, बड़े मंचों पर वह लगातार नाकाम रहे हैं, उन्होंने मात्र 5 रन बनाए और अक्षर ने उन्हें बोल्ड कर दिया, लिहाजा उन्हें अब 'संन्यास' पर विचार करना चाहिए। बहरहाल भारत-पाक मैच के आंकड़े और विवरण दुनिया के सामने है, लेकिन अब 'कृत्रिम उन्माद' और 'मिथक' खत्म कर देने चाहिए। दशकों से शोर मचाया जाता रहा है कि भारत-पाक का मैच 'महामुकाबला' है, 'सबसे बड़ी भिड़ंत' है, 'क्रिकेट की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता' है। अब ये छद्म विशेषण समाप्त किए जाने चाहिए, क्योंकि मुकाबलों के नतीजे और सच सामने हैं। कोई तुलना नहीं, कोई मुकाबला नहीं, कोई बराबरी नहीं, भारत-पाक टीमों के प्रदर्शनों में जमीन-आसमान का फर्क है।

# शिवाजी ने मुगल और बीजापुर सल्तनत की नींव को खोखला कर दिया था

*डॉ. लोकेश कुमार*

छत्रपति शिवाजी महाराज ने 16 साल की आयु में उन्होंने बीजापुर सल्तनत के खिलाफ युद्ध का बिगुल बजाकर तोरण दुर्ग पर अधिकार जमा लिया। सन 1659 में बीजापुर के सेनापति अफजल खान को कूटनीति से मार गिराया, जो उनकी पहली बड़ी सैन्य सफलता मानी गई। उनका जन्म 19 फरवरी, 1630 को हुआ था। इस कारण उनकी जयंती 19 फरवरी को मनाई जाती है। उन्होंने गुरिल्ला युद्ध, मजबूत नौसेना और कुशल प्रशासन के साथ तोरना, प्रतापगढ़ और रायगढ़ जैसे किले जीतकर एक शक्तिशाली राज्य की स्थापना की थी। 1674 में रायगढ़ में छत्रपति के रूप में राज्याभिषेक के बाद धर्म, न्याय और प्रगतिशील शासन के प्रतीक बन गए, जिन्होंने भारत के इतिहास में वीरता और स्वतंत्रता की मिसाल कायम की। वे एक उत्कृष्ट प्रशासक थे। एक सुदृढ़ प्रशासनिक व्यवस्था की नींव रखीं। शिवाजी का मराठा साम्राज्य महाराष्ट्र से लेकर कर्नाटक और तमिलनाडु तक फैला हुआ था। प्रशासन को सुदृढ़ करने के लिए, शिवाजी ने जागीर प्रथा को समाप्त कर दिया और अपने अधिकारियों को नकद वेतन देना प्रारंभ किया। जागीरदारी व्यवस्था समाप्त करने के बावजूद उन्होंने विद्यालयों और मंदिरों के लिए भूमि अनुदान देना प्रारंभ किया। उनका प्रशासन एक केंद्रीकृत, सुव्यवस्थित और जनकल्याणकारी माना जाता है, जिसका मुख्य केंद्र 'अष्टप्रधान' (आठ मंत्री) नामक मंत्रिपरिषद थी। उनके शासन की मुख्य विशेषताओं में मलिक अंबर पर आधारित भू-राजस्व प्रणाली (33-40 प्रतिशत कर), चौथ (1/4 रक्षा कर) और सरदेशमुखी (1/10 कर) वसूली, अनुशासित स्थायी सेना, किलों का विशेष महत्व, नागरिक अधिकारियों की सर्वोच्चता और धार्मिक सहिष्णुता का गुण शामिल था।



छत्रपति शिवाजी महाराज एक साहसी, कुशल रणनीतिकार और दूरदर्शी शासक के रूप में याद किए जाते हैं, जिन्होंने मराठा पहचान दी। वे मराठा साम्राज्य के संस्थापक थे, जिन्होंने मुगलों और बीजापुर सल्तनत की नींव को खोखला कर दिया। उन्होंने गोरिल्ला युद्ध (छापामार युद्ध) नीति का उपयोग कर मराठा साम्राज्य की स्थापना की। माना जाता है कि गोरिल्ला युद्ध महाराणा प्रताप की खोज थी, उन्होंने मुगल शासक अकबर के खिलाफ छापामार युद्ध अपना कर उनको घुटनों के बल ला दिया था।

शिवाजी को उनकी मां जीजाबाई ने न्याय, धर्म और रामायण-महाभारत की कहानियां सुनाकर एक धर्मपरायण योद्धा के रुप में तैयार किया था। समर्थ गुरु रामदास और दादाजी कोणदेव ने भी उनके व्यक्तित्व को निखारने में हरसम्भव कोशिश की। 16 साल की आयु में उन्होंने बीजापुर सल्तनत के खिलाफ युद्ध का बिगुल बजाकर तोरण दुर्ग पर अधिकार जमा लिया। सन 1659 में बीजापुर के सेनापति अफजल खान को कूटनीति से मार गिराया, जो उनकी पहली बड़ी सैन्य सफलता मानी गई। उनका जन्म 19 फरवरी, 1630 को हुआ था। इस कारण उनकी जयंती 19 फरवरी को मनाई जाती है।

उन्होंने गुरिल्ला युद्ध, मजबूत नौसेना और कुशल प्रशासन के साथ तोरना, प्रतापगढ़ और रायगढ़ जैसे किले जीतकर एक शक्तिशाली राज्य की स्थापना की थी। 1674 में रायगढ़ में छत्रपति के रूप में राज्याभिषेक के बाद धर्म, न्याय और प्रगतिशील शासन के प्रतीक बन गए, जिन्होंने भारत के इतिहास में वीरता और स्वतंत्रता की मिसाल कायम की। वे एक उत्कृष्ट प्रशासक थे। एक सुदृढ़ प्रशासनिक व्यवस्था की नींव रखीं। शिवाजी का मराठा साम्राज्य महाराष्ट्र से लेकर कर्नाटक और तमिलनाडु तक फैला हुआ था। प्रशासन को सुदृढ़ करने के लिए, शिवाजी ने जागीर प्रथा को समाप्त कर दिया और अपने अधिकारियों को नकद वेतन देना प्रारंभ किया। जागीरदारी व्यवस्था समाप्त करने के बावजूद उन्होंने विद्यालयों और मंदिरों के लिए भूमि अनुदान देना प्रारंभ किया। उनका प्रशासन एक केंद्रीकृत, सुव्यवस्थित और जनकल्याणकारी माना जाता है, जिसका मुख्य केंद्र 'अष्टप्रधान' (आठ मंत्री) नामक मंत्रिपरिषद थी। उनके शासन की मुख्य विशेषताओं में मलिक अंबर पर आधारित भू-राजस्व प्रणाली (33-40 प्रतिशत कर), चौथ (1/4 रक्षा कर) और सरदेशमुखी (1/10 कर) वसूली, अनुशासित स्थायी सेना, किलों का विशेष महत्व, नागरिक अधिकारियों की सर्वोच्चता और धार्मिक सहिष्णुता का गुण शामिल था।

**छत्रपति के प्रशासन की विशेषताएं:-** शिवाजी का शासन केन्द्रीयकृत शासन था। उनके पास ही सारी शक्तियाँ निहित थी। उन पर किसी प्रकार का प्रतिबंध अथवा नियंत्रण नहीं था। उनके आदेशों का पालन सभी को करना पड़ता था। उनके पास पदाधिकारियों की नियुक्ति एवं पदच्युति करने का पूर्ण अधिकार था। व्यवहारिक दृष्टिकोण से देखें तो पता चलता है कि अपनी समकालीन तानाशाहों से बिल्कुल भिन्न थे। उन्होंने कभी भी अपने स्वार्थ के लिए आम जनता की उपेक्षा नहीं की और न जनता के अधिकारों का हनन किया। कभी भी सत्ता का दुरूपयोग नहीं किया। हरसंभव तरीके से जनता की उत्थान की चेष्टा की। प्रजा के लिए कल्याण किया और प्रजाहित, प्रजा सुरक्षा, न्याय, नैतिकता और धर्म के लिए उदार भावना थी। प्रशासनिक कार्यों में सलाह के लिए आठ मंत्रियों की एक परिषद का गठन किया, जिसमें पेशवा (प्रधानमंत्री) सर्वोच्च माना जाता था। अन्य मंत्री अमात्य, वकनीस, सचिव, सुमंत, सेनापति, पंडितराव और न्यायाधीश थे।

**आमात्य:-** शिवाजी के अष्टप्रधान में दूसरा मंत्री आमात्य कहलाता था। आमात्य अर्थ विभाग का प्रधान होता था इसे मजूमदार भी कहा जाता था इसका कार्य राज्य के आय-व्यय का ब्योरा और विभिन्न प्रांतों के हिसाब-किताब की जांच पड़ताल करना था।

**पैदल सेना:-** पैदल सैनिकों में नवपायिकों की सबसे छोटी इकाई होती थी इसका मुख्य नायक कहलाता था। इसका वेतन साधारण होता था पांच नायकों पर एक हवलदार होता था। दो या तीन हवलदार पर एक जुमलदार होता था।

**जल सेना:-** शिवाजी ने अपने राज्य की रक्षा एवं जंजीरा के विरुद्ध युद्ध करने के लिए एक जल सेना का भी गठन किया था। शिवाजी के पास 400 जहाज थे, इनमें पांच प्रकार के युद्धपोत और कुछ बड़ी-बड़ी नावें भी थीं।

**अंगरक्षक की सेना:-** उनके पास दो हजार चुने हुए अंगरक्षक थे, जो बड़े साहसी एवं वीर होते थे। अंगरक्षक की सेना पर पूरा व्यय राज्य वहन करता था।

**भू-राजस्व और कृषक कल्याण:-** भूमि की पैमाइश (माप) के लिए 'काठी' का उपयोग किया जाता था। उपज का 33 प्रतिशत (बाद में 40 प्रतिशत ) कर लिया जाता था। अकाल के समय किसानों को बीज और पशु खरीदने के लिए 'तकावी' (ऋण) देने की व्यवस्था कर रखी थी।

**सैन्य व्यवस्था:-** उन्होंने एक मजबूत, अनुशासित और स्थायी सेना बनाई। सैनिकों को जागीर के बदले नकद वेतन देना प्रारंभ किया। सेना में 'पागा' (नियमित) और 'सिलहदार' (अस्थायी) दो प्रकार के घुड़सवार थे। शिवाजी ने किलों को सामरिक महत्व का केंद्र मानते हुए प्रत्येक किले में हवलदार, सबनीस और कारखानिस नामक तीन समान रैंक के अधिकारी बनाए, ताकि एक व्यक्ति निरंकुश नहीं हो सकें। प्रशासन का केंद्र बिंदु स्वयं शिवाजी थे। वे सभी धर्मों के प्रति सहिष्णु भी थे और उनकी सेना व प्रशासन में मुस्लिम अधिकारी भी महत्वपूर्ण पदों आसीन थे। न्याय व्यवस्था सरल थी, जिसमें ग्राम पंचायतें स्थानीय विवादों का निपटारा करती थीं और उच्च स्तर पर न्यायधीश व पंडितराव न्याय करते थे।

**सैनिक अनुशासन: –** शिवाजी के शासनकाल में मराठा सैनिक को एकत्रित करते हुए राष्ट्रीय सेना की स्थापना की थी, सैनिक राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत थे। वे अपने देश की रक्षा के लिए सर्वस्व न्योछावर करने के लिए हमेशा तैयार रहते थे। बहरहाल, हम यही कह सकते हैं कि छत्रपति शिवाजी महाराज दूरदर्शी थे। शक्तिशाली होने के साथ उन्होंने जनकल्याण के कार्य किए। उनका विचार अंतिम व्यक्ति के कल्याण पर टिका था।

*(लेखक, स्वतंत्र पत्रकार हैं।)*

विचार

# क्या ग्रेट निकोबार बनेगा भारत का सिंगापुर, या टूटेगा पर्यावरणीय संतुलन ?

*अजय कुमार*

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का सबसे दक्षिणी द्वीप ग्रेट निकोबार आज भारत की रणनीतिक, आर्थिक और पर्यावरणीय बहस का केंद्र बन चुका है। करीब 90 हजार करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली मेगा इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल से मंजूरी मिलने के बाद यह सवाल और गहरा हो गया है कि क्या भारत विकास और संरक्षण के बीच संतुलन साध पाएगा। ट्रिब्यूनल ने अपने आदेश में कहा है कि परियोजना को दी गई पर्यावरणीय स्वीकृति में पर्याप्त सुरक्षा उपाय शामिल हैं और इसे रोका नहीं जा सकता, लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि हर शर्त का कड़ाई से पालन अनिवार्य होगा। ग्रेट निकोबार द्वीप भारत का सबसे दक्षिणी बड़ा द्वीप है और भौगोलिक दृष्टि से इसकी स्थिति असाधारण मानी जाती है। यह द्वीप मलक्का जलडमरूमध्य से करीब 35 से 40 नॉटिकल मील की दूरी पर स्थित है। अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठनों और शिपिंग डेटा के मुताबिक, दुनिया के कुल समुद्री व्यापार का लगभग 30 से 40 प्रतिशत हिस्सा इसी जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। चीन के कुल ऊर्जा आयात का करीब 60 प्रतिशत और जापान तथा दक्षिण कोरिया के व्यापार का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते पर निर्भर है। यही वजह है कि इसे हिंद महासागर क्षेत्र की सबसे अहम 'चोक पॉइंट' माना जाता है।

भारत के लिए यह स्थिति इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अभी तक देश के पास इस इलाके में कोई बड़ा ट्रांसशिपमेंट हब नहीं है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार भारत का करीब 75 प्रतिशत कंटेनर ट्रांसशिपमेंट विदेशी बंदरगाहों जैसे सिंगापुर, कोलंबो और पोर्ट क्लांग के जरिए होता है। इससे न केवल समय बढ़ता है, बल्कि लॉजिस्टिक्स लागत भी 10 से 15 प्रतिशत तक ज्यादा हो जाती है। रिजर्व बैंक और शिपिंग मंत्रालय से जुड़े अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि उच्च लॉजिस्टिक लागत के कारण भारत की मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट प्रतिस्पर्धा प्रभावित होती है।इसी कमी को दूर करने के लिए ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट को गेमचेंजर बताया जा रहा है। यह परियोजना लगभग 166 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैली होगी। इसमें गैलेथिया बे पर अंतरराष्ट्रीय कंटेनर ट्रांस शिपमेंट टर्मिनल, ड्यूल यूज सिविल-मिलिट्री एयरपोर्ट, 450 मेगावॉट का गैस और सौर ऊर्जा आधारित पावर प्लांट और एक नई इंटीग्रेटेड टाउनशिप शामिल है। सरकारी दस्तावेज बताते हैं कि सिर्फ पोर्ट परियोजना पर करीब 40,040 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। पहले चरण में 18,000 करोड़ रुपये की लागत से 2028 तक इसे चालू करने का लक्ष्य है। शुरुआती क्षमता 4 मिलियन टीईयू से अधिक होगी, जबकि पूरी तरह विकसित होने पर यह क्षमता 16 मिलियन टीईयू तक पहुंच सकती है।

अगर इन आंकड़ों की तुलना की जाए तो भारत का कुल कंटेनर ट्रैफिक 2020 में करीब 17 मिलियन टीईयू था, जबकि चीन का आंकड़ा 245 मिलियन टीईयू से अधिक रहा। यह अंतर साफ दिखाता है कि भारत को अपने समुद्री इंफ्रास्ट्रक्चर में कितनी बड़ी छलांग की जरूरत है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर बड़े कंटेनर जहाज सीधे ग्रेट निकोबार पर रुकने लगते हैं, तो छोटे फीडर जहाजों के जरिए देश के पूर्वी और पश्चिमी तट के बंदरगाहों तक माल पहुंचाना आसान होगा। इससे ट्रांजिट टाइम में कई दिन की बचत हो सकती है और लागत में भी उल्लेखनीय कमी आएगी।रणनीतिक दृष्टि से यह परियोजना भारत की समुद्री सुरक्षा को नई मजबूती दे सकती है। रक्षा विश्लेषकों के अनुसार ग्रेट निकोबार का विकास हिंद महासागर क्षेत्र में निगरानी, खुफिया गतिविधियों और त्वरित सैन्य प्रतिक्रिया की क्षमता को बढ़ाएगा। आपदा प्रबंधन और मानवीय सहायता अभियानों के लिहाज से भी यह द्वीप एक अहम बेस बन सकता है। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बढ़ती सामरिक हलचलों के बीच भारत के लिए यह एक अतिरिक्त बढ़त के रूप में देखा जा रहा है।

लेकिन जितनी बड़ी इसकी रणनीतिक और आर्थिक अहमियत है, उतनी ही गहरी इसकी पर्यावरणीय चुनौतियां भी हैं। ग्रेट निकोबार एक बायोस्फीयर रिजर्व है, जहां घने वर्षावन, मैंग्रोव, कोरल रीफ और कई दुर्लभ प्रजातियां पाई जाती हैं। पर्यावरण आकलनों के मुताबिक परियोजना के लिए 8.5 लाख से लेकर 50 लाख से ज्यादा पेड़ों की कटाई की आशंका जताई गई है। यह इलाका लेदरबैक समुद्री कछुओं के सबसे महत्वपूर्ण प्रजनन स्थलों में से एक है। इसके अलावा निकोबार मेगापोड पक्षी, खारे पानी के मगरमच्छ, निकोबार मकाक और रॉबर क्रैब जैसी प्रजातियों पर भी खतरे की बात कही जा रही है यही वजह है कि इस परियोजना को लेकर राजनीतिक और सामाजिक विरोध भी सामने आया। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी समेत कई पर्यावरणविदों ने आरोप लगाया कि परियोजना में पर्यावरण और स्थानीय समुदायों के भविष्य को नजरअंदाज किया गया है। उनका कहना रहा कि क्लाइमेट चेंज के दौर में समुद्र स्तर बढ़ रहा है और ऐसे में इतने बड़े तटीय इंफ्रास्ट्रक्चर का जोखिम कई गुना बढ़ जाता है।

ग्रेट निकोबार सिर्फ जैव विविधता का केंद्र नहीं है, बल्कि शोंपेन और निकोबारी जैसी जनजातियों का भी घर है। खासतौर पर शोंपेन जनजाति की आबादी 200 से 300 के बीच बताई जाती है और उन्हें दुनिया की सबसे संवेदनशील आदिवासी जनजातियों में गिना जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि बड़े पैमाने पर बाहरी आबादी के आने से उनकी पारंपरिक जीवन शैली, संस्कृति और अस्तित्व पर गंभीर असर पड़ सकता है। सरकार का दावा है कि आदिवासी अधिकारों की रक्षा के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं और उनके क्षेत्रों में न्यूनतम हस्तक्षेप होगा, लेकिन इस पर लगातार निगरानी की मांग की जा रही है।

एनजीटी ने अपने आदेश में पर्यावरण संरक्षण को लेकर कई सख्त निर्देश दिए हैं। इनमें मैंग्रोव पुनर्स्थापन, कोरल ट्रांसलोकेशन, तटरेखा संरक्षण, वन्य जीवों के प्रजनन स्थलों की सुरक्षा और आदिवासी हितों की रक्षा शामिल है। ट्रिब्यूनल ने यह भी साफ किया है कि आईलैंड कोस्टल रेगुलेशन जोन नियमों का किसी भी स्तर पर उल्लंघन स्वीकार नहीं किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई की जाएगी। कुल मिलाकर, ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट भारत के सामने एक बड़ी परीक्षा है। एक तरफ राष्ट्रीय सुरक्षा, समुद्री शक्ति और आर्थिक विकास की जरूरत है, तो दूसरी तरफ पर्यावरण संतुलन और स्थानीय समुदायों की रक्षा की जिम्मेदारी। आने वाले वर्षों में यह परियोजना किस दिशा में आगे बढ़ती है, यही तय करेगा कि ग्रेट निकोबार भारत के लिए अगला सिंगापुर बनता है या विकास और संरक्षण की टकराहट का सबसे बड़ा उदाहरण। फिलहाल इतना तय है कि यह द्वीप अब सिर्फ भारत का सबसे दक्षिणी भूभाग नहीं, बल्कि देश की समुद्री राजनीति और दीर्घकालिक रणनीति का केंद्र बन चुका है।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

साहित्य



## गुलाब कैसे आ गया तलवार के म्यान में

**उज्जवल कुमार**

गुलाब कैसे आ गया तलवार के म्यान में
कोई तो शायर नहीं रहा मेरे खानदान में

उसी के जीत या हार के किस्से हुए मशहूर
जो आख़िरी दम तक डटा रहा मैदान में

वो बात तुम भूल गयी या है याद अब भी
जो जाते हुए कही थी तुमने मेरे कान में

जरूरतें कभी-कभी कुछ भी करा लेती हैं
किसी को परखों तो रखों ये बात ध्यान में

उज्जवल से मत माँगो कोई राय उसकी
छोटा आदमी है क्या रखा उसके बयान में





## राशिफल

**मेष:-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य व कार्य में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा।

**वृषभ:-** रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी। सामाजिक कार्य में व्यस्त रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**मिथुन:-** वाक्यपटुता व व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु मन केंद्रित होगा। परिवार में खुशहाल स्थिति रहेगी।

**कर्क:-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक बनेगी। अत: इसे सुधारें।

**सिंह:-** नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में विलम्ब कतई न करें।

**कन्या:-** कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**तुला:-** निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। अभिभावकों एवं श्रेष्ठजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक:-** नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में स्थिति अनुकूल होगी।

**धनु:-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओं को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**मकर:-** मर्यादा व पद का ख्याल रखते हुए अपने उच्छृंखल मन पर नियंत्रण रखें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कुंभ:-** महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओं पर भरोसा रख अपने महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फलीभूत करने हेतु केंद्रित हों। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**मीन:-** नये कार्य के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव्र होगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

# बांग्लादेश सरकार में हिंदु समुदाय के सांसदों को मंत्री बनाने के निहितार्थ

*डॉ. रमेश ठाकुर*

पड़ोसी देश बांग्लादेश में तारिक रहमान की अगुवाई में नई सरकार शपथ ले चुकी है। खास बात ये है नयी सरकार में दो हिंदू सांसदों को मंत्री बनाया गया है। समूची दुनिया इस निर्णय को भारत के साथ प्रत्यक्ष रूप से बांग्लादेश के बिगड़े संबंधों को सुधारने की पहल के रूप में देख रही है। इस कदम से चीन-पाकिस्तान चिढ़े भी हैं। यह उनके लिए असहज स्थिति पैदा करता है कि बांग्लादेश, भारत या उसके नजदीकियों को तवज्जो दे। लेकिन, देश के नये प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने ऐसे मंसूबों को धता बताते हुए बड़ी सूझबूझ से कदम आगे बढ़ाया। बीते कुछ महीनों में 11 हिंदुओं की बर्बरता के साथ हुई हत्या ने बांग्लादेश की न सिर्फ थू-थू करवाई बल्कि दशकों से चले आ रहे भारत के साथ उसके मधुर संबंधों को भी पटरी से उतार दिया। इसे लेकर दोनों देशों में तल्खियां बनी हुई थीं। रहमान जानते हैं अगर माहौल ऐसा ही रहा तो रिश्तों की दूरियां घटने वाली नहीं। इसपर गौर करते हुए रहमान ने अपनी कैबिनेट में हिंदू समुदाय से ताल्लुक रखने वाले सांसदों को अहम औहदे सौंपे ताकि रिश्तों में फिर से नरमी लाई जा सके।

शेख हसीना की सरकार के पतन के साथ ही देश के हिंदु समुदाय को जिस तरह निशाना बनाया गया और बड़ी संख्या में भीड़ की हिंसा की घटनाएं तेजी से बढ़ीं, तारिक रहमान के सामने इन घटनाओं को तत्काल रोकने की बड़ी चुनौती है। हालांकि, इन घटनाओं को रोकने के लिए वह अपने कदम तेजी से बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री रहमान सबसे पहले पूर्व की अंतरिम सरकार के मुखिया रहे मोहम्मद यूनुस के फैसलों की गहन समीक्षा करेंगे। मोहम्मद यूनुस का झुकाव भारत को परेशान करने वाली पाकिस्तान-चीन की संयुक्त खुराफाती नीतियों की ओर ज्यादा रहा था। रहमान अच्छी तरह से समझते हैं कि जबतक मोहम्मद यूनुस कार्यकारी प्रधानमंत्री रहे, उन्होंने भारत के साथ संबंधों को बिगाड़ने की हरसंभव कोशिशे की। कुछ उन्होंने की और कुछ दूसरे देशों ने करवाई।

तारिक रहमान अपनी कैबिनेट में अल्पसंख्यक हिंदू मंत्रियों की आमद के साथ बांग्लादेश में अगले पांच सालों तक स्थिर और प्रभावशाली सरकार चलाने की मंशा रखते हैं। इसी को ध्यान में रखकर जब उनकी पार्टी बीएनपी चुनावों में जीती तो सबसे पहले वह अपने धुर विरोधी विपक्षी नेता और जमात-ए-इस्लामी प्रमुख शफीकुर रहमान के बिना बुलाए ढलती शाम के बाद उनके आवास पहुंच गए। चुनावी गुस्सेबाजियों के इतर उनसे नई सरकार में सहयोग की गुजारिश की। विपक्षी नेता ने भी राजनीतिक दुश्मनी छोड़ कर अपने घर पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस तरह की राजनीतिक परंपरा का प्रचार-प्रसार पूरे विश्व में होना चाहिए कि चुनाव बाद विपक्ष से सत्ता पक्ष को कैसे व्यवहार करना चाहिए। ये उन देशों के लिए सीख भी है जहां पक्ष-विपक्ष आपस में अनैतिकता की सभी सीमाएं लांघ रहे हैं। रहमान उस विपक्षी नेता के घर भी पहुंचे जिनकी पार्टी चुनाव में तीसरे स्थान पर रही। नेशनल सिटीजन पार्टी के नाहिद इस्लाम को भी गले लगाया और बांग्लादेश के विकास में उनसे भी सहयोग मांगा। राजनीति में ऐसी तस्वीरों का दिखना दुर्लभ होता है लेकिन बांग्लादेश में दिखी।

रहमान की जीत पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का उन्हें भाई बताना और उनकी जीत की खुशी में फूल-मिठाइयां को ढाका भेजना भी खतरे में पड़े संबंधों में रस भरने जैसा कहा जाएगा। साथ ही रहमान के शपथग्रहण समारोह में भारत सरकार की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का पहुंचना भी संबंधों को नए सिरे से गढ़ने जैसा है। भारत के खिलाफ अपने मंसूबों को पूरा करने के लिए जिस तरह चीन-पाकिस्तान ने बांग्लादेश के कंधों का इस्तेमाल कर देश को सत्यानाश के रास्ते पर धकेल दिया, उसका अंदाजा नवगठित सरकार के मुखिया को है। बांग्लादेश-भारत संबंध जितने बिगड़ेंगे, दोनों देश मिलकर उतना ही फायदा उठाएंगे। चीन-पाकिस्तान की जुगलबंदी ने पूर्व की कार्यकारी सरकार को कठपुतली की तरह इस्तेमाल किया। पाकिस्तान की शह पर बंगाली और हिंदुओं को खूब लड़ाया गया लेकिन 13वें राष्ट्रीय चुनाव में हिंदू समुदाय के तीन सांसद जीते हैं- जिनमें निताई रॉय चौधरी को स्पीकर, चटगांव से जीते अधिवक्ता दीपेन दीवान को पहाड़ी क्षेत्रों के संरक्षण के लिए मंत्री और गोयेश्वर रॉय चौधरी को रेलमंत्री बनाया गया है। यह तथ्य एक उम्मीद जगाते हैं। बांग्लादेश में नई सरकार के गठन के साथ करीब एक-डेढ़ साल से देश के विभिन्न हिस्सों में हिन्दुओं के खिलाफ भीड़ की हिंसा का जो दौर चल रहा था, वो फिलहाल थमता दिख रहा है। देश की जनता को इस दिन का लंबे समय से इंतजार था। काफी जद्दोजहद और राजनीतिक अस्थिरता के बीच हुए आम चुनाव में बीएनपी ने बड़े अंतर से विजय हासिल की है। कुल 298 संसदीय सीटों में 297 पर चुनाव हुए, उनमें से रिकॉर्ड 209 सीटें बीएनपी ने जीतीं।

दूसरे नंबर पर जमात-ए-इस्लामी रही जिसने 68 सीटें जीतीं। तारिक रहमान की नई कैबिनेट में डॉ. खलीलुर रहमान को विदेश मंत्री, सलाहुद्दीन अहमद को गृह मंत्री, डॉ. अमीर खसरू महमूद को वित्त एवं प्लानिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कुल मिलाकर तारिक रहमान ने शिक्षित और बुद्धिजीवी लोगों से अपनी कैबिनेट को सजाया है। कैबिनेट में कुल 50 मंत्री हैं, जिनमें 25 कैबिनेट और 24 राज्यमंत्री हैं।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### 20वां जागरण एवं श्रीमद्भागवत कथा का होगा आयोजन



**बेनीगंज/हरदोई।** तहसील संडीला के मां ज्वाला मंदिर गंगऊ जरहा सेमरी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 20 फरवरी 2026 से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी साई हॉस्पिटल एंड मॉडर्न डायग्नोस्टिक सेंटर अतरौली रोड कोथावां के ऑनर डॉ संदीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम 20 वां कार्यक्रम है जो कि अनवरत बीते 20 वर्षों से माता ज्वाला जी की असीम अनुकंपा से निरंतर चल रहा है उसी के क्रम में 20 फरवरी 2026 दिन शुक्रवार को श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ होगा। 26 फरवरी 2026 को मां ज्वाला जी की ज्योति का आगमन एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। 27 फरवरी 2026 को विशाल जागरण तथा कन्या भोज होगा। 28 फरवरी 2026 को विशाल संत, ब्रह्मभण नगर भंडारा का आयोजन किया जाएगा। श्री सिंह ने कहा की समस्त क्षेत्र एवं जनपद वासियों से करबद्ध प्रार्थना है उक्त कार्यक्रम में पधार कर पुण्य के भागी बने।

### बिजली चोरी पर पांच उपभोक्ताओं पर एफआईआर दर्ज



**पचदेवरा/हरदोई।** अधिशाषी अभियंता भजन लाल के निर्देश पर उपखंड अधिकारी विशाल गौतम के नेतृत्व में अवर अभियंता भैयालाल ने मंगलवार को विद्युत विभाग की टीम के साथ सहुआपुर गांव में विद्युत चोरी की सूचना पर छापामार कर कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने विद्युत पोल से एलटी लाइन डालकर बिजली चोरी करते हुए पांच उपभोक्ताओं को पकड़ लिया और बिजली थाना में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। जिस पर बिजलेंस पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी जानकारी के अनुसार, 17 फ़रवरी को अवर अभियंता भैयालाल विद्युत विभाग की टीम के साथ सहुआपुर गांव में छापामार कर कार्रवाई शुरू कर दी। जिसे देखकर विद्युत उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया। चेकिंग अभियान के दौरान पता चला कि लोग हाईटेंशन विद्युत पोल से एलटी लाइन के माध्यम से विद्युत चोरी हो रही थी। टीम ने पकड़े गए उपभोक्ताओं के विद्युत तार को काटकर केबिल को जब्त कर लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सहुआपुर निवासी उपदेश दीक्षित पुत्र गंगाचरण दीक्षित, कुलदीप पुत्र राधेश्याम,रामवंद पुत्र मुंशी,रामकुमार पुत्र दयानंद,सुधीर पुत्र दिनेश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मौके पर अवर अभियंता भैयालाल,संविदा कर्मी सुमीत मौर्य,लाइन मैन लल्ला बाबू,प्रशांत सिंह मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान



**भरखनी/हरदोई।** पचदेवरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अनंगपुर में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहाँ शराब के आदी एक 65 वर्षीय बुजुर्ग ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनंगपुर निवासी शिवकुमार (65), पुत्र बाबू राम, काफी समय से शराब पीने के आदी थे। मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात उन्होंने घर के अंदर फांसी लगा ली। घटना मंगलवार-बुधवार की रात की है। परिजनों को इस घटना का पता बुधवार सुबह करीब 7 बजे चला, जब उन्होंने शिवकुमार का शव फंदे से लटकता देखा। ग्रामीणों के अनुसार बुजुर्ग व्यक्ति शराब पीने का आदी था और अपने दिन पत्नी से विवाद होता रहता था। ग्रामीणों के अनुसार शराब ही मुख्य कारण माना जा रहा है। संबंधित प्रकरण में पचदेवरा थाना प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने बताया की शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है अग्रिम कार्यवाही पीएम रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी।

### कड़ी सुरक्षा के बीच 43 केंद्रों पर बोर्ड परीक्षा संपन्न




**हमीरपुर।** कड़ी सुरक्षा व सीसीटीवी की निगरानी के बीच जिले के 43 परीक्षा केंद्रों में बोर्ड परीक्षा शुरू हुई। जिसमें पहले दिन दोनों पालियों में 1113 परीक्षार्थियों ने बोर्ड परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा के दौरान उड़ाका टीमों ने परीक्षा केंद्र पहुंचकर निरीक्षण किया। परीक्षा के पहले दिन हाईस्कूल में 692 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। जबकि इंटरमीडिएट में 421 ने परीक्षा छोड़ दी। माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की बोर्ड परीक्षा के पहले दिन परीक्षा केंद्रों के गेट पर सघन चेकिंग के बाद छात्र-छात्राओं को कक्षों में प्रवेश दिया गया। हाईस्कूल हिन्दी प्रश्न पत्र में पंजीकृत 15138 के सापेक्ष 14440 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया। जबकि 692 परीक्षार्थियों ने बोर्ड परीक्षा छोड़ दी। इसी प्रकार से सायंकालीन पाली में इंटरमीडिएट सामान्य हिन्दी में पंजीकृत 7485 के सापेक्ष 7323 ने परीक्षा दी जबकि 162 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार से हिन्दी साहित्य में पंजीकृत 6487 के सापेक्ष 6228 ने परीक्षा में भाग लिया। जबकि 259 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार से पहले दिन इंटरमीडिएट हिन्दी में 421 परीक्षार्थियों ने बोर्ड परीक्षा छोड़ दी। बोर्ड परीक्षा के दौरान उड़ाका दलों ने परीक्षा केंद्र पहुंचकर कक्षों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके साथ ही डीआईओएस कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से सभी परीक्षा केंद्रों पर सघन नजर रखी गई।

### अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री से की सूपा विशिष्ट गल्ला मण्डी में खरीद चालू कराने की मांग



**महोबा।** अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेज कर सूपा विशिष्ट गल्ला मंडी में खरीद चालू कराए जाने की मांग की है। अधिवक्तागण पूर्व अध्यक्ष राज किशोर तिवारी, पूर्व अध्यक्ष विशाल शुक्ला, पूर्व महामंत्री चन्द्रशेखर स्वर्णकार,सतीश कुमार, अनिल शर्मा, अंश सोनी आदि अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में कहा है कि किसानों की आवक के हिसाब से महोबा बाईपास स्थित गल्ला मंडी बहुत छोटी है फसल आवक के समय मंडी के अंदर और बाहर मेन रोड पर पूरे दिन जाम की स्थिति रहती है। बच्चों की जान को भी जोखिम बना रहता है ,खरीददार कम और किसानों की संख्या ज्यादा होने के कारण कई- कई दिनों तक किसानों को माल बेचने हेतु इंतजार करना पड़ता है। जिस कारण जाम से आजिज व्यापारियों, उद्योगपतियों ने कृषि संबंधी उद्योग इकाइयां विशिष्ट मंडी के समीप बहुत बड़ी संख्या में स्थापित कर ली है। जिले के गला आढ़तियों, किसानों और व्यापारियों के हित में सूपा विशिष्ट गल्ला मंडी का आवंटन कई साल पूर्ण हो चुका है उन्होंने कहा कि बस वहां पर राष्ट्रीय बैंक और सुरक्षा हेतु पुलिस चौकी की स्थापना की जरूरत है, साथ ही मंडी में दुकान खोलने में अड़चन प्रायोजित करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए जाएं। इसके लिए जनपद के किसान एवं अधिवक्तागण सदैव आपके आभारी रहेंगे।

### श्रीकृष्ण जन्म सेवा दल ने हरदोई के कई मंदिरों में आयोजित किया 144वां मंगल पाठ



**हरदोई।** श्री हरि के प्रिय भक्त प्रहलाद की जन्म व कर्म पावन भूमि हरदोई में मंगल पाठ के अवसर अपने निरंतर एक सौ चौआलीसवें मंगलपाठ के क्रम में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी हरदोई के कई मंदिरों में एक साथ धार्मिक आयोजन कर माहौल को भक्ति मय कर दिया मंगलवार को श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने श्री ठाकुर द्वारा मंदिर सदर बाज़ार, श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज, श्री शिव श्याम परिवार मंदिर काशीराम कालोनी, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमाऊ, श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में हनुमान चालीसा, अष्टक व् आरती कर माहौल को भक्ति पूर्ण बना दिया। महिला प्रभारी मंजू गुप्ता के नेतृत्व में श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवे गंज में संस्था सदस्य पंकज गुप्ता व पुजारी अनिरुद्ध तिवारी ने सभी को हनुमान चालीसा का पाठ करवाया। इस अवसर पर भजन गायक अजय दीक्षित और अपूर्व गुप्ता ने एक से बढ़कर एक भजन सियाराम संग हनुमत भी आना, हनुमत संग पधारो राम हमारे कीर्तन में, जहाँ जहाँ कीर्तन होता मेरे श्री राम का आदि भजन सुना लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया इस मौके पर दीपक अग्रवाल, विजय अग्रवाल, आस्था श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। पूजन मंदिर पुरोहित पंडित रजनीश तिवारी व पंडित ईशान शुक्ला ने किया। महिला प्रकोष्ठ जिला प्रमुख विनीता पांडे के नेतृत्व में श्री ठाकुरद्वारा मंदिर सदर बाज़ार में बहनों ने काफी संख्या में भाग लेकर हनुमान चालीसा, राम स्तुति ,बजरंग बाण व् आरती के साथ सुंदर कांड किया। इस अवसर पर जिला महिला प्रभारी विनीता पांडेय ने कहा कि मंगलवार नासें रोग हरे सब पीड़ा भय मुक्ति के दाता वीर हनुमान जी को याद करने का पुण्य पर्व है। इस मौके पर महिला संगठन की संयोजक अनीता मिश्रा, शशि गुप्ता, रामवती देवी, बीना त्रिपाठी, रंजना मिश्रा, अर्चना दुबे, सोनिका गुप्ता, सोनू गुप्ता मिंटू गुप्ता, पुष्पा मिश्रा, बॉबी ओमर, विद्या पांडेय, राधा गुप्ता, आरती मिश्रा, आदि बहनों समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने जन सनुवाई में सुनीं 66 शिकायतें



**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 66 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जन सुनवाई मे आज एक निराश्रित महिला पेशन तथा दो बाल सेवा योजना का लाभ दिलाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट गरिमा सिंह व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जनसुनवाई की शिकायतों का हो न्याय पूर्ण निस्तारण



**हरदोई।** मंगलवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने पीड़ितों की शिकायतों को सुनते हुए अधिनस्थों को न्यायपूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिस कार्यालय पर न्याय पाने की आस में आये पीड़ितों से उन्होंने पुलिस कार्यालय तक आने की वजह भी जानी और सभी फरियादियों के प्रार्थना पत्र का गहनता से अवलोकन कर सम्बंधित अधीनस्थ को कार्यवाही के लिए अग्रसारित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को चेताया है कि थाने आने वाले पीड़ितों की तत्काल रिपोर्ट दर्ज की जाए और उनका न्यायपूर्ण निस्तारण किया जाए ।ताकि पीड़ितों को पुलिस कार्यालय तक न्याय के लिए भटकना न पड़े।

### 20 और 21 फरवरी को होगा परिवहन मेले का आयोजन

**हरदोई।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन ने समस्त वाहन स्वामियो को सूचित किया जाता है कि दिनांक 20 एवं 21 फरवरी 2026 को उप संभागीय परिवहन कार्यालय हरदोई परिसर में परिवहन मेले का आयोजन किया जा रहा है। परिवहन मेले में एकमुश्त कर व्यवस्था से संबंधित नियमों, कर निर्धारण की प्रकिया, कर गणना, भुगतान की विधि एवं समय-सीमा के संबंध में जानकारी प्रदान की जायेगी। वाहन स्वामियों की शंकाओं का समाधान मौके पर ही किया जायेगा तथा आवश्यकतानुसार कर भुगतान/समायोजन की सुविधा प्रदान की जायेगी। समस्त वाहन स्वामियो से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में मेले में प्रतिभाग कर लाभान्वित हों।

## अलग-अलग हुई मारपीट की घटनाओं में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

अलग अलग थाना छेत्रों मे हुई मारपीट की घटनाओं में पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर संबंधित थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

शाहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम खरगपुर निवासी नीरज सिंह पुत्र कन्हैया बक्श के अनुसार 17 फरवरी की सुबह करीब ग्यारह बजे वह अपने खेत पर काम कर रहा था। तभी परिवार के चाचा शीतला बक्श सिंह ने अपने पुत्र रिंशू सिंह, गुड्डू सिंह और श्रवण सिंह के साथ उसे गाली गलौज कर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम कोड़रीपुरवा निबासी संजय कुमार पुत्र चेतराम के अनुसार वह 17 फरवरी को करीब 5 बजे शाम को पुरानी रंजिश में परिवार के श्यामपाल ने अपने पुत्र ऊदन पुत्री रीता और पत्नी लीलावती के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर घायल कर दिया शोर सुनकर उसकी पत्नी सरला उसे बचाने आई तो आरोपियों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। पिहानी थाना छेत्र के ग्राम चुन्नी पुरवा कुइंया निवासी सविता पत्नी अमित के अनुसार 17 फरवरी को जमीन के बटवारे के विवाद में परिवार के पिंटू और अंकित ने अपने पीता कमलेश और लाला के साथ मिलकर उसे गाली गलौज किया। उसने और जेठानी पूजा ने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने उन दोनों को मारपीट कर घायल कर दिया मारपीट में उसका सर फट गया।

पाली थाना छेत्र के ग्राम कहार कोला निवासी ब्रजेश चंद्र पुत्र रामरूप के अनुसार 9 फरवरी को जमीन की रंजिश में गांव निवासी योगेंद्र कुमार पुत्र कमल किशोर ने उसकी पत्नी उषा को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसकी पत्नी का इलाज लखनऊ मेडिकल कालेज में चल रहा है। मारपीट की उपरोक्त घटनाओं में संबंधित थाना पुलिस ने पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल करवाया है। पुलिस द्वारा उक्त घटनाओं की जांच शुरू कर दी गई है।

## नव निर्मित मंदिर में जिलाधिकारी ने की राम, सीता व लक्ष्मण मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा





**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्टेट परिसर में नव निर्मित मंदिर में बुधवार को जिलाधिकारी अनुनय झा को पुरोहितों ने मंत्रों उच्चारण के साथ राम, सीता, लक्ष्मण जी की मूर्ति एवं शिवलिंग की विधि विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा कराई। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक

**भण्डारे का भी हुआ आयोजन**

अशोक कुमार मीणा, मुख्य विकास अधिकारी सान्या छावड़ा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, नगर मजिस्टेट सुनील कुमार त्रिवेदी आदि अधिकारियों के साथ आहूत विशाल भण्डारे में आये हुए संतो, कलेक्टेट के अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस व होमगार्ड जवानों आदि को पूड़ी, सब्जी एवं मिष्ठान आदि का वितरण किया। इस मौके पर जिला जज रीता कौशिक, एसीजेएम काव्या सिंह, अतिरिक्त मजिस्टेट अरूणिमा श्रीवास्तव, गरिमा सिंह, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम व अन्य अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### 13 वर्षीय छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, परिजनों में मचा कोहराम

**माधौगढ़ (जालौन)।** हरोली गांव निवासी रवि ( 13 वर्ष) पुत्र आनंद कुमार गांव के ही सरकारी विद्यालय में पढ़ता था। बताया जा रहा है कि घर में कुछ काम चल रहा था, जिस दौरान परिजनों ने उसे कुछ काम के लिए कहा लेकिन वह दूसरे मकान में चला गया और वहां साड़ी का फंदा बनाकर पंखे के हुक से लटक गया। कुछ देर बाद परिजनों को शक हुआ तो दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे। आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधौगढ़ लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

## यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले ही दिन जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



जनपद में संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के प्रथम दिवस पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने द्वितीय पाली की परीक्षा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज सहित आदि केंद्रों पर पहुंचे और परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा कक्षों में जाकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा केंद्र व्यवस्थापक को निर्देश दिए कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता, शुचिता एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराई जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण परीक्षा कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, कक्ष निरीक्षकों की तैनाती एवं प्रवेश व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। जनपद में बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो रही हैं, जिसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है।

### एसडीएम ने कई परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**कालपी (जालौन)।** बुधवार से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2026 की परीक्षाएं चाक चौबंद व्यवस्था के बीच शुरू हो गई। नकल विहीन तथा शान्ति पूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने घूम-घूम कर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। विदित हो कि हाई स्कूल तक इंटर मीडिएट परीक्षाओं को नकल विहीन तथा शान्ति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिये शिक्षा विभाग तथा प्रशासन के द्वारा परीक्षा केंद्रों में पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। पहले दिन प्रथम पाली में उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह औचक तरीके से नगर पालिका बालिका इंटर कालेज कालपी परीक्षा केंद्र में पहुंचे। परीक्षा केंद्र के मेन गेट में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसी तरह परीक्षा कक्षों में घूम-घूम कर परीक्षा व्यवस्था परखी। परीक्षा केंद्र में पेयजल, सफ़ाई, शौचालय आदि की हकीकत देखी। केन्द्र प्रभारीध् प्रधानाचार्या कंचन यादव तथा शिक्षकों को नकल विहीन परीक्षा कराने के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।इसी दौरान एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने एमएसबी इंटर कालेज कालपी परीक्षा केंद्र का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र प्रभारीध् प्रधानाचार्य सुशील कुमार सहित शिक्षकों से संवाद स्थापित कर के उचित निर्देश दिये। तहसील कालपी कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर उप जिलाधिकारी ने परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने वारण्टी को किया गिरफ्तार

**महोबकंठ/महोबा, समृद्धि न्यूज।**




पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, के निर्देशन में जनपद महोबा में न्यायालय द्वारा निर्गत वारण्टों के अनुपालन एवं मुकदमों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना महोबकंठ को सफलता प्राप्त हुई। अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक महोबकंठ विनोद कुमार द्वारा गठित टीम ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय अपर सिविल जज (जू.डि.) महोबा द्वारा निर्गत वारण्ट मु.नं. 603806/2013, अ.सं.-334/2013, धारा 25 आर्म्स एक्ट से संबंधित एक नफर वारण्टी अभियुक्त नन्दकिशोर पुत्र चिरंजीलाल धीमर, उम्र करीब 42 वर्ष, निवासी ग्राम भुजपुरा, थाना महोबकंठ, जनपद महोबा को ग्राम भुजपुरा से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस हिरासत में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## कस्बा पनवाड़ी में हो कृषि मंडी की स्थापना: एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



एमएलसी जीतेन्द्र सिंह सेंगर ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद उच्च सदन में बजट सत्र के आठवे दिवस पर सदस्य विधान परिषद जितेन्द्र सिंह सेंगर द्वारा जनहित/किसानों से जुडा महत्वपूर्ण विषय पर नियम 110 के अंतर्गत सूचना में सदन का ध्यान आकृष्ट कराया कि जनपद महोबा तहसील कुलपहाड़ में पनवाड़ी जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत है तथा ब्लॉक मुख्यालय है द्य कस्बा पनवाड़ी बड़ी आबादी के अतिरिक्त आसपास के लगभग 100 से अधिक गांव जुड़े है। लेकिन पनवाड़ी में कोई कृषि मंडी की स्थापना न होने से किसानों की अपनी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। मज़बूरी वश दूर के बाज़ार में अपनी फसल विक्रय किए जाने हेतु मजबूर होना पड़ता हैं जिससे समय व्यर्थ के साथ अतिरिक्त भाड़ा भी देना पड़ता है। जिसके कारण कस्बा पनवाड़ी में कृषि मंडी की स्थापना किया जाना किसानों के हित में होगा। लोकमहत्व के इस सुनिश्चित विषय पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए क्षेत्र वासियो /किसानों की समस्याओ को दृष्टिगत रखते हुए जनपद महोबा तहसील कुलपहाड़ के कस्बा पनवाड़ी में एक कृषि मंडी की स्थापना अविलम्भ कराकर सदन में वक्तव्य /चर्चा कराए जाने की मांग करता हूँ। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह द्वारा सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देश दिए।

### मारपीट कर रुपये और मोबाइल छीनने का लगाया आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**शाहाबाद/हरदोई।** कोतवाली छेत्र के मोहल्ला खेड़ा तिराहे पर अपने मामा को शाहाबाद छोड़ने आ रहे बाइक सवार ने एक नामजद सहित तीन लोगों पर मारपीट कर नगदी और मोबाइल छीन लेने का आरोप लगाते हुए पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पाली थाना छेत्र के मोहल्ला काजी सराय निबासी पीड़ित देवेंद्र कुमार पुत्र राजेश कुमार राठौर के अनुसार वह अपने मामा जोगेंद्र को मंगलवार की रात करीब 9.30 बजे बाइक से शाहाबाद छोड़ने आ रहा था। खेड़ा तिराहे पर विपक्ष के विवेक कुमार पुत्र हरिद्वाज निबासी गिगीयानी ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ उसकी बाइक रोककर गाली गलौज करते हुए उसे मारा पीटा। आरोपियों ने उसका एंड्राइड फोन और 1700 रूपए की नगदी छीन ली। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## मेघा प्रचार-प्रसार रथ को न्यायधीश मनोज कुमार राय ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



मेगा लीगल कैम्प के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराये गये न्याय रथ को दिनांक 17.02.2026 को जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। न्याय रथ का मुख्य उद्देश्य आम जन मानस को जागरूक करना है, इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि यह प्रचार वाहन विधिक जागरूकता के क्षेत्र में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा। इसके माध्यम से जनपद के दूरस्थ स्थानों पर निवासरत ग्रामीण लोगों को भी आगामी मेगा लीगल कैम्प, निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता तथा अन्य सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव और घर-घर तक पहुँचाई जाएगी। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा यह भी कहा गया कि अब दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों. कमजोर एवं वंचित वर्गो, श्रमिकों, महिलाओं तथा जरूरतमन्द व्यक्तियों तक विधिक सेवाओं का सन्देश और अधिक प्रभावी रूप से पहुँचेगा। न्याय रथ जनपद न्यायालय से पेट्रोल पम्प से बस स्टैण्ड, गोपाल स्वीटस, रहुंनियां, कालपी चौराहा, जिला अस्पताल, दीक्षित स्वीटस, विभिन्न स्थानों में न्याय रथ के माध्यम से लोगो को जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर प्रथम अपर जिला जज उदय वीर सिंह, लीगल एड डिफेंस काउसिंल के अधिवक्तागण, मध्यस्थ अधिवक्तागण व जिला अधिवक्ता संघ के महामंत्री अश्वनी कुमार प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

### कुसमुरा गांव में निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित



**हमीरपुर।** कुसमरा में पंचायत भवन में नि:शुल्क नेत्र शिविर लगाया गया यह नेत्र शिविर मती संध्या वर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा अनु मोर्चा द्वारा लगाया गया व निशुल्क चशमा वितरण भी किया गया नेत्र शिविर 67 लोगो की आंखों का नेत्र परीक्षण डा सुरेश कुमार के द्वारा किया गया व आखों की जांच डा शी पी गुप्ता द्वारा किया गया व चश्मे की जांच रवी सचान नेत्र परीक्षण अधिकारी ने किया व BP की जांच निमिसा सचान CHO ने किया ब्लड शुगर की जांच राजेश राम LTphc कुसमरा ने किया 67 मरीजो में 9 मरीज मोतियाबिंद के निकले और 7 मरीजो को नाखूना निकला और शेष मरीजो के चश्मे की जांच की गई मोतियाबिंद के मरीजो को जिला अस्पताल के लिये रिफर किया गया जिसमें मरीजो के पर्दे की जांच की जायेगी उसके बाद ऑपरेशन किये जायेंगे जिन मरीजो की आखो की रोशनी कम निकली उन मरीजो को नि:शुल्क चश्मा दिये जायेगे और उसके पहले जो नेत्र शिविर लगा था उन मरीजो को नि:शुल्क चश्मा वितरण किया गया मोतियाबिंद के मरीजो की आँखों का ऑपरेशन नि:शुल्क फेको विध से बिना टाका व बिना इंजेक्शन लगाये आधुनिक विध से ऑपरेशपास किया जाएगा और इस मौके पर इसी मौके पर डा सुरेश ने कहा कि हम गांव गांव में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन कर रहे और लोगो की निशुल्क आखो का ऑपरेशन करवा रहे है और नि:शुल्क चश्मा भी दे रहे यह सेवा हम बराबर करते रहेंगे और अस्पताल में किशी को कोई परेशानी हो तो हमको बताओ गें तो उसमें भी हम मदद करेंगे और जब तक जीवन है तब तक हम सेवा करते रहेंगे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अबरार व बहू मनतशा को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके द्वारा किये गये किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

सूचनाकर्ता- गुल मो. पुत्र नजीर, निवासी जयकरनपुरवा, बहरौली, जनपद-बाराबंकी।

# पुस्तकालय भवन के जीर्णोद्धार कार्य का विधायक ने किया शुभारंभ

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



विकासखंड त्रिवेदीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत बहुता में वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वीकृत 15वाँ वित्त आयोग योजना के अंतर्गत नवनिर्मित पंचायत भवन एवं पुस्तकालय का जीर्णोद्धार का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने कहा कि यह भवन सिर्फ पंचायत कार्यालय ही नहीं, बल्कि सामाजिक, शैक्षिक और प्रशासनिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। यहां ग्राम सभा की बैठकें, सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन के लिए भी स्थान उपलब्ध होगा। उन्होंने आगे कहा कि पंचायतीराज व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए केंद्र और प्रदेश की सरकार संकल्पित है। पंचायत भवन में उपस्थित रहने वाले कर्मचारी जनता को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए पात्रों तक उपलब्ध कराने में जिम्मेदारी निभाएंगे।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि इस पहल से ग्रामीणों को छोटे-मोटे कामों के लिए प्रखंड मुख्यालय के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी। यह स्थानीय स्तर पर विकास को बढ़ावा देगा और कार्यों में पारदर्शिता व तेज़ी लाएगा। केंद्र और राज्य सरकारें ग्रामीण विकास के तहत ऐसे भवनों के निर्माण को बढ़ावा दे रही हैं, जो ग्रामीण सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों एवं पत्रकारों का स्वागत भाजपा नेता प्रधान प्रतिनिधि अरुण शुक्ला द्वारा अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण कर किया गया। मंच का कुशल संचालन युवा नेता बृजेश शुक्ला द्वारा किया गया।

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी प्रियंका सिंह महंत ललित गिरी जी महाराज ग्राम प्रधान देवी प्रसाद ग्राम पंचायत सचिव संयम मिश्रा बबलू सिंह सचिव स्वर्ण कुमार तकनीकी सहायक लक्ष्मीकांत त्रिपाठी अवर अभियंता सरोज पटेल भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री जनार्दन प्रसाद शुक्ला व्यापारी नेता राजकुमार सोनी पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि पंकज दीक्षित प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह भानु बाजपेई अजय प्रताप सिंह रामहेत महतो रामकिशोर अवस्थी विनोद त्रिपाठी रामकुमार पांडे राजकमल तिवारी सर्वेश मिश्रा युवा नेता राहुल दीक्षित राजन शुक्ला पंकज सिंह मनोज सिंह मोहित सिंह अमरेंद्र प्रताप सिंह जगत सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# परीक्षा केंद्र पर पहुंची छात्रा हुई बेहोश, नहीं दे पाई परीक्षा

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** सपनों और उम्मीदों से भरे कदम जब परीक्षा केंद्र की ओर बढ़ते हैं, तो उत्साह के साथ एक अनकहा डर भी मन में रहता है। बुधवार को यही मानसिक दबाव 17 वर्षीय इंटर की छात्रा मानसी पर भारी पड़ गया। हिंदी प्रथम की परीक्षा देने भिटरिया स्थित आधुनिक भारतीय शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज पहुंची मानसी (पुत्री श्याम लाल, निवासी पूरे मसूर, सिद्धौर) कॉलेज गेट पर अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी। सेल्फ सेंटर होने के कारण वह अपनी सहेलियों के साथ वाहन से परीक्षा देने आई थी। केंद्र पर पहुंचते ही उसकी तबीयत बिगड़ गई। साथ आए छात्रों ने तुरंत उसे संभाला और विद्यालय प्रबंधन को सूचना दी।

# बुजुर्ग दम्पति ने खाया जहर, दोनों की तड़प-तड़प कर मौत

**आर्थिक तंगी से जूझ रहा था परिवार, क्षेत्र में हड़कंप**



**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** कोतवाली क्षेत्र के सधवापुर गांव में मंगलवार की शाम एक बुजुर्ग पति ,पत्नी द्वारा जहरीला पदार्थ खा लेने की हृदयविदारक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया अस्पताल में इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सधवापुर मजरे इम्ब्राहिमाबाद गांव निवासी 65 वर्षीय गणेश अपनी 60 वर्षीय पत्नी कलावती के साथ पुराने मकान में रहते थे। दोनों सादा जीवन व्यतीत करते थे और मेहनत-मजदूरी के सहारे अपना गुजर-बसर कर रहे थे। मंगलवार शाम अज्ञात कारणों से दोनों ने जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना की जानकारी तब हुई जब पोती ने अपनी दादी को उल्टियां करते देखा। उसने दौड़कर अपनी मां पूजा को बताया। जब पूजा वहां पहुंची तो गणेश भी दूसरी ओर बिस्तर पर अचेत पड़े मिले। सूचना मिलते ही बेटा पवन, जो रोज की तरह टेंपो चलाने गया था, घर पहुंचा और पड़ोसियों की मदद से माता-पिता को सीएचसी रामसनेहीघाट ले गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाराबंकी जिला अस्पताल में इलाज के दौरान गणेश ने दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर हालत में कलावती को लखनऊ स्थित लोहिया अस्पताल भेजा गया, जहां उपचार के दौरान उनकी भी मौत हो गई। गणेश के बेटे पवन और पुत्री गीता की शादी हो चुकी है। पवन प्रधानमंत्री आवास में अपने परिवार के साथ अलग रहता है, जबकि बुजुर्ग दंपति पुराने घर में अकेले रहते थे। गणेश के पास थोड़ी सी खेती थी और वे मजदूरी भी कर लेते थे। दंपति की असामयिक मौत से परिवार में कोहराम मचा है। गांव में हर किसी की जुबान पर यही सवाल है कि आखिर ऐसा क्या हुआ, जिसने जीवन के आखिरी में दोनों को इतना बड़ा कदम उठाने पर मजबूर कर दिया इसके पीछे क्या कारण थे यह तो पुलिस जांच के बाद ही असलियत सामने आ सकेगी किन्तु इस घटना से गाँव व क्षेत्र के लोग हतप्रभ है।

# समाज की दिशा और दशा बदल रही है अजीत सिंह की वानर सेना

**वानर सेना के कर्मठ जुझारू सेनानायक धीरज सिंह टीम के साथ पहुंचे पीड़ित के पास**



समृद्धि न्यूज़ : अखबार की खबर का संज्ञान लेकर पहुंची वानर सेना

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** महाराजगंज विकासखंड क्षेत्र के अतरहेटा गांव के बशंबहादुर सिंह का परिवार गरीबी और बेबसी में जी रहा है इसकी खबर समृद्धि न्यूज़ अखबार द्वारा प्रमुखता से उठाई गई थी। वही खबर का संज्ञान लेकर समाज सेवा के लिए जाने जानी वाली वानर सेना के पदाधिकारीगण परिवार के पास पहुंचे और बताया कि सबर के माध्यम से जानकारी हुई कि परिवार बेहद गरीबी में जी रहा है और कमाने वाला बीमार चल रहा है। जिसके तहत हम लोग यहां पहुंचे और परिवार का खाता नंबर लेकर लगभग 15000 रुपए की मदद की गई है और रात्रि तक 50000 से अधिक मदद परिवार की हो जाएगी तथा अधिकारियों से बात की गई है घर की व्यवस्था भी परिवार की करवाई जाएगी (वहीं वानर सेना के जिला अध्यक्ष धीरज सिंह चौहान ने बताया कि हमारा प्रयास समाज में गरीब वह जरूरतमंद की मदद करना रहता है और हम वानर सेना के नाम से संगठन चलाकर समाज के उन व्यक्तियों की मदद करते हैं जिनको वाकई जरूरत है ।इस मौके पर अभिषेक श्रीवास्तव के पी सिंह अन्नू सिंह देवेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# कलेक्टर की दरियादिली जनसुनवाई में दिव्यांग को मिली बैसाखी

**अब जिले में ही मिलेंगे कृत्रिम उपकरण**



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** अपनी कार्यशैली और मानवीय दृष्टिकोण के लिए चर्चित रायबरेली की जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने एक बार फिर मिसाल पेश की है। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई के दौरान डीएम का मानवीय चेहरा उस वक्त सामने आया, जब उन्होंने एक असहाय दिव्यांग बुजुर्ग को अपनी फरियाद लेकर आते देखा। जिलाधिकारी ने न केवल उनकी समस्या सुनी, बल्कि तत्काल मौके पर ही बैसाखी की व्यवस्था कराकर बुजुर्ग के चेहरे पर मुस्कान ला दी।

**डलमऊ से चलकर आया था फरियादी**

जानकारी के अनुसार, डलमऊ तहसील क्षेत्र का रहने वाला एक बुजुर्ग दिव्यांग अपनी फरियाद लेकर बड़ी उम्मीद के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा था। चलने-फिरने में असमर्थ बुजुर्ग को देखते ही डीएम हर्षिता माथुर ने उन्हें अपने पास बुलाया। उन्होंने पूरी आत्मीयता से बुजुर्ग की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। जब उन्हें पता चला कि बुजुर्ग को चलने में अत्यधिक कठिनाई हो रही है, तो उन्होंने तत्काल बैसाखी मंगवाई। नई बैसाखी का सहारा मिलते ही बुजुर्ग की आंखें नम हो गईं और उन्होंने भावुक होकर जिलाधिकारी को ढेरों आशीर्वाद दिए।

**दिव्यांगों को मिली सौगात: जिले में खुलेगा एल्मिको का केंद्र**

जिलाधिकारी केवल तात्कालिक मदद तक ही सीमित नहीं रहीं, बल्कि उन्होंने जिले के सभी दिव्यांगजनों के लिए एक स्थाई समाधान की भी घोषणा की है। हर्षिता माथुर ने बताया कि अब रायबरेली के दिव्यांगों को कृत्रिम अंगों और उपकरणों के लिए कानपुर या अन्य बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। इसके लिए उन्होंने एलिम्को (भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम) कंपनी को कार्यालय खोलने के लिए जगह उपलब्ध करा दी है। इस केंद्र के खुलने से अब जिले के दिव्यांगों को उनके आवश्यक उपकरण, जैसे ट्राइसाइकिल, कैलिपर्स और श्रवण यंत्र, स्थानीय स्तर पर ही सुलभ हो सकेंगे।

**मीडिया के सवाल पर क्या कहा कलेक्टर हर्षिता माथुर ने**

'हमारा निरंतर प्रयास है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति, विशेषकर दिव्यांगों और गरीबों की मदद प्राथमिकता के आधार पर हो। एलिम्को का केंद्र खुलने से अब दिव्यांगजनों को उपकरणों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

# ट्रेन की चपेट में आये तीन बच्चों के पिता की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत पिचूरी गांव के निकट ट्रेन की चपेट में आकर बुधवार सुबह तीन बच्चों के पिता की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी राकेश यादव 36 पुत्र कृष्ण कुमार यादव घर से सुबह 5 बजे के बाद शौच के लिये गाँव के किनारे से निकली रेलवे लाइन के किनारे गया था।बताते है कि युवक लाइन के किनारे बैठकर तम्बाकू बनाने लगा इसी बीच लखनऊ की ओर से आयी ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। पता चला है कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त था और पिछले कई वर्षों से नूर मंजिल अस्पताल लखनऊ से इलाज चल रहा था।

## खबरें एक नजर में

# कंट्रोल रूम से हो रही लाइव मॉनिटरिंग तीसरी आंख की नजर में परीक्षा केंद्र




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** डीएम हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने जनपद में यू0पी0 बोर्ड की परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पीएम श्री राजकीय इण्टर कॉलेज व पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि पूरी पारदर्शिता और सुचितापूर्ण के साथ नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद को 09 जोन व 19 सेक्टर में विभाजित किया गया है। जनपद में 107 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, इसके साथ ही जनपद के समस्त परीक्षा केंद्रों पर 1-1 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की गयी है, साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों के द्वारा मॉनिटरिंग भी की जा रही है। समस्त जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए गए है कि अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण करना सुनिश्चित करें।

**जीजीआईसी में स्थापित है कंट्रोल रूम**

जिलाधिकारी ने पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में स्थापित जनपद स्तरीय कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। कंट्रोल रूम में सभी परीक्षा केंद्रों की लाइव स्ट्रीमिंग की जा रही थी, जिसका अवलोकन किया गया। निरीक्षण में परीक्षा केंद्रों में पर्याप्त साफ सफाई व पीने के पानी की उचित व्यवस्था पाई गई। समस्त कैमरे क्रियाशील अवस्था मे पाए गए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जीआईसी प्रधानाचार्य रत्नेश कुमार मौजूद रहे।

# मनाया गया किसान दिवस, किसानों को दिया गया प्रशिक्षण



**महाराजगंज समृद्धि न्यूज़।** कृषि विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में इफको द्वारा नैनो उर्वरक महत्व एवं उपयोग आधारित कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को प्रशिक्षण तहसील महाराजगंज के सभागार में दिया गया। किसानों को बताया गया कि किसान अपनी जमीनों की जांच कारकर उसके आधार पर खादों का प्रयोग करें । पशुपालन पर भी जोर दिया गया और कहा गया कि किसान पशुपालन कर अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं लोन की सुविधा भी उपलब्ध हैं पशुओं की बीमारियों के बारे में भी किसानों को जागरूक किया गया।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने दी इलाज के लिए आर्थिक सहायता

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद के जाने माने उद्योगपति एवं नेता जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रहरि राजेश मसाला द्वारा समय समय पर असहायों की यथा शक्ति मदद की जाती रहती है। उसी कड़ी में अध्यक्ष जी द्वारा बुधवार 18 फरवरी को एक और जरूरत मंद व्यक्ति की यथा संभव मदद की गई। दुर्घटना में जनपद के ग्राम मोतीराम मजरे भरेथा पोस्ट करौंदी निवासी शिवम् पाल पुत्र गिरधारी लाल का कूल्हा टूट गया था। जिसका इलाज ऑपरेशन के बाद ही संभव था, ऑपरेशन के लिए परिवार के पास पर्याप्त धन न होने से पीड़ित का इलाज नहीं हो पा रहा था। जिसके चलते पीड़ित के भाई शुभम् पाल ने उद्योग पति एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रहरि से आर्थिक मदद का अनुरोध किया।

# बौद्ध भिक्षु भंते दीपांकर ने बौद्ध पद्धति से कराई शादी



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ से आए बौद्ध भिक्षु भंते दीपांकर ने जनपद में सोलह फरवरी को राममिलन शर्मा की पुत्री कु. नमन शर्मा की शादी हरीश शर्मा पुत्र सूर्य कुमार शर्मा व मिथिलेश निवासी विशुनदासपुर गौरीगंज की शादी बौद्ध पद्धति से सम्पन्न कराया। इस अवसर पर उनके सहयोगी के रूप में एक और सहयोगी सीतापुर के भंते भी रहे। इस कार्यक्रम में इन दोनों पक्षों के तमाम नाते-रिश्तेदार मित्रगण और शुभेक्षु मौजूद रहे। इस मौके पर विमला पवन कुमार शर्मा बच्चा राम वर्मा विवेक शर्मा घनश्याम शर्मा उदयराज शर्मा राजमणि शर्मा अशोक शर्मा बौद्धाचार्य प्रज्ञा दीप प्रिय गोरखपुर बीडी नंद व केपी सविता बौद्ध आदि ने वर वधू को शुभाशीष प्रदान किया।

# बोर्ड परीक्षा प्रथम दिन नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा-2026 प्रथम दिवस जनपद में सकुशल, नकल विहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए थे। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि हाई स्कूल में कुल 26,167 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 24,964 छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 1,203 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में 21,380 पंजीकृत छात्र-छात्राओं में से 20,546 उपस्थित रहे तथा 834 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशन में जनपद के 85 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संपन्न कराई गई। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी जोनल, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों के साथ वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा परीक्षा केंद्रों का लगातार भ्रमण किया गया तथा स्थापित कंट्रोल रूम से सभी केंद्रों की सतत निगरानी की गई, जिससे परीक्षा व्यवस्था पूरी तरह व्यवस्थित एवं पारदर्शी बनी रही। जिला विद्यालय निरीक्षक ने आगे बताया कि 19 फरवरी को द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की नागरिक शास्त्र विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

# सोशल मीडिया पर राजनीतिक पोस्ट का आरोपी शिक्षक निलंबित

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड अमेठी के ग्राम सभा गंगोली स्थित जूनियर उच्च प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षक शिव प्रताप यादव को बेसिक शिक्षा विभाग ने निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, द्वारा जारी आदेश दिनांक 16 फरवरी 2026 के तहत की गई। बताया जा रहा है कि शिक्षक के विरुद्ध पूर्व में की गई शिकायत की जांच कराई गई थी। जांच में सोशल मीडिया पर राजनीतिक गतिविधियों से संबंधित पोस्ट एवं आचरण को सेवा नियमावली के विपरीत माना गया। आरोपों के आधार पर विभाग ने तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई करते हुए विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही भी प्रारंभ कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार निलंबित शिक्षक ग्राम सभा गंगोली के जूनियर प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि शिक्षकों से अपेक्षित आचरण एवं नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की गई है।

# आयुर्वेद व यूनानी चिकित्सकों को कराना होगा पंजीकरण




**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अब्दुल बारी ने आयुर्वेद एवं यूनानी पद्धति के चिकित्सकों को निर्देशित करते हुए कहा है कि निजी प्रतिष्ठान अथवा चिकित्सकीय कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व पंजीकरण कराना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि शासनादेश संख्या 4636/71-आयुष-1-2014-डब्लू-283/2014 लखनऊ दिनांक 10.12.2014, मा. उच्च न्यायालय लखनऊ बेंच द्वारा पारित आदेश 12.09.2014 तथा शासनादेश संख्या 4443/71-आयुष-1-2015-डब्लू-283/2014 दिनांक 29.01.2016 के अनुपालन में यह निर्देश जारी किए गए हैं। सभी आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सकों को सूचित करते हुए कहा है कि वे माह मार्च 2026 तक विभाग द्वारा निर्धारित प्रारूप पर अपना पंजीकरण क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय, जिला पंचायत परिसर सुलतानपुर में अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना पंजीकरण के चिकित्सकीय कार्य करते पाए जाने पर संबंधित चिकित्सक के विरुद्ध ड्रग एण्ड मैजिक रेमेडीज एक्ट, 1954 के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मुख्य चिकित्साधिकारी अमेठी द्वारा छापे के दौरान शासनादेश का अनुपालन न करने की स्थिति में संबंधित चिकित्सक स्वयं उत्तरदायी होंगे।

# पुलिस ने किया चोरियों का खुलासा, चार गिरफ्तार




**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस द्वारा अपराध पर प्रभावी अकुंश लगाने एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में बुधवार को थाना अमेठी द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मैजिक पिकअप वाहन सवार 4 अभियुक्तों लवकुश कोरी पुत्र जगेसर निवासी ग्राम रामगढ़ थाना संग्रामपुर, अंकित कुमार पुत्र छंगू कोरी निवासी रामगढ़, प्रान्शु कश्यप पुत्र बैजनाथ निवासी रामगढ़ व राजबहादुर कोरी पुत्र रामअभिलाष निवासी रामगढ़ थाना संग्रामपुर को गिरफ्तार किया गया है। मैजिक पिकअप वाहन संख्या यूपी 36 टी 6394 की चेकिंग में गाड़ी के डाले में 2 नलकूप इंजन खुले हुये बरामद हुये तथा अभियुक्तगण उपरोक्त वाहन के कागज मांगने पर दिखाने में अक्षम रहे। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि बीते 10 फरवरी को ग्राम दरखा के पूरे बरियार में गांव के बाहर खेत में बने कमरे का ताला तोड़कर एक नलकूप इंजन व ग्राम दरखा के खेत में लगे एक नलकूप इंजन को चोरी किया था। चोरी करने के उपरान्त उन लोगों ने उक्त नलकूप इंजनों को मैजिक वाहन में लादकर छिपा दिया था जिसे आज बेचनें के लिए जा रहे थे। बरामदगी व गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना अमेठी पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# डीएम व एसपी ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों व संबंधित व्यवस्थाओं का किया औचक निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं को शुचितापूर्ण, नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों एवं संबंधित व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी सर्वप्रथम राजकीय इण्टर कालेज, सीतापुर पहुँचे, जहाँ उन्होंने परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं, सी0सी0टी0वी0 कैमरों की कार्यशीलता, वॉयस रिकॉर्डिंग व्यवस्था, शौचालयों की स्वच्छता तथा परीक्षार्थियों हेतु उपलब्ध कराए जा रहे शुद्ध पेयजल की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी व्यवस्थाएँ मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएँ। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने राजारघुबर दयाल इण्टर कालेज, सीतापुर का निरीक्षण किया। यहाँ भी उन्होंने परीक्षा कक्षों की निगरानी व्यवस्था, सुरक्षा प्रबन्ध, परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था तथा केन्द्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम का भी अवलोकन किया, जहाँ से जनपद के समस्त परीक्षा केन्द्रों की सतत निगरानी की जा रही है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि शासन की मंशानुरूप जनपद में बोर्ड परीक्षाएँ पूर्णतः नकलविहीन एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराई जाएँगी। इसके लिए प्रशासन, शिक्षा विभाग एवं पुलिस विभाग के बीच समन्वय बनाकर सतत निगरानी रखी जा रही है। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह सहित संबंधित प्रशासनिक एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रामादल के जयकारों से गूंज उठा प्रथम पड़ाव कोरौना

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** नैमिषारण्य क्षेत्र की चौरासी कोशीय परिक्रमा में मंगलवार से आस्था का संगम मण कर प्रथम पड़ाव कोरौना पहुंचा इस संगम में भारत देश के कोने कोने से ही नही बल्कि पड़ोसी देश नेपाल , इंगलैण्ड, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका से आकर लाखों श्रद्धालु डुबकी लगायेंगे। इस क्षेत्र में प्रतिवर्ष फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से चौरासी कोसीय परिक्रमा की सुरुवात होती है।जिसका श्रद्धालु बेसब्री से इंतजार करते है।अब इनके इंतजार की घड़ियां खत्म हुई 88 हज़ार ऋषियो की तपोभूमि पर दूर दूर से आकर श्रद्धालु डेरा जमा चुके है और आज की रात ब्रह्म मुहूर्त में डंका बजते ही लाखों परिक्रमार्थी चौरासी कोसी परिक्रमा के प्रथम पड़ाव स्थल कोरौना की तरफ चलेंगे।वह डंका बजने की उत्सुकता की प्रतीक्षा करेंगे।क्योंकि जब तक डंका नही बजेगा।तब तक परिक्रमा की सुरुवात नही होगी।मौजूदा समय पहला आश्रम महंत नन्हकू जी महाराज करीब चार दशकों से डंका बजाते चले आ रहे है।वह परिक्रमा मेला अध्यक्ष भी है।

**क्या है डंके का महत्व**

डंका बजने के बाद ही मेला पड़ाव स्थल की और क्यों बढ़ता है।इसे लेकर महंत बताते है।कि करीब 170 वर्ष पूर्व आश्रम के महंत गुरु सीताराम दास लगभग 300 शिष्यों के साथ मध्यप्रदेश(रीवा) में रहे थे।उनके पद यात्रा में घोड़े,हाथी भी शामिल थे।और डंका बजता जा रहा था।शिष्यों की टोली जब लखनऊ पहुँची तो डंका बजने के साथ इतने संतों को देखकर अंग्रेज शासक लार्ड डलहौजी ने यात्रा को रोक दिया और डंका न बजने की हिदायत दी इस पर संत समुदाय विरोध पर उतर आया।डलहौजी ने पूछा डंका किसके हुक्म से बज रहा है तो संतो ने एक स्वर में कहा यह डंका हनुमान जी की कृपा से बजता है।डलहौजी ने डंके को काकड़ाबाद में एक कमरे के भीतर शाक्त पहरे में रखवा दिया और कहा की इसका प्रमाण मिलने के बाद ही डंका वापस किया जाएगा।यह देख संतो ने वही पर डेरा डाल दिया।श्री दास बताते ही कि सायं कॉल 6 बजे जब आरती का समय हुआ और संतो ने जैसे ही आरती का गायन शुरू किया तो बन्द कमरे में डंका अपने आप बजने लगा। यह देख डलहौजी आश्चर्यचकित रह गया और उसने डंका वापस करने के साथ संतो को आगे बढ़ने की इजाजत दे दी।तभी से सभी ने डंका को महत्व दिया यह हमारी आन बान शान का प्रतीक हैयही कारण है कि नैमिषारण्य मिश्रिख मेले में डंका बजता चला आ रहा है।डंके के बजने से ब्याधियो ले समन होता है।डंके के बजने से परिक्रमा मेला के दौरान किसी भी तरह की ब्याधिया नही आती है। परिक्रमा क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बनता है।

**डीडीओ ने श्रद्धालुओं के बीच जाकर किया निरीक्षण व्यवस्थाओं की लिए जानकारी**

जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्ता के द्वारा दिन बुधवार को श्रद्धालुओं के बीच जाकर निरीक्षण किया निरीक्षण में मंदिर परिसर और कुंड का भी जायजा लिया हो रही व्यवस्थाओं को भी जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश भी दिए

**देर रात डीपीआरओ ने प्रथम पड़ाव का किया निरीक्षण**

सीतापुर की जिला पंचायत राज अधिकारी निरीश चंद्र साहू द्वारा अचानक देर रात प्रथम पढ़ाओ कोरोना का आवश्यक निरीक्षण किया निरीक्षण में संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए श्रद्धालुओं की हो रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सरकार और प्रशासन की नीतियों का अनुपालन करने के लिए करें निर्देश भी दिए गए।

# जितेंद्र श्रीवास्तव अध्यक्ष व पंकज मिश्रा महासचिव निर्वाचित

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



बार एसोसिएशन के चुनाव में इस बार सबसे कड़ा मुकाबला अध्यक्ष पद पर देखने को मिला। देर शाम तक चली मतगणना के बाद घोषित किए गए परिणामों में अध्यक्ष पद पर जितेंद्र श्रीवास्तव और महासचिव के पद पर पंकज मिश्रा को निर्वाचित घोषित किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी रामचंद्र यादव की देखरेख में निर्वाचन अधिकारी और सहायक निर्वाचन अधिकारियों की टीम ने सुबह 9 बजे से मतगणना शुरू की। इस दौरान मतगणना स्थल के अंदर सिर्फ प्रत्याशी व उसके एजेंट को ही प्रवेश दिया गया। इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। कोतवाल विष्णुकांत तिवारी भारी पुलिस फोर्स के साथ सुरक्षा व्यवस्था को संभाले रहे। उधर, उपजिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी ने भी मतगणना स्थल पर पहुंचकर वहां का जायजा लिया। देर शाम तक चली मतगणना में सबसे रोचक मुकाबला अध्यक्ष पद पर देखने को मिला। यहां शिवनाथ सिंह व जितेंद्र श्रीवास्तव के बीच शुरू से अंत तक कड़ा मुकाबला देखने को मिला। आखिरकार अध्यक्ष पद पर जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव को 193 मत हासिल हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी शिवनाथ सिंह को 172 मत मिले। ऐसे में उन्हें 21 मतों से विजेता घोषित किया गया। इसी तरह महासचिव के पद पर पंकज मिश्रा को 219 वोट मिले। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर संजीव कुमार दुबे निर्वाचित किए गए, उन्हें 211 मत हासिल हुए। जबकि फहीमजमा खां को 155, श्याम सिंह भारती को 122 वोट मिले। तीन मत निरस्त किए गए। संयुक्त सचिव प्रसारण के पद पर अमित कुमार राजपूत 288 मत पाकर विजेता बने। विशाल दुबे को 199 मत हासिल हुए, तीन मत निरस्त कर दिए गए। कोषाध्यक्ष पद पर अंजू पटेल 262 वोट पाकर विजेता घोषित की गई। विमलेश कुमार को 179 और संजय मिश्रा को 61 मत मिले, छह मत निरस्त किए गए। प्रशासनिक सदस्य के पद पर वेदमती को 346, सचिन बौद्ध को 309, ललित दुबे को 270, अवनीश वर्मा 251, वेदराम 236, सुखेंद्र सिंह 214, संजीव यादव 195, शहनूर अहमद 182, रणजीत 154, अनीस 142 मत मिले, जबकि तीन मत निरस्त किए गए।

### निर्वाचित घोषित किए गए पदाधिकारी

अध्यक्ष-जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, महासचिव-पंकज मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष-संजीव कुमार दुबे, उपाध्यक्ष प्रथम-दिनेशचंद्र यादव व विनीत त्रिपाठी, संयुक्त सचिव प्रशासन-नरेंद्र सिंह शाक्य, संयुक्त सचिव प्रसारण-अमित कुमार राजपूत कोषाध्यक्ष-अंजू पटेल, प्रशासनिक सदस्य-वेदमती, सचिन बौद्ध, ललित दुबे, अवनीश वर्मा, वेदराम व सुखेंद्र सिंह।

### इस बार ऑनलाइन हुई मतगणना

छिबरामऊ। बार एसोसिएशन के नामांकन प्रक्रिया से लेकर मतगणना तक ऑनलाइन व्यवस्था की गई थी। बार के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह व महासचिव ललितप्रताप सिंह के प्रयासों से गौरव त्रिपाठी अमर ने चुनाव को पूरी तरह डिजिटल बना दिया। इस बार ऑनलाइन वोटिंग मानिटरिंग एवं डिजिटल काउंटिंग की व्यवस्था की गई थी, जिससे दूर बैठे अधिवक्ताओं ने भी मतदान और मतगणना की स्थिति पर पूरी तरह नजर बनाए रखी। निर्वाचन आयोग द्वारा ऑनलाइन काउंटिंग की व्यवस्था किए जाने से समर्थकों तक हर राउंड की सटीक जानकारी तुरंत पहुंच रही थी।

# बीएसएनएल सर्वर गड़बड़ी से डाकघर और बैंक में लेन-देन ठप

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर में बीएसएनएल के सर्वर की खराबी के कारण उप डाकघर और बैंक ऑफ इंडिया में दैनिक करोड़ों रुपये का लेन-देन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। 14 फरवरी से उप डाकघर में सर्वर कनेक्शन नहीं आ रहा, जिससे बचत खातों में जमा-निकासी पूरी तरह बंद है। ग्राहक और बचत बैंक अभिकर्ता परेशान हैं। उप डाकपाल मनोज सक्सेना ने बताया कि विभाग का टाई-अप बीएसएनएल से है। फतेहगढ़ डिवीजन ऑफिस को रोज सूचना दी जा रही है और आवास विकास कॉलोनी स्थित बीएसएनएल एक्सचेंज में एसडीओ को अवगत कराया जा रहा है, लेकिन चार दिन बीत जाने के बावजूद समस्या दूर नहीं हुई। बैंक ऑफ इंडिया में भी यही हाल है, जहां करोड़ों का लेन-देन रुक गया है। बीएसएनएल एसडीओ अपूर्व वर्मा ने कहा कि कनेक्शन में पिंक ड्रॉप की समस्या है, जिससे सर्वर बार-बार डिस्कनेक्ट हो जाता है। इसे ठीक करने के लिए टीआईपी (वेंडर) को बुलाया गया है। उम्मीद है कि एक-दो दिन में समस्या हल हो जाएगी। जन आंदोलन फ्रंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार दुबे ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने बीएसएनएल को पूरी तरह चौपट कर रखा है। जियो और एयरटेल जैसी निजी कंपनियां सफल हैं, जबकि बीएसएनएल कभी टॉप पर था। सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया, जिससे उपभोक्ता परेशान हैं।

यहां अभी तक 4जी भी लागू नहीं हो सका है।

# वार्षिकोत्सव समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**





बेस्ट विंड इंटरनेशनल स्कूल द्वारा अलकरमह गेस्ट हाउस में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मचा दी7 छोटे-छोटे बच्चों का टैलेंट एवं आत्मविश्वास देकर हर कोई प्रशंसा करने पर मजबूर हो गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों के अंदर आत्मविश्वास बढ़ता है अलकरमह गेस्ट हाउस मे सोमवार की शाम आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने सेव द ट्री नन्हा मुन्ना राही हूं देश का सिपाही हूं, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, हीर आसमानी, यूनिटी एंड डाइवर्सिटी, वूमेन एजुकेशन एवं तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से मेधा प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी, वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र देव का कार्यक्रम के आयोजन एवं विद्यालय के डायरेक्टर सैयद अहमद उसैब द्वारा जोरदार स्वागत किया गया इस दौरान पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा जो कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए उनसे अन्य बच्चों एवं लोगों को प्रेरणा मिलती है। बच्चों के अंदर आत्मविश्वास की झलक दिखाई दी इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों में आत्मविश्वास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है कार्यक्रम में मुख्य रूप से डायरेक्टर सैयद अहमद उसैब ,पूर्व ब्लाक प्रमुख राशिद जमाल सिद्दीकी, पूर्व प्रधानाध्यापिका वहीदा बानो जूही, विद्यालय की अध्यापिकाओं सिमरन, गरीना, नबा रहमान , नेहा श्रीवास्तव , जरीना, नाजमीना, शीरी सिद्दीकी, अकील अहमद, जयदीप गुप्ता , आंचल गुप्ता, अजीत वर्मा , वीरेंद्र गुप्ता, अनीस अहमद, अमित कुमार, सिराजुल सहित भारी संख्या में अभिभावक गण मौजूद रहे।

## मनरेगा योजना का नाम बदलने का किया विरोध



**छिबरामऊ,कन्नौज।** पुराना सौरिख बस स्टॉप स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक में जन आंदोलन फ्रंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार दुबे ने केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) का नाम बदलने का तीव्र विरोध किया। उन्होंने कहा कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाकर भाजपा सरकार ने राष्ट्रपिता के विचारों और ग्रामीण गरीबों के अधिकारों पर हमला किया है। यह योजना महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज और रोजगार के अधिकार की भावना पर आधारित थी, जिसे कमजोर कर गरीब मजदूरों की आजीविका छीनी जा रही है। विनोद दुबे ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ लखनऊ विधानसभा घेराव करने जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। उन्होंने कहा यह लोकतंत्र का गला घोंटना है। हम मनरेगा बचाओ अभियान के तहत आंदोलन जारी रखेंगे। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर सरकार के इस फैसले के खिलाफ नारे लगाए और मनरेगा को मूल रूप में बहाल करने की मांग की। इस दौरान देवकीनंदन दुबे मुन्ना, आसाराम यादव, अजय दुबे, प्रदीप दुबे, राजीव अग्निहोत्री, सुरेश सिंह तोमर, श्याम सिंह, सुरजीत, भैया लाल, राजेश एवं दिनेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

# अर्चना पांडेय ने विधानसभा में उठाई क्षेत्र की समस्याएं

**नया बाईपास और फर्रूखाबाद चौराहे पर बने फ्लाईओवर**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



विधानसभा में बजट सत्र के दौरान धन्यवाद प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री के विजन की प्रशंसा करते हुए विधायक अर्चना पांडेय ने क्षेत्र की समस्याओं का उल्लेख किया और इनके समाधान की मांग की। उन्होंने आलू किसानों की समस्या उठाते हुए कहा अच्छी पैदावार के बावजूद आलू किसानों को वर्षों से नुकसान झेलना पड़ रहा है। फसल का उचित मूल्य न मिलने के कारण उनकी लागत भी नहीं निकल पाती। इस समस्या के समाधान हेतु उन्होंने क्षेत्र में आलू चिप्स फैक्ट्री और अन्य आलू आधारित उद्योगों की स्थापना की मांग की। ताकि किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य मिल सके और स्थानीय स्तर पर ही खरीद सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि छिबरामऊ नगर में एनएच 34 हाईवे के बाईपास पर जाम की भीषण समस्या है। इससे निपटने के लिए फर्रुखाबाद चौराहे पर फ्लाईओवर और नया बाईपास बनाया जाए। यहां बना सौ शैया संयुक्त चिकित्सालय विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण एक रेफर सेंटर बनकर रह गया है। यहां चिकित्सकों की नियुक्ति की जानी चाहिए। छिबरामऊ नगर में तिरंगा तिराहे से पश्चिमी बाईपास तक मुख्य मार्ग की दशा अत्यंत खराब है। इस मार्ग के निर्माण के लिए नगर विकास विभाग बजट आवंटित करे। गुरसहायगंज में नवीन मंडी बनाई जाए। यहां पर राजकीय महिला महाविद्यालय के लिए भूमि आरक्षित हो चुकी है अतः महाविद्यालय का निर्माण शीघ्र कराया जाए। यहां के पूर्वी रेलवे क्रॉसिंग पर जाम की समस्या से निपटने के लिए फ्लाईओवर बनना आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में बिजली समस्या को उठाते हुए कसावा, समधन और तेराजाकेट में 33 केवी विद्युत उप केंद्र बनाने की मांग की। उन्होंने कहा छिबरामऊ से तालग्राम 18 किलोमीटर तय करके बड़ी संख्या में लोग आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के लिए जाते हैं। इस रोड का चौड़ीकरण होना अत्यंत आवश्यक है ताकि लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे से छिबरामऊ नगर की कनेक्टिविटी आसान हो सके।

## खबरें एक नजर में

### शिवम द्विवेदी ने दी समर्पण निधि की चेक




**छिबरामऊ, कन्नौज।** भाजपा कार्यालय में आयोजित पार्टी कार्यकर्ताओं की कार्यशाला के दौरान तेराजाकेट मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष शिवम द्विवेदी ने जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया एवं जिला प्रभारी इंद्रपाल पटेल को समर्पण निधि की चेक दी। इस दौरान निवर्तमान जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, नगरपालिका अध्यक्ष मनोज दुबे, भाजपा नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता व पूर्व नगर अध्यक्ष आनंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### दो वर्षीय मासूम की हौद में गिरने से मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नगला महुआ में एक दिल दहला देने वाली घटना घटी। मवेशियों को पानी पिलाने के लिए बनाए गए हौद में गिरने से 2 वर्षीय मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से परिजनों सहित पूरे गांव में मातम छा गया। मृतक मासूम बच्ची के पिता कुलदीप कुमार ने बताया कि उनके घर के बाहर मवेशियों को पानी पिलाने के लिए एक हौद (गड्ढा) बनवाया हुआ था, जिसमें सबमर्सिबल पंप से पानी भरा जाता है। मंगलवार शाम को उनकी दो वर्षीय मासूम बेटी शिवन्या खेलते-खेलते संतुलन बिगड़ने के कारण उस हौद में गिर गई। कुछ देर बाद जैसे ही परिजनों को इसकी जानकारी हुई, उन्होंने तुरंत बच्ची को बाहर निकाला और उसे आनन-फानन में सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने गहन परीक्षण के बाद शिवन्या को मृत घोषित कर दिया। शव को परिजन गांव ले आए। इस हादसे से पूरे परिवार और आसपास के लोगों में कोहराम मच गया। छोटी सी लापरवाही ने एक मासूम की जान ले ली।

### रमज़ान का दिखा चांद, पहला रोज़ा आज



**समधन, समृद्धि न्यूज।** माहे रमज़ान मुबारक महीना आने की खुशी का मुस्लिम लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे थे बुधवार शाम को रमज़ान का चांद नजर आते ही लोगों में एक बड़ी खुशी का माहौल देखने को मिला रमज़ान शुरू होने से पहले ही तैयारियां पूरी कर ली गई थी पूरे वर्ष के महीनों में से यह रमज़ान का महीना रहमतों और बरकतों वाला होता इस महीने में एक नेकी के बदले अल्लाह ताला सत्तर गुनहा ज्यादा सबाब देता है। इस महीने में मुस्लिम मर्द और औरत सभी बालिग लोगों पर रोज़ा नमाज़ फर्ज की गई है इसी खूब इबादत की जाती है। चांद नज़र आते ही तराबीह शुरू हो गई मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाजियों की भीड़ शुरू होने लगी।

### स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को किया जागरूक



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नेहरू पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जयवीर सिंह के आदेशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने ग्राम कमालपुर में एक दिवसीय शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को जागरूक किया। सभी वॉलिंटियर्स ने सरस्वती वंदना के साथ शिविर का शुभारंभ किया। तत्पश्चात लक्ष्यगीत और ध्येयगीत का सामूहिक गायन किया। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को मतदान और एसआईआर के बारे में अवगत कराया। बीएलओ श्री गौतम ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए एसआईआर की पूरी प्रक्रिया के विषय में विस्तार से समझाया। शिविर का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ आशीष कुमार गुप्ता ने किया। स्वयंसेवकों ने राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन किया। इस अवसर पर डॉ कृष्ण कुमार यादव, राघवेंद्र प्रताप सिंह, किरन, सतीश चंद्र एवं सभी स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# 146 छात्र-छात्राओं को 2.30 लाख का मिला वार्षिक पैकेज

**पॉलिटेक्निक अनौगी में कृष्णा मारुति लिमिटेड द्वारा साक्षात्कार के बाद प्रदान किए ऑफर लेटर**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



ऑफर लेटर के साथ छात्र- छात्रा व मौजूद संस्था के लोग

क्षेत्र के अनौगी स्थित एम एम आई टी कन्नौज में बुधवार को कृष्णा मारुति लिमिटेड द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें जनपद कन्नौज के अलावा कानपुर, लखनऊ, फर्रूखाबाद, शाहजहांपुर, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, देवरिया, भदोही, कासगंज, बागपत, उन्नाव, हरदोई सहित विभिन्न जनपदों के पॉलिटेक्निक संस्थानों से बड़ी संख्या में छात्र- छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कंपनी के एचआर माधव पंडित एवं प्रशांत कुशवाहा ने कंपनी प्रोफाइल और जॉब ब्रीफिंग की प्रस्तुति दी। इसके बाद दो अलग- अलग पैनलों के माध्यम से साक्षात्कार प्रक्रिया संपन्न कराई गई। चयन प्रक्रिया के उपरांत कुल 146 छात्र- छात्राओं को 2.30 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर ऑफर लेटर प्रदान किए गए। कार्यक्रम संस्था के प्रधानाचार्य एस.के. वर्मा के निर्देशन तथा प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. आर.एस. कमल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सेवायोजन एवं प्रशिक्षण अधिकारी/ प्रभारी अंशु निगम, अभिषेक वर्मा एवं सत्यम वर्मा ने आयोजन की रूपरेखा तैयार कर सफल संचालन किया। वहीं मान्यवर कांशीराम राजकीय पॉलिटेक्निक तिर्वा, शशांक पटेल की भी विशेष उपस्थिति रही। संस्था प्रशासन ने चयनित छात्र- छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए इसे संस्थान की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

## एक मुश्त समाधान योजना अभियान कल



**छिबरामऊ, कन्नौज।** विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता राजीव कुमार भारती ने बताया कि उपखण्ड कार्यालय के अन्तर्गत 20 फरवरी को सुबह 10 बजे से एक मुश्त समाधान योजना महाअभियान चलाया जायेगा। उन्होंने कहा सभी पात्र उपभोक्ता अपना अपना पंजीकरण करा कर योजना का लाभ उठायें और केबिल कटने जैसी समस्या से मुक्ति पायें क्योकि एक मुश्त समाधान योजना में 10 दिन शेष बचे है, अतः सभी उपभोक्ता जल्द से जल्द योजना का लाभ उठायें उन्होंने कहा एक मुश्त समाधान योजना में 7717 उपभोक्ता ऐसे है, जिनके द्वारा केवल पंजीकरण कराया गया है, परन्तु अभी तक इन सभी उपभोक्ताओं द्वारा पूर्ण धनराशि का भुगतान नही किया गया है। सभी पंजीकृत उपभोक्ता अपने शेष बिल की धनराशि माह फरवरी तक अवश्य जमा करा दें जिससे वह योजना से वंचित न हो पायें।

# बाल उत्सव 2.0 में अनुराधा का राज्य स्तर पर हुआ चयन



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

बीएनएसडी कानपुर में आयोजित 'बाल उत्सव 2.0' मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद की छात्रा अनुराधा भारती ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तर पर स्थान बनाया है। अनुराधा 'मेरे बदलाव की कहानी' प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर चयनित हुई हैं।

क्षेत्र के अनौगी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्रा अनुराधा भारती के राज्य स्तर पर चयनित होने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र वर्मा, डीसी बालिका शिक्षा एवं जनपद नोडल बालिका शिक्षा राजपाल सिंह, विद्यालय की प्रभारी वार्डेन अंबुज दुबे ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। अधिकारियों ने कहा कि अनुराधा की उपलब्धि से जनपद का नाम मंडल स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। प्रतियोगिता में जनपद से ब्लॉक नोडल सुमित गुप्ता, रामकिशोर सिंह, अरुण कुमार वर्मा, कल्पना राजपूत, स्नेहलता द्विवेदी, नीता शुक्ला व पूनम त्रिपाठी ने भी प्रतिभाग किया। जनपद स्तर पर छात्रा की सफलता को लेकर शिक्षकों व शिक्षा विभाग में खुशी का माहौल है।

# परीक्षा केन्द्रों पर पालिका परिषद ने चलाया सफाई अभियान

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी के निर्देश पर नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले परीक्षा केदो पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत पूरे विद्यालय की सफाई की गई इस दौरान सफाई टीम ने पूरे विद्यालय में चुनाव डालकर चिन्हित किया। अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी आशुतोष मोहन के निर्देश पर नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत बनाए गए परीक्षा केदो पर सफाई अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत सफाई कर्मियों ने विद्यालय परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर सभी फील्ड तथा कमरों की विधिवत सफाई की इस दौरान सफाई कर्मी की टीम ने पूरे विद्यालय परिसर में चूना भी डाला। उन्होंने बताया कि नगर के परीक्षा केंद्र गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज रामगंज मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज गांधीनगर सरोजनी देवी आर्य बालिका विद्यालय तिर्वा रोड डॉ जाकिर हुसैन इंटर कॉलेज गुरसहायगंज एवी इंटर कॉलेज रामगंज गीता इंटर कॉलेज रामकृष्ण नगर सहित परीक्षा केदो पर सफाई अभियान के अलावा सभी बालक व बालिकाओं के शौचालय भी साफ किए गए और उसमें फिनाइल की गोली भी डाली गई। शिव शंकर तिवारी ने बताया कि नगर पालिका परिषद अर्थशासी अधिकारी के निर्देश पर सफाई नायक ओंकार सरवन बाल्मिक राजन बाबू वर्मा अशोक कुमार की बनाई गई टीम द्वारा पूरे नगर के विद्यालयों में सफाई अभियान चलाया गया उन्होंने बताया कि 18 फरवरी से यूपी बोर्ड हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू हो रही है जिसको ध्यान में रखकर पालिका अध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता के पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है।

# नगर के सभी परीक्षा केंद्रो पर पूरे दिन चली तैयारियां

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार से होने वाली उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा प्रयागराज हाई स्कूल इंटर बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए मंगलवार को पूरे दिन विद्यालयों में तैयारियां चलती रही इसके साथ ही केंद्र व्यवस्थापकों द्वारा परीक्षा केद्रो पर डेस्क स्लिप लगवाई गई। तथा अन्य आवश्यक सुविधा भी सुचारू कराई गई इस दौरान परीक्षा प्रभारी द्वारा सीटिंग प्लान भी बनाया गया। बुधवार से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू हो रही है जिसके अंतर्गत केंद्र व्यवस्थापक द्वारा परीक्षा की तैयारी युद्ध स्तर पर की गई जिसके अंतर्गत सीटिंग प्लान बनाया गया इसके अलावा जिन कमरों में छात्र एवं छात्राओं को परीक्षा देना है उन परीक्षा केद्रो में डेस्क स्लिप लगाई गई। जिससे की परीक्षा देने वाले छात्र तथा छात्राओं को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े। जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज तथा शासन के निर्देश की अनुपालन में विद्यालय प्रशासन द्वारा सफाई व्यवस्था के साथ विद्युत व्यवस्था पेजल व्यवस्था अन्य व्यवस्था को लेकर पूरे दिन विद्यालय में कार्य किया गया परीक्षा प्रभारी बृजेश कुमार गंगवार सह परीक्षा प्रभारी अभिषेक कुमार वर्मा ने बताया कि बुधवार को होने वाली हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए विद्यालय में डेस्क स्लिप लगाने का कार्य पूरा किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक पुष्पेंद्र कुमार सिंह दुर्गविजय विजय शंकर पाठक आलोक कुमार सूर्यभान सिंह राकेश कुमार यादव राकेश सक्सेना रमेश चंद कुशवाहा सहित विद्यालय के अन्य स्टाफ का सहयोग लिया गया। इसी प्रकार नगर के गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज रामगंज एवी इंटर कॉलेज रामगंज डॉक्टर जाकिर हुसैन इंटर कॉलेज गुरसहायगंज गीता इंटर कॉलेज रामकृष्ण नगर विमला देवी बृजमोहन सिंह इंटर कॉलेज सराय प्रयाग एसई एन इंटर कॉलेज तैरा जैकेट भारतीय इंटर कॉलेज मतौली स्वामी बेधड़क हायर सेकेंडरी स्कूल नदसिया सहित् नगर व क्षेत्र के विद्यालयों में पूरे दिन तैयारी का सिलसिला जारी रहा।

# ससुरालियों ने घर में घुसकर की मारपीट, कई लोग घायल

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

किसी बात को लेकर नाराज युवक के ससुराल जिन्होंने घर में घुसकर लाठी डंडों से मारपीट की है जिसमें एक युवक सहित कई लोग घायल हो गए सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने उपद्रव करने वाले तीन लोगों को हिरासत में लिया है घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाने के उपरांत पीड़ित की तैयारी पर मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम सिंहपुर निवासी सुरजीत पुत्र शिवराम के पुत्र अर्जुन की शादी हाथिन निवासी गेंदन लाल की पुत्री के साथ हुई थी किसी बात को लेकर पति-पत्नी में अनबन हो गई जिसकी सूचना पर अपने पुत्र सुलखान एवं कई लोगों के साथ पहुंचे गेंदन लाल ने घर में घुसकर गाली गलौज शुरू कर दिया जिसका विरोध करने पर उक्त लोगों द्वारा अर्जुन सहित उसके भाई सुरजीत पुत्र शिवराम एवं महिलाओं बच्चों को भी मारा पीटा जिससे सुरजीत गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा गेंदनलाल सुलखान एवं अर्जुन को हिरासत में लिया गया है गंभीर रूप से घायल सुरजीत को इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।


## कार्यालय नगर पंचायत समधन जनपद, कन्नौज

पत्रांक 27/न.पं.सं./ई-निविदा सूचना/15वां.वि.आ. (टा.ग्रा.)/2025-26 दिनांकः 17.02.2026

**ई-निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत समधन में 15वां वि.आ. (टाइड ग्राण्ट) की सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट योजनान्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु ई-निविदा ई-टेण्डर पोर्टल पर निम्नांकित विवरण के अनुसार आमंत्रित करती है। निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तें वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है, जिसका अनुपालन समस्त प्रतिभागगियों को किया जाना अनिवार्य है। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण निम्न प्रकार है-

| E-Bid Reference | Date & Time |
|---|---|
| Tender Release | 19.02.2026 Time 1:00 PM |
| Tender Download Start | 19.02.2026 Time 1:00 PM |
| Bid Submission Start | 19.02.2026 Time 1:00 PM |
| Close of Bid | 24.02.2026 Time 3:00 PM |
| Bid Openning Technical | 25.02.2026 Time 3:30 PM |
| Bid Opening Financial | When Technical Bid Approved |

**अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत समधन
जनपद-कन्नौज**

## कार्यालय नगर पंचायत समधन जनपद, कन्नौज

पत्रांक 28/न.पं.संम./ई-निविदा सूचना/रा.वि.आ. /2025-26 दिनांकः 17.02.2026

**ई-निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत समधन में राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों हेतु ई-निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल पर निम्नांकित विवरण के अनुसार आमंत्रित करती है। निविदाओं से सम्बन्धित नियम व शर्तें वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है, जिसका अनुपालन समस्त प्रतिभागगियों को किया जाना अनिवार्य है। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण निम्न प्रकार है-

| E-Bid Reference | Date & Time |
|---|---|
| Tender Release | 19.02.2026 Time 1:00 PM |
| Tender Download Start | 19.02.2026 Time 1:00 PM |
| Bid Submission Start | 19.02.2026 Time 1:00 PM |
| Close of Bid | 28.02.2026 Time 3:00 PM |
| Bid Openning Technical | 01.03.2026 Time 3:30 PM |
| Bid Opening Financial | When Technical Bid Approved |

**अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत समधन
जनपद-कन्नौज**

# वृद्धा आश्रम में स्वास्थ्य कैंप लगाकर डॉ. अनीता रंजन ने किया वृद्धों का मेडिकल परीक्षण

- डॉ. जितेंद्र सिंह यादव की टीम ने किया सहयोग, बोली वृद्धों की हर सम्भव मदद की जायेगी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।**

डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव की टीम तथा नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख अनीता रंजन ने वृद्ध आश्रम में मेडिकल कैंप लगाकर वृद्ध व असहायों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवायें वितरित कीं। इस दौरान उन्होंने वृद्धजनों को आश्वास्त किया कि जरुरत पड़ने पर उनकी हर सम्भव मदद की जायेगी।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सिरौली के निकट मोहम्मदाबाद रोड पर बने वृद्धा आश्रम में बुधवार को डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव चेयरमैन मेजर एसडी सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज की टीम तथा नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख डॉ0 अनीता रंजन ने वृद्धा आश्रम में पहुंचकर वृद्धों एवं असहायों का मेडिकल कॉलेज की डॉक्टरों की टीम लगाकर सभी का मेडिकल परीक्षण कराया तथा बीमार लोगों को दवा वितरण कराई। इस दौरान उन्होंने वृद्धा आश्रम में वृक्षारोपण भी किया। इस दौरान उन्होंने वृद्धों को आश्वास्त किया कि कभी कोई परेशानी हो, तो वह उन्हें कॉल कर निसंकोच बता सकते हैं। उनकी हर सम्भव मदद की जायेगी। उनकी दवा आदि की पूरी व्यवस्था की जायेगी। यदि किसी कारणवश यदि फोन नहीं लगता है, तो वह सपा के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव के मोबाइल पर कॉल करके अपनी समस्या बेहिचक बता सकते हैं। उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। डॉक्टर अनीता रंजन ने सिरोली गांव में पंचायत भवन के पास भी वृक्षारोपण किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज डॉ. अनीता रंजन, डॉक्टर अरुण कुमार पांडे, ऋषिपाल सिंह यादव, विकास यादव, अतुल यादव, जोधन सिंह, लख्मीचंद, जगराम सिंह, अवनीश यादव, अमित पाल, रघुवीर कठेरिया तथा समस्त डॉक्टरों की टीम वृद्ध जनों के साथ मौजूद रही।


वृद्ध आश्रम में वृद्धों का परीक्षण करती डाक्टरों की टीम


ब्लाक प्रमुख डॉ. अनीता रंजन का स्वागत करते लोग

## सैनिक ने पत्नी को मारपीट कर किया घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तुर्ककलईया निवासी दीपिका उम्र 33 वर्षीय पत्नी दीपक कुमार को घायल अवस्था में पुलिस कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल परीक्षण करवाने लाई। उसी दौरान दीपिका ने बताया की मेरी सास मुन्नी देवी ने कहा बहू तुम सब्जी बनाती हो उसमें ज्यादा तेल डालती हो, काम ऑयल की सब्जी बनाया करो, तभी हमने काम ऑयल की सब्जी बनाई और पति दीपक के आगे परोसी। पति ने सब्जी देखते ही सब्जी से भरी प्लेट मेरे मुंह पर फेंककर मारी और हमें गालियाँ देते हुए जमीन पर गिराकर मेरे साथ बेल्टों व धारदार हथियार से पिटाई करने लगे। हम अपने को बचाने के लिए बेटी समृद्धि उम्र 8 वर्ष तथा बेटा शुभम उम्र 3 वर्ष को लेकर भटासा स्टेशन पर भागकर आई। स्टेशन पर मौजूद लोगों ने हमें घायल अवस्था में देखकर डायल112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने दीपिका का मेडिकल परीक्षण कराया। वहीं दीपिका की बच्ची ने कहा मेरे पिता फौजी है वह छुट्टी पर घर आये है और मेरी मम्मी को बहुत मारते हैं।


महिला का डॉक्टरी परीक्षण करते चिकित्सक

## न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जेल का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रियंका गांधी द्वारा जिला कारागार फतेहगढ़ का औचक निरीक्षण कर अस्पताल बैरक, पाकशाला, लीगल एड क्लीनिक में जाकर बंदीगण से मिलकर उनके लंबित प्रकरणों की जानकारी ली तथा बंदीगण के स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी कर वहां उपस्थित डॉ0 नीरज को आवश्यक निर्देश दिए। जेल प्रशासन को भोजन व साफ-सफाई का विशेष ध्यान का निर्देश दिए गए। साथ में एडवोकेट सुरेंद्र कुमार राणा डिप्टी चीफ़ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल द्वारा बंदीगण को विधिक सहायता व राय देकर जागरूक किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला जेल कारागार अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, जेलर वैभव कुशवाह व जेल प्रशासन के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।


निरीक्षण कर बाहर आतीं न्यायाधीश/सचिव

# लोहिया अस्पताल में अव्यवस्थाएं देख बरसे मुख्य चिकित्साधीक्षक

- लापरवाही देख लगाई क्लास, मिल रहीं सुविधाओं की ली जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लोहिया अस्पताल के सीएमएस डॉ. जगमोहन शर्मा ने बुधवार सुबह अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें मरीजों को नाश्ता देरी से बंटता मिला और बेड की चादरें भी समय पर नहीं बदली जा रही थीं। सीएमएस ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई। अस्पताल की ओपीडी सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलती है, जबकि इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध रहती हैं। मरीजों को सुबह नाश्ता दिया जाता है और बेड की चादरें भी नियमित रूप से बदली जाती हैं।


निरीक्षण करते मुख्य चिकित्साधीक्षक

सीएमएस ने इन व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए निरीक्षण किया था। निरीक्षण की शुरुआत में सीएमएस ओपीडी पहुंचे। उन्होंने पर्चा काउंटर और दवा काउंटर को खुला पाया। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद मरीजों से भी बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद सीएमएस सीधे इमरजेंसी वार्ड पहुंचे। जहां डॉ. दीपक तिवारी और फार्मासिस्ट मौजूद मिले। उन्होंने वार्ड में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना और उन्हें मिल रहीं सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इमरजेंसी वार्ड में ही सीएमएस ने बेड पर चादरें बदलते हुए कर्मचारियों को देखा। उन्होंने कर्मचारियों से पूछा कि सुबह 8 बजे चादरें बदलने का समय होने के बावजूद 9 बजे क्यों बदली जा रही हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नाश्ता भी देरी से बंटता मिला। सीएमएस ने इस पर भी सवाल उठाए और देरी का कारण पूछा। उन्होंने दूध और ब्रेड के पैकेट हाथ में लेकर उनकी गुणवत्ता भी जांची। अंत में सीएमएस ब्लड बैंक पहुंचे और रक्त की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि केवल 22 यूनिट रक्त मौजूद है। इस पर सीएमएस ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कम से कम 40 यूनिट रक्त उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने सीटी स्कैन के लिए बैठे एक मरीज से भी बातचीत कर जानकारी ली।

# दुकान का सामान लेने गया युवक लापता

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

घर से दुकान का सामान लेने गया युवक लापता हो गया। परिजनों ने पुलिस से गुहार लगाई है।

कस्बे के किदवई नगर निवासी स्वर्गीय आफाक खान की पत्नी शाही बेगम ने कोतवाली में तहरीर देकर अपने पुत्र के लापता होने की सूचना दी है। पीड़िता के अनुसार उनका 24 वर्षीय पुत्र अली खान दिनांक 17 फरवरी को दोपहर लगभग 2 बजे दुकान के लिए टायर, ट्यूब व अन्य सामान लेने फर्रुखाबाद गया था। देर शाम लगभग 10 बजे जब उनकी पुत्र से फोन पर बात हुई तो उसने बताया कि वह टेंपो से सामान लेकर सकवाई पहुंच गया है और आधे घंटे में घर पहुंच जाएगा। इसके बाद अली खान घर नहीं पहुंचा।


लापता युवक का फोटो

काफी खोजबीन करने के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला, तो पीड़िता ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सीडीओ ने सुनीं किसानों की समस्यायें, बिजली, पानी, आलू निर्यात के उठे मुद्दे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- आलू में चेचक रोग, धान, मक्का, बाजरा की खरीद की जांच कराने की मांग

फतेहगढ़ स्थित विकास भवन के सभागार में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। सीडीओ की अध्यक्षता में हुए इस आयोजन में बिजली, पानी, खाद, फसल के मूल्य सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए।

किसानों ने नैनो यूरिया के उपयोग और गेहूं के बीज की खरीद से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की। रजीपुर निवासी महेश राजपूत ने शिकायत की कि सोसायटी पर खाद के मूल्य सही ढंग से नहीं लिखे जाते हैं। वहीं कमलपुर से आए राज बहादुर ने बताया कि उनके जैविक आलू को 300 से 400 रुपये प्रति क्विंटल के बहुत कम दाम पर बेचा जा रहा है। जिससे उन्हें दो बीघा में केवल 5000 रुपये की आय हुई। आलू में चेचक रोग की समस्या भी उठाई गई। गुतासी में पशु चिकित्सक की अनुपस्थिति का मुद्दा भी सामने आया। जिस पर सीडीओ ने आश्वासन दिया कि अतिरिक्त प्रभार होने के बावजूद चिकित्सक सप्ताह में दो दिन अवश्य बैठेंगे। धान और मक्का खरीद में किसानों को होने वाली परेशानियों पर भी बात हुई। जिसमें खरीद प्रक्रिया में सुधार की मांग की गई। जहानगंज थाना क्षेत्र में स्थित एक विद्युत उपकेंद्र पर तैनात जेई की शिकायत भी की गई। ढिलावल के मजरों में बाढ़ के बाद से बिजली आपूर्ति बहाल न होने का मुद्दा भी उठाया गया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष ने धान, मक्का और बाजरा खरीद की जांच के लिए एक टीम गठित करने की मांग की। पराग डेयरी बंद होने से दूध उत्पादक किसानों को सही मूल्य न मिलने की समस्या भी सामने आई। जिस पर डेयरी को फिर से चलाने की मांग की गई। बैरमपुर निवासी सुधीर कुमार शुक्ला ने कहा जहानगंज के नसरतपुर में तैनात विद्युत उपकेंद्र के जेई का मुद्दा उठा। चेकिंग के नाम पर मोबाइल नंबर मांगते है। बाद में कॉल कर बुलाते हैं। कहा किसान साढ़े तीन बजे मंडी पहुंच जाते हैं। वहां जाम की दिक्कत हो जाती है। यातायात पुलिस को तैनात करने की मांग की। आलू निर्यात करने की मांग की गयी। शिव प्रताप चौहान ने गमछा के अंदर आलू का रेट तय करने का मुद्दा उठाया। बताया किसान को पता ही नहीं चलता है किस रेट में उसका आलू बिका है। कमालगंज की मंडी की समस्या को लेकर कहा सड़क पर ब्रेकर की जरूरत है। वहां ब्रेकर नहीं बना है। महमूदपुर निवासी महेश राजपूत ने कहा 2 वर्ष से कर चल रहा है, लेकिन आज तक उसमें पानी की सप्लाई नहीं हुई।


किसान दिवस में मौजूद अधिकारी व किसान

बताया लाइन भी नहीं बिछाई जा रही है और कनेक्शन भी नहीं किया जा रहे हैं। सिर्फ खंभे खड़े कर दिए हैं। बताया सूर्य लाइट भी लगी हुई है इसके बाद भी वहां कुछ नहीं हो रहा है। भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अजय कटियार ने बताया किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी से मांग की है कि इसमें जिलाधिकारी भी आएं। बताया बीते किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी को 14 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया था। इसमें कुछ मांगों पर कार्रवाई हुई है। बताया आज भी हमने मांग पत्र रखा है जल जीवन मिशन के अंतर्गत जो टंकियां खराब हैं या पानी की सप्लाई गांव में नहीं हो रही है सड़क खोदकर डाल दी गई हैं। मांग की है की टीम बनाकर इसकी जांच कराई जाए। बताया धान मक्का और बाजार की खरीद की गई है। उसकी भी जांच टीम बनाकर कराने की मांग की है। सीडीओ ने बताया किसान दिवस में जो भी प्रस्ताव आए हैं। वह शासन को भेजे जाएंगे। पानी की टंकी को लेकर जो शिकायतें प्राप्त हुई है। टीम बनाकर उसे पर विधिवत जांच कराई जाएगी।

## घरेलू विवाद में महिला को पति व ससुरालीजनों ने पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम नगला हीरा सिंह में घरेलू विवाद के चलते एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति और ससुराल वालों ने उसे पीटा। बुधवार को जब उसका भाई बीच-.बचाव करने पहुंचा, तो उसके सामने भी ससुराल पक्ष ने हंगामा और मारपीट की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार नगला हीरा सिंह निवासी मीना देवी का पिछले कुछ समय से अपने ससुराल वालों के साथ विवाद चल रहा है। मीना देवी ने आरोप लगाया है कि दो दिन पहले उसके पति और परिवार के अन्य सदस्यों ने मिलकर उसकी पिटाई की थी। इस घटना की सूचना मीना देवी ने अपने भाई रमन को दी। बुधवार दोपहर को रमन अपनी बहन के घर पहुंचा और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। बातचीत के दौरान माहौल फिर से तनावपूर्ण हो गया और रमन की मौजूदगी में ही ससुराल पक्ष के लोगों ने दोबारा विवाद और मारपीट शुरू कर दी। घटना से परेशान होकर मीना देवी ने नवाबगंज थाने में लिखित तहरीर दी है और न्याय की गुहार लगाई है। नवाबगंज थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया मामला संज्ञान में है। महिला द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शांतिपूर्ण ढंग से जनपद के 79 केंद्रों पर बोर्ड की परीक्षाएं शुरु

- हाईस्कूल में 1570 तथा इंटरमीडिएट में 1202 के छोड़ी परीक्षा
- एडीएम व एएसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के 79 केंद्रों पर यू.पी. बोर्ड की परीक्षाएं बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में शुरु हो गयीं। पहले दिन हाईस्कूल के छात्रों की सामान्य हिन्दी की परीक्षा हुई। केंद्रों पर सीटिंग प्लान देखने के बाद सुबह 7:45 बजे से परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। प्रवेश के दौरान गेट पर उनकी सघन चेकिंग की गई। परीक्षा को लेकर छात्रों में उत्साह देखने को मिला, हालांकि कुछ परीक्षार्थियों ने पहली बार बोर्ड परीक्षा देने को लेकर थोड़ी घबराहट भी व्यक्त की। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी सभी परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहा। जनपद में केंद्रीय कारागार सहित कुल 79 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न हुई। सुबह प्रथम पाली में हाईस्कूल हिन्दी का पेपर हुआ। जिसमें पंजीकृत 24694 परीक्षार्थियों में से 23124 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 1570 परीक्षार्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया, जबकि शाम की पाली में इंटरमीडिएट सामान्य हिन्दी की परीक्षा हुई। जिसमें पंजीकृत 21429 में से 20227 में परीक्षा दी,जबकि 1202 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरे जिले में 6 जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। जिसकी मॉनिटरिंग डीआईओएस कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से की जा रही है। वही केंद्रों पर सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात रहे। इसके अलाला पुलिस बल भी तैनात रहा। अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत जनपद के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते एडीएम व एएसपी

# यातायात के उल्लंघन पर ताबड़तोड़ चालान

**नवाबगंज,समृद्धि न्यूज।**

नगर के मुख्य चौराहे पर बुधवार को नवाबगंज पुलिस का सख्त पहरा दिखाई दिया। क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा और थाना प्रभारी राजीव कुमार के नेतृत्व में चलाए गए सघन चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। जहाँ एक ओर नियमों की अनदेखी करने वालों के चालान काटे गए, वहीं ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर भी सीओ ने कड़ा रुख अपनाया। पुलिस बल ने हेलमेट न पहनने वाले और एक बाइक पर तीन सवारी बैठाकर चलने वाले चालकों को निशाने पर लिया। पुलिस की सख्ती को देख कई बाइक सवार मुख्य सड़क छोड़ गलियों से भागते नजर आए, लेकिन टीम ने किसी को नहीं बख्शा। दो पहिया और चार पहिया वाहनों के विरुद्ध इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा।


चेकिंग के दौरान चालान काटते सीओ

अभियान के दौरान उस समय स्थिति असहज हो गई जब वहां से गुजर रही डायल 112 की पीआरवी कार संख्या 2659 के चालक ने चौराहे पर मौजूद क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा को अनदेखा कर गाड़ी आगे बढ़ा दी। संदेह होने पर सीओ ने गाड़ी को रुकवाकर पूछताछ की, तो विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई। गाड़ी में ड्यूटी पर तैनात नरेंद्र कुमार और सतेंद्र सिंह तो मिले, लेकिन कांस्टेबिल गौरव कुमार अपनी ड्यूटी से नदारद पाए गए। क्षेत्राधिकारी ने इस अनुशासनहीनता पर नाराजगी जताते हुए दोनों कर्मियों को जमकर फटकार लगाई। सीओ अजय वर्मा ने तत्काल मौके पर रजिस्टर की जांच की और अपनी रिपोर्ट दर्ज करते हुए संबंधित कर्मियों को पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश होने का आदेश दिया। साथ ही थाना प्रभारी राजीव कुमार को निर्देशित किया कि उक्त मामले में तस्करा डालकर विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा ने बताया कि नियम सबके लिए बराबर हैं, चाहे वह आम नागरिक हो या पुलिसकर्मी। ड्यूटी में लापरवाही और अनुशासनहीनता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# साहसी बालिका टीम ने लाइव देखी विधानसभा की कार्रवाई

- विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से की मुलाकात
- क्षेत्रीय विधायक के साथ विधानसभा का किया भ्रमण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

साहसी बालिका संस्था के सदस्यों ने मंगलवार को लखनऊ में विधानसभा का भ्रमण किया। क्षेत्रीय विधायक डॉ. सुरभि के साथ संस्था के सदस्यों ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मुलाकात की और सदन की कार्यवाही का अनुभव लिया। इस दौरान संस्था ने विधानसभा अध्यक्ष को अपने सामाजिक क्रियाकलापों और उद्देश्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

कायमगंज निवासी संस्था अध्यक्ष खुशबू मिश्रा के साथ सिल्की मिश्रा, अंकुर मिश्रा, चांदनी, अंजू, दिव्या, निकिता, गरिमा और अंजना ने सतीश महाना से भेंट की। खुशबू मिश्रा ने बताया कि उनकी संस्था बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, स्वावलंबन एवं कौशल विकास प्रशिक्षण, पर्यावरण संरक्षण और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। साहसी बालिका टीम शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता शिविर, परामर्श कार्यक्रम और प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित करती है।


विधानसभा अध्यक्ष से मिलतीं साहसी बालिका संस्था की सदस्य


विधायक सुरभि के साथ विधानसभा का भ्रमण करतीं संस्था की सदस्य

इन गतिविधियों से बालिकाओं और महिलाओं को विशेष लाभ मिल रहा है। मुलाकात के बाद टीम ने विधानसभा परिसर का भ्रमण किया और सदन की कार्यवाही को सीधे देखा। सदस्यों ने विधानसभा की गरिमा, लोकतांत्रिक संवाद और अनुशासन की परंपरा को समझा। सिल्की मिश्रा ने बताया कि विधानसभा की लाइव कार्यवाही देखकर उन्हें और टीम के अन्य सदस्यों को बहुत कुछ सीखने को मिला।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें समाज हित में बताया और टीम का मनोबल बढ़ाया। क्षेत्रीय विधायक डॉ0 सुरभि ने भी सभी सदस्यों को विधानसभा की कार्यवाही और डिजिटल गैलरी का भ्रमण कराया। टीम की सिल्की मिश्रा ने अनुभव साझा करते हुए बताया कियह अचीवमेंट उनके लिए काफी बेहतर रहा, क्योंकि उन्होंने अपनी लाइफ में विधानसभा की कार्रवाई लाइव देखी जो वाकई में काफी अच्छी थी। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक का आभार व्यक्त किया।

## सीओ के नेतृत्व में पुलिस बल ने नगर में किया फ्लैगमार्च

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर में शांति, सुरक्षा और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन मुस्तैद है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अजय वर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल ने नगर के मुख्य बाजारों और भीड़भाड़ वाले मार्गों पर पैदल फ्लैग किया। गश्त के दौरान क्षेत्राधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मुख्य चौराहों पर संदिग्ध प्रतीत होने वाले बाइक सवारों को रोककर उनसे पूछताछ की और वाहनों की सघन तलाशी भी ली। पुलिस की इस सक्रियता का मुख्य उद्देश्य अराजकतत्वों में भय पैदा करना और आम जनमानस में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना है। फ्लैग मार्च में क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा के साथ भारी पुलिस बल मौजूद रहा। इनमें थाना प्रभारी राजीव कुमार, क्राइम प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार राय, कस्बा प्रभारी गीतम सिंह और एसएसआई राम सिंह प्रमुख रूप से शामिल थे। इनके अतिरिक्त कांस्टेबिल कमल गंगवार, किरन कुमार, हर्षित चौहान, अरविंद कुमार एवं अन्य पुलिसकर्मी भी टीम का हिस्सा थे। पुलिस प्रशासन ने व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। इससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने में मदद मिलेगी।


बाइक चालक से पूछताछ करते सीओ

# खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यालय चैम्पियन बने आयुष व प्रज्ञा

**▸ पुरुस्कार वितरण के साथ प्रतियोगिता का हुआ समापन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




मेडल व प्रमाण के साथ विजेता विद्यार्थी

मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में 14वीं वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का पुरुस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। मुख्य अतिथि जिला पूर्ति अधिकारी सुरेन्द्र यादव, विशिष्ठ अतिथि जिला युवा अधिकारी शिखर रस्तोगी व प्राचार्या डॉ. कल्पना सिंह रही। मुख्य अतिथि सहित समस्त अतिथियों का अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्या डॉ. कल्पना सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता में सभी छात्र-छात्राओं ने अनुशासन के साथ अपनी प्रतिभा दिखायी है। उन्होंने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। आयुष कुमार तथा प्रज्ञा चौधरी वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता के चैंपियन रहे। समारोह के द्वितीय दिन छात्र-छात्राओं की 400 मीटर छात्र वर्ग में आयुष कुमार प्रथम व 400 मीटर छात्रा वर्ग में सलोनी प्रथम, सौम्या द्वितीय, तथा मुस्कान तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ प्रतोयोगीता छात्रों में आयुष कुमार प्रथम, शिवांग द्वितीय तथा राजन भास्कर तृतीय रहे। 200 मीटर दौड़ छात्रा वर्ग में सलोनी प्रथम, मुस्कान द्वितीय तथा सौम्या तृतीय रहीं। गोला फेंक प्रतोयोगीता छात्र वर्ग में राजन भास्कर प्रथम, आशुतोष द्वितीय, कुशाग्र तिवारी तृतीय रहे तथा छात्रा वर्ग में बबली प्रथम, प्रज्ञा द्वितीय, सौम्या तृतीय रहीं। भाला प्रक्षेपण छात्रा वर्ग में प्रज्ञा प्रथम, बबली द्वितीय, अंकिता तृतीय रहीं तथा छात्रों में प्रणव कुमार प्रथम, शिवांग द्वितीय, आदित्य रतन शाक्य तृतीय रहे।

लंबी कूद प्रतियोगिता छात्र वर्ग में निलोश कुमार प्रथम, आयुष कुमार द्वितीय, शिवांग तृतीय रहे तथा छात्रा वर्ग में सौम्या चौहान प्रथम, प्रज्ञा चौधरी द्वितीय तथा मुस्कान तृतीय रहीं। प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। संचालन डॉ. प्रियांशु गुप्ता ने किया। इस अवसर पर क्रीड़ा प्रभारी डॉ. प्रियांशु गुप्ता, डॉ. वीरेंद्र कुमार, प्राध्यापक डॉ. अनामिका सक्सेना, विजय विक्रम सैनी व अन्य कर्मचारी तथा छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने भरी हुंकार

**▸ 26 फरवरी को बीएसए कार्यालय पर होगा धरना प्रदर्शन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बीआरसी पर मौजूद शिक्षक

टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर बुधवार को बीआरसी बढ़पुर और बीआरसी मोहम्मदाबाद में जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान के नेतृत्व में शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन किया।

उत्तर प्रादेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान ने शिक्षकों के साथ बैठक कर विरोध किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक 22 फरवरी को ट्विटर अभियान, 23 से 25 फरवरी तक विद्यालय में उपस्थित रहकर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे तथा 26 फरवरी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में समय 1 बजे से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष ने कहा गया कि निष्क्रिय सदस्यों की छुट्टी होगी और संघटन में सक्रिय सदस्यो को वरीयता दी जाएगी। इस अवसर पर मुन्नालाल यादव, मोहम्मद शकील खान, अनुपम शुक्ला, बृजेश द्विवेदी, डॉ. देवेंद्र यादव, सतेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, कमलेश कुमार, आलोक यादव, मंजीत सिंह, उमेश चंद्र गुप्ता, मोवीन खान, गीता चौहान, आशीष सक्सेना, अमित यादव, विक्रम, दीपू सिंह, सौरभ आदि लोग उपस्थित रहे।

# सदर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न



पीस कमेटी की बैठक में मौजूद व्यापारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आगामी त्यौहारों को देखते हुए सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय की अध्यक्षता में सदर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। सीओ ने कहा कि शहर में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी समाजिक व व्यापारिक लोग सहयोग करे। त्यौहारों को देखते हुए अराजकतत्वों पर कड़ी नजर रखी जायेगी। त्यौहार पर शहर में लग रहे जाम को लेकर बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित रखा जायेगा। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस मुस्तैद रहेगी। साथ ही व्यापारियों से अलग-अलग सुझाव लिये गये। इस मौके पर व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला, फेडरेशन व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष राजू गौतम, व्यापारी नेता संजय गर्ग, पप्पन मिया, सभासद अतुल शंकर दुबे, कुक्कू चौहान, अनुपम रस्तोगी, आकिल खां, मनोज कुमार, डॉ. महेन्द्र श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे। धन्यवाद कोतवाली निरीक्षक दर्शन सिंह ने ज्ञापित किया।

# जनपद की कथक नृत्यांगना अंजलि चौहान का हुआ सम्मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम में सम्मानित होती अंजलि चौहान

संस्कृति विभाग से संबद्ध फर्रुखाबाद की कथक नृत्यांगना अंजलि चौहान के ग्रुप ने महोबा सूर्य महोत्सव में मनमोहक प्रस्तुतियां देकर मंत्रमुग्ध किया।

जनपद की कथक नृत्यांगना अंजलि चौहान ने महोबा के स्थापना दिवस पर आयोजित सात दिवसीय सूर्य महोत्सव में भाग लिया। शुभारंभ रेहेलिया स्थित प्राचीन सूर्य मंदिर के तट पर वैदिक मंत्रोच्चारण एवं सूर्य आराधना के साथ हुआ।

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी चित्रगुप्त भी कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रभारी मंत्री राकेश राठौर डिजिटल माध्यम से जुड़े और महोत्सव को सांस्कृतिक एकता व विरासत संरक्षण का सशक्त माध्यम बताया। 11 से 17 फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव में जनपद की कथक नृत्यांगना अंजलि चौहान ने गोविंद यादव और अपने ग्रुप की अक्षरा, कशिश और दीपांशी के साथ प्रभावशाली कथक प्रस्तुति दी। भगवान शिव को समर्पित इस प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। संस्कृति विभाग की महत्वपूर्ण पहल से प्रदेश की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और निखारने की दिशा में निरन्तर प्रगति हो रही है।

## कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान महिलाओं में जमकर मारपीट हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और दोनों पक्षों ने कोतवाली में तहरीर दी। जानकारी के मुताबिक, पल्ला तिराहा स्थित प्राइमरी स्कूल के गेट के पास एक लकड़ी का खोखा रखा है, पास में ही नगर पालिका का कूड़ा डालने वाला कंटेनर भी रखा है। कार खड़ी करने वाले ने कूड़े कंटेनर को खिसका दिया। मोहल्ला दिलावर जंग निवासी साधना पत्नी अशोक पाण्डेय ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि स्कूल के पास रखे खोखे में नशा पत्ती का सामान बेचा जाता है। मैंने वहां कूड़ादान रखने को कहा, तभी हितेंद्र पांडे के तीनों लड़के व महिलाएं मेरे घर के अंदर घुस आई घर से खींचकर मेरी पिटाई की गई। जब मेरी बेटी पूजा उर्फकोमल बचाने आई तो उसके साथ भी मारपीट की। आसपास के लोगों ने बचाया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि कन्हैया दुबे, रिषव, कल्लू, आयुष दुबे, अनीता, सुनीता ने मुझको बुरी तरह पीटा है। मेरे घर पर खड़ी बाइक भी तोड़ डाली। वहीं दूसरी ओर से सुनीता दुबे, दुर्गेश मिश्रा, जानकी शुक्ला, सरिता कुमारी, निशा दुबे ने भी प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## खबरें एक नजर में

### बिल जमा न करने वाले 60 उपभोक्ताओं के कटे कनेक्शन



कैंप में बिल जमा करता उपभोक्ता

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के उखरा गांव में बिजली बिल राहत योजना शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 60 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे गए, जबकि 1 लाख 20 हजार रुपये के बकाया बिल जमा हुए। शिविर में ग्रामीणों ने अपने पुराने बकाया बिजली बिलों का भुगतान किया। कुल 20 लोगों ने वन टाइम सेटलमेंट योजना का लाभ उठाया। इसी के साथ विद्युत कर्मचारियों ने गांव में चेकिंग अभियान भी चलाया। अभियान के दौरान जिन 60 उपभोक्ताओं ने अपने बिल जमा नहीं किए थे उनके विद्युत कनेक्शन काट दिए गए। उन्हें तत्काल बिल जमा करने के निर्देश दिए गए। नोडल अधिकारी गोपाल मिश्रा ने योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लाउडस्पीकर के माध्यम से पूरे गांव में ग्रामीणों को शिविर और योजना के बारे में सूचित किया गया था। मिश्रा ने चेतावनी दी कि जिन लोगों ने इस छूट का लाभ नहीं उठाया और बिल जमा नहीं किया, उन्हें भविष्य में समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### बाइक फूंकने का विरोध करने पर युवक पर धारदार हथियार से हमला



जल रही बाइक व जानकारी देता पीड़ित

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** जमीनी विवाद को लेकर दबंगों ने मोटर साइकिल में आग लगा दी। विरोध करने पर पीड़ित को धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया तथा नकदी छीन ले गये। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नगला खेमरैगाई निवासी जैनुल खान पुत्र बाबू खान ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया सुबह गांव के ही मुश्ताक खान पुत्र अश्क एवं इखलांक खां पुत्र आफाक खाँ, अख्तर खाँ पुत्र हमीद खान, कामिल का पुत्र अखलाक खाँ, अब्दुल समद पुत्र अताउल्लाह खान, अत्ताउल्लाह खान पुत्र अशफाक खान एवं हारुन खाँ पुत्र अशफाक खान निवासीगण उपरोक्त उपरोक्त लोग जमीनी विवाद के चलते एक राय होकर आए एवं मोटरसाइकिल में आग लगा दी एवं निहास के पिलर को तोड़ दिया। पीड़ित के द्वारा विरोध करने पर धारदार हथियार से हमला करके घायल कर दिया एवं जेब में रखे 10000 छीनकर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

# जमीन हड़पने के लिए पुत्रों ने पिता को किया बेघर

**▸ विरोध करने पर भाई को पीटा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दबंग भाइयों ने जमीन हड़पने के नियत से अपने पिता को घर से बाहर निकाल दिया तथा छोटे भाई को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने घटना के संबंध में सीओ सिटी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

फर्रुखाबाद के नुन्हाई निवासी मनोज दीक्षित पुत्र विमल दीक्षित ने सीओ सिटी को दिये गये शिकयती पत्र में दर्शाया कि पिता द्वारा भवन बनवाया गया है। भाई अरविन्द दीक्षित व अरूण दीक्षित भी मकान में निवास करते हैं। दोनों भाइयों ने भवन पिता से हड़पने के लिये पिता को विभिन्न तरह की धमकियों देकर तथा उनके पास 6-7 लाख रूपये थे वह तथा उनकी पूरी गृहस्थ का सारा सामान भी दोनों भाइयों ने छीन कर पिता को घर से निकाल दिया। पिता मोहल्ले में स्थिति अपने पैत्रिक मकान में अकेले निवास कर रहे हैं। दबंग भाई मुझे भी घर से निकालना चाहते है और कई बार मारपीट कर चुके है। 16 फरवरी को दोनों भाइयों एवं अरूण दीक्षित की पत्नी एकता दीक्षित ने सरिया, लोहे के पाइप एवं एकता दीक्षित ने डण्डों से मारपीट कर घायल कर मरणासन्न कर दिया तथा घर में रखे 10 हजार रुपये व विभिन्न कागजात भी उठा ले गये। पीड़ित ने कार्यवाही की मांग की है।

# ग्राम प्रधानों व सचिवों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



शपथ दिलाते एआरटीओ

सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में बुधवार को एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत एवं खण्ड विकासं अधिकारी राजेपुर सुनील कुमार जायसवाल ने ब्लॉक राजेपुर में ग्राम प्रधानों तथा पंचायत सचिव को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। बैठक में 58 ग्राम प्रधानों तथा पंचायत सचिव ने प्रतिभाग किया। ग्राम प्रधानों को ग्राम सड़क सुरक्षा समिति के अन्तर्गत उस ग्राम का सड़क सुरक्षा अग्रदूत घोषित किया जाये। इसी क्रम में ब्लॉक राजेपुर में यह बैठक आयोजित की गई।

एआरटीओ ने बताया कि यातायात नियमों का पालन करने से धन-सम्पत्ति की भी रक्षा होती है। ग्राम प्रधानों से अनुरोध किया गया कि वह अपने ग्राम में सड़क सुरक्षा की बैठक आहूत करें तथा सभी ग्रामीणों प्रेरित करें कि किसी भी स्थिति में यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग ना करें, वाहन के प्रपत्र पूर्ण रखें, नशे की स्थिति में वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, अपनी गति को नियंत्रण में रखें तथा यातायात नियमों का पालन करें। अपने जनपद को दुर्घटना रहित बनाएं। एआरटीओ ने बताया कि हिट एण्ड रन मोटर दुर्घटना के पीड़ितों के लिये मुआवजा योजना-2022 के अन्तर्गत अज्ञात वाहन से घटित सड़क दुर्घटना में मृत्यु की दशा में रू0 2.00 लाख तथा गम्भीर रूप से घायल होने की दशा में रू0 50 हजार के मुआवजा का प्राविधान है। वर्ष 2025 में माह दिसम्बर तक हिट एण्ड रन की 109 दुर्घटनायें घटित हुई हैं, जिनमें 89 व्यक्तियों की मृत्यु हुई हैं तथा 81 व्यक्ति घायल हुये हैं। सभी को सड़क सुरक्षा शपथ दिलायी गई।

# बाल अपचारी को हत्या व जानलेवा हमले के मामले में दस वर्ष का कारावास

**▸ 35 हजार रुपए के अर्थदंड से किया गया दंडित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने बाल अपचारी को हत्या व जानलेवा हमले के मामले में दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर दस वर्ष का कारावास व 35 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

कोतवाली फर्रुखाबाद के एक मोहल्ला निवासी यह युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरा भाई पड़ोस की लड़की से प्यार करता था। दिनांक 25/26 जून 2017 को रात लगभग 12 बजे हम लोग खाना खाकर छत पर सो रहे थे। अचानक शोर की आवाज होने पर जाग गए तथा भागकर देखा कि लड़की का भाई अपने हाथ में लोहे की रॉड लेकर जान से मारने की नियत से मेरे भाई व उसकी प्रेमिका को मार रहा था। मैंने व मेरे पापा ने बिजली की रोशनी में देखा था। हमारे पहुंचते ही वह भाग गया था। मौके पर जाकर देखा कि मेरा भाई और उसकी प्रेमिका गंभीर रूप से घायल होकर मरणासन्न हालत में बरामदे में पड़े थे। इस पर हम लोगों ने डायल 100 पर सूचना दी थी। दोनों लोगों को राममनोहर लोहिया अस्पताल लेकर आए। मेरे भाई को डॉक्टर ने मृत घोषित कर लड़की को उपचार के लिए भर्ती कर लिया था। पुलिस ने तहरीर के आधार धारा 302, 307 आई.पी.सी. में मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह की कुशल पैरवी के आधार बाल अपचारी को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर हत्या के मामले में दस वर्ष का कारावास व पच्चीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

अर्थदंड अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास व जानलेवा हमले के मामले में पांच वर्ष का कारावास व दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदण्ड अदा करने पर दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# बूथों पर जाकर एसआईआर की सपा नेता ने ली जानकारियां



बीएलओ से जानकारी लेते सपा नेता

**▸ समाजवादी पार्टी ने कई जगह गड़बड़ियों के लगाए थे गंभीर आरोप**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

निर्वाचन आयोग द्वारा चलाई जा रही एसआईआर प्रक्रिया में समाजवादी पार्टी ने कई जगह गड़बड़ियों के गंभीर आरोप लगाए थे। जिलाधिकारी को ज्ञापन भी दिया था। विगत दिनों जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव एवं जिला प्रवक्ता/सचिव राधेश्याम सविता ने लखनऊ पहुंचकर सपा सुप्रीमों को सभी दस्तावेज सौंपे और चल रहे फर्जीवाड़े की जानकारी दी थी। बुधवार को जिला महासचिव इलियास मंसूरी के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी सदर विधानसभा क्षेत्र के देवरामपुर बूथ संख्या 66, 67 पर पहुंचे जहां उन्होंने मौके पर मौजूद बीएलओ आदि से एसआईआर प्रक्रिया की जानकारी ली। इस दौरान उनके साथ देवरामपुर प्रधान पवन कठेरिया, सभासद मुदस्सिर खान, जुल्फिकार अब्बास जैदी, आफताब खान, गोपाल यादव आदि मौजूद रहे।

# परीक्षा केंद्रों का थाना प्रभारी ने किया निरीक्षण, पुलिस बल को दिये निर्देश

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



केंद्र पर छात्रों की हो रही तलाशी




परीक्षा केंद्र पर मौजूद थाना प्रभारी व पुलिस बल

यू.पी. बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं बुधवार से शांतिपूर्ण ढंग से शुरू हो गई। शासन की मंशा के अनुरूप नकल विहीन और पारदर्शी परीक्षा संपन्न कराने के लिए नवाबगंज क्षेत्र में पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी क्रम में बुधवार को थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने भारी पुलिस बल के साथ क्षेत्र के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी ने केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता और प्रवेश द्वार पर हो रही चेकिंग का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो। राजीव कुमार ने मुख्य रूप से मंझना स्थित सूर्य कुमारी इंटर कॉलेज, हरदुआ के श्री महिपाल शास्त्री इंटर कॉलेज और सिरोली के स्वामी दीनबंधु इंटर कॉलेज का दौरा किया। इसके अतिरिक्त नगर नवाबगंज में राजेंद्र सिंह इंटर कॉलेज और यशोदा देवी इंटर कॉलेज का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षक राजीव कुमार ने केंद्र पर तैनात पुलिस बल को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा केंद्रों के आसपास किसी भी बाहरी व्यक्ति का जमावड़ा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया छात्रों को भयमुक्त वातावरण प्रदान करना और परीक्षा की शुचिता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान पुलिस बल की सक्रियता को देखकर केंद्रों के बाहर अनावश्यक भीड़ लगाने वाले लोगों में हड़कंप की स्थिति रही। प्रशासन का दावा है कि सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हो रही हैं।

**कार्यालय ग्रा0पं0 सुल्तान नगर वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रुखाबाद**

पत्रांकःमीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 दिनांक 18/02/2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत सुल्तान नगर विकास खण्ड मोहम्मदाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 19/02/2026 से दिनांक 25/02/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 25/02/2026 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 19/02/2026 से दिनांक 25/02/2026 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।


| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | पवन के घर से शिवकुमार के घर तक सी सी रोड व नाली निर्माण कार्य | 2.13 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (ब्रजेश कुमार) ग्रा0पं0 सुल्तान नगर, वि0ख0 मोहम्मदाबाद, सचिव (संदेश कुमार)

## जमीन कब्जा विवाद पर किसान का पेट्रोल लेकर धरना

# प्रशासन के 10 दिन में कब्जा दिलाने के आश्वासन पर खत्म हुआ प्रदर्शन



**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ-खीरी।** थाना भीरा क्षेत्र के रामनगर कलां में जमीन कब्जा विवाद को लेकर उपजा तनाव प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद शांत हो गया। थाना भीरा क्षेत्र के शारदा नदी के तराई इलाके में मंगलवार दोपहर से पेट्रोल लेकर खेत किनारे धरने पर बैठे किसान अशोक राना ने देर शाम अधिकारियों के आश्वासन पर अपना धरना समाप्त कर दिया। जानकारी के अनुसार, किसान अशोक राना पुत्र राम शिव दयाल ने आरोप लगाया था कि उसकी कृषि भूमि पर गांव के ही केशन व मुन्नू उर्फ श्रीराम पुत्र राम भरोशे द्वारा वर्षों से कब्जा किया गया है। किसान का कहना है कि राजस्व विभाग की नपाई में जमीन उसके नाम दर्ज पाई गई, लेकिन इसके बावजूद उसे वास्तविक कब्जा नहीं दिलाया गया। तहसील और थाने के कई चक्कर लगाने के बाद भी समाधान न निकलने से वह हताश हो गया और आत्मदाह की चेतावनी देते हुए खेत किनारे पेट्रोल लेकर धरने पर बैठ गया। घटना की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। शारदा नदी के तराई क्षेत्र में स्थित होने के कारण ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई, क्योंकि इलाके में वन्यजीवों का भी विचरण रहता है। शाम ढलते ही किसान की सुरक्षा को लेकर आशंका गहराने लगी थी। इस बीच मामला सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिससे प्रशासन पर तत्काल कार्रवाई का दबाव बना। खबर प्रसारित होते ही भीरा थाने के एसओ और स्थानीय लेखपाल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसान से वार्ता कर उसकी शिकायत सुनी और राजस्व अभिलेखों के आधार पर विधिक प्रक्रिया अपनाते हुए दस दिन के भीतर जमीन पर कब्जा दिलाने का आश्वासन दिया। अधिकारियों के भरोसे के बाद किसान ने अपना धरना समाप्त कर दिया। फिलहाल गांव में स्थिति सामान्य बताई जा रही है, लेकिन ग्रामीणों की नजर अब प्रशासन के वादे पर टिकी हुई है। यदि तय समय सीमा में कार्रवाई नहीं होती है तो मामला पुनः तूल पकड़ सकता है। प्रशासन का कहना है कि राजस्व टीम नियमानुसार जांच कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करेगी, ताकि भविष्य में इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न न हो।

### उचौलिया में 22 फरवरी को निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर

**विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम देगी सेवाएं**

**उचौलिया-खीरी।** क्षेत्रीय नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एच. आर. मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा 22 फरवरी 2026, रविवार को उचौलिया स्थित अस्पताल परिसर (निकट रेलवे स्टेशन) में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि लोकेन्द्र प्रताप सिंह विधायक मोहम्मदी द्वारा किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित रहेगा, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीजों को परामर्श, जांच व उपचार की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। शिविर के दौरान सीबीसी, लीवर फंक्शन जांच, गुर्दा फंक्शन जांच, मलेरिया, विडाल, थायरॉयड, रक्त शर्करा, लिपिड प्रोफाइल, हृदय विद्युत परीक्षण सहित विभिन्न पैथोलॉजी जांचें निःशुल्क की जाएंगी।

# गौकशी की घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री से कार्रवाई की मांग

- संगठनों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजकर कार्रवाई की मांग की



**समृद्धि न्यूज़, पलिया कलां खीरी।**

उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जनपद के थाना मझगई क्षेत्र में कथित गौकशी की घटनाओं को लेकर हिन्दू संगठनों में आक्रोश व्याप्त हो गया है। इस संबंध में संगठनों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भेजकर कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ के माध्यम से उपजिलाधिकारी पलिया को प्रेषित किया गया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि थाना मझगई क्षेत्र में लगातार गौकशी की घटनाएं हो रही हैं तथा दिनांक 17 फरवरी 2026 को भी ऐसी घटना होने की बात कही गई है। आरोप है कि थाना प्रभारी द्वारा कथित रूप से आरोपियों को संरक्षण दिया जा रहा है, जिससे समाज में रोष की स्थिति बनी हुई है। संगठनों का यह भी कहना है कि संबंधित थाना प्रभारी की पूर्व तैनाती के दौरान अन्य थानों में भी इस प्रकार की घटनाएं सामने आई थीं तथा स्थानीय लोगों में उनकी कार्यशैली को लेकर असंतोष रहा है। ज्ञापन में निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए थाना प्रभारी पर कार्रवाई करने तथा गौकशी में शामिल बताए जा रहे लोगों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। इस मामले में प्रशासन या पुलिस विभाग की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी है। मामले की सत्यता जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। ज्ञापन पर राज कुमार राठौर, सक्षम शुक्ला, सत्येंद्र मिश्रा, पुनीत गुप्ता, प्रहलाद, गोरक्षक चिंटू पुरी, शोभित, राहुल, मोनू, लूकी, सोनू, संदीप, राजीव सहित अन्य लोगों के हस्ताक्षर मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### मिल गेट पर युवक से मारपीट व जान से मारने की धमकी, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर, खीरी।** थाना खमरिया क्षेत्र स्थित गोविन्द शुगर मिल ऐरा के मिल गेट पर गन्ना लेकर आए एक किसान के साथ दबंगों द्वारा मारपीट एवं असलहा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रानू दीक्षित पुत्र हरिनाम दीक्षित निवासी ग्राम तेजवापुर थाना लहरपुर जनपद सीतापुर दिनांक 15 फरवरी 2026 की शाम लगभग 8 बजे ट्रैक्टर-ट्राली में गन्ना भरकर मिल परिसर पहुंचे थे। उन्होंने अपनी ट्राली मिल गेट के सामने खड़ी की, तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने अपनी गन्ना भरी ट्राली उनके ट्रैक्टर के आगे लगा दी। बताया जाता है कि ओवरटेक को लेकर कहासुनी के बाद उक्त व्यक्ति ने फोन कर अपने साथियों को बुला लिया। कुछ ही देर में बोलेरो गाड़ी से रुबीन पुत्र ईबरार, मैनूद्दीन पुत्र हबीब, मुसाफिर पुत्र सहाबुद्दीन, वसीम पुत्र सहाबुद्दीन तथा एक अज्ञात व्यक्ति निवासीगण रेहरिया खुर्द थाना खीरी मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि सभी ने मिल गेट पर रानू दीक्षित को पकड़ लिया, असलहा निकालकर भयभीत किया तथा गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट की। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने उन्हें जबरन अपनी गाड़ी में बैठाने का भी प्रयास किया, किन्तु स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप से वह बच सके। मारपीट के दौरान उनका गन्ने का बाउचर एवं ?4,530 रुपये भी गिर गए, जो बाद में नहीं मिले। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना खमरिया प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश राय ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच के निर्देश दिए हैं। पुलिस का कहना है कि जांच के उपरांत दोषियों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### टावर में चोरी के प्रयास का मामला दर्ज नामजद सहित एक अज्ञात पर आरोप

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र में स्थित एक मोबाइल टावर पर चोरी के प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। कंट्रोल रूम से फायर स्मोक अलार्म मिलने के बाद मौके पर पहुंचे टेक्नीशियन की सूचना पर पुलिस ने नामजद सहित एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इण्डस टावर के टेक्नीशियन संतोष कुमार सिंह पुत्र गोकरन सिंह, निवासी ग्राम अयोध्यापुर थाना हैदराबाद, ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दिनांक 16/17 फरवरी 2026 की रात्रि में इण्डस आईडी पनगीकलां साइट से फायर स्मोक अलार्म की सूचना कंट्रोल रूम से प्राप्त हुई। सूचना पर वह तत्काल साइट पर पहुंचे, जहां देखा कि अज्ञात व्यक्ति चोरी के उद्देश्य से टावर परिसर के अंदर घुसे हुए थे। टेक्नीशियन के अनुसार, जैसे ही संदिग्धों ने उन्हें देखा, दो व्यक्ति मौके से भागने लगे। उन्होंने उनका पीछा भी किया, लेकिन दोनों अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। मौके पर एक मोटरसाइकिल संख्या क्31,क0904 छूट गई। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और काफी देर तक आरोपियों की तलाश की, किंतु सफलता नहीं मिली। जांच में पता चला कि बरामद मोटरसाइकिल संजय पुत्र श्रीकृष्ण निवासी रामनगर कॉलोनी, कोतवाली सदर, खीरी की है। वादी ने तहरीर में उल्लेख किया कि उसने संजय को घटना स्थल से भागते हुए देखा, जबकि उसके साथ एक अन्य अज्ञात व्यक्ति भी था। हालांकि आरोपी बैट्री बैंक का ताला तोड़ पाए थे, लेकिन चोरी की घटना पूर्ण रूप से नहीं हो सकी। पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक धनंजय शुक्ला को सौंपी गई है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

### चोरियों को रोकने में नाकाम दिखी पुलिस, तो लोगो ने स्वयं उठाया अपनी सुरक्षा का बीड़ा

**बछरावां रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**



बीते कई दिनों से घट रही चोरियों की घटनाओं की सुनामी रोकने में जब स्थानीय पुलिस नाकाम होती हुई दिखाई दी, तो क्षेत्रीय लोगों ने अपनी सुरक्षा का बीड़ा स्वयं अपने कंधों पर उठा लिया। जिसका ताजा तरीन मामला मंगलवार व बुधवार की रात को देखने को मिला, जब कस्बा अंतर्गत शिवगढ़ रोड बाईपास पर पानी टंकी के पास रात तकरीबन 1:00 बजे का एक वीडियो बुधवार सुबह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। उक्त वीडियो के विषय में जब जानकारी प्राप्त की गई तो पता चला कि यह वायरल वीडियो उक्त स्थान पर एक बाइक चोर को पकड़ने का है, जिसे स्थानीय लोगों ने रंगे हाथ बाइक ले जाते हुए पकड़ा है। मौके पर मौजूद लोगों की मानी जाए तो उनका कहना है कि क्षेत्र में कई दिनों से लगातार घटित हो रही चोरी की घटनाओं के बाद जब पुलिस हमारी सुरक्षा नहीं कर पा रही है, तो हम लोगों ने स्वयं अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाई है, और रात में जागकर अब हम लोग स्वयं अपनी सुरक्षा कर रहे हैं। इसी दौरान हम लोगों को उक्त बाईपास पर यह संदिग्ध युवक एक बाइक उठाकर ले जाते हुए दिखाई दिया, जिसे हम लोगों ने मौके पर पकड़ा, जब उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम दिवाकर पिता का नाम रामू और निवासी शेषपुर थाना निगोहा जनपद लखनऊ बताया। तत्काल हम लोगों के द्वारा 112 पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस को हम लोगों उक्त संदिग्ध युवक जो एक बाइक चोरी की घटना को अंजाम देते हुए कस्बे के उक्त स्थान से पकड़ा गया था, उसे सौंप दिया गया है। लेकिन कहीं न कहीं स्थानीय लोगों की स्वयं अपनी सुरक्षा करने की इस तत्परता के पीछे अभी भी पुलिस की गस्त की नाकामी साफ साफ झलकती हुई नजर आ रही है, क्योंकि अब स्थानीय व क्षेत्रीय लोग स्वयं ही चोरों के आतंक से अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी का बोझ उठाये हुए हैं।

## पार्क की जगह पर अवैध निर्माण का आरोप, विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** सदर तहसील क्षेत्र में पैतृक भूमि पर अवैध निर्माण कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इमली चौराहा निवासी अनिल कुमार टण्डन ने उप जिलाधिकारी सदर को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनकी पैतृक भूमि का एक हिस्सा पूर्वजों द्वारा 'नरायनी देवी पार्क' के नाम से छोड़ा गया था, जहां पूर्वजों की समाधि भी बनी हुई है, लेकिन उसी भूमि पर बिना नक्शा पास कराए निर्माण कराया जा रहा है। प्रार्थना पत्र के अनुसार सिद्धान्त टण्डन पुत्र स्व. दिनेश टण्डन, उनकी पत्नी रिद्धिमा जायसवाल व तीन अन्य लोग कथित रूप से पार्क की जमीन पर अवैध निर्माण करा रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि 16 फरवरी 2026 की सुबह करीब 10 बजे जब वह अपनी भूमि की ओर गए तो निर्माण कार्य चलता मिला। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ लात-घूंसों से मारपीट की तथा दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित ने स्वयं को भयभीत बताया है।पीड़ित ने प्रशासन से अवैध निर्माण तत्काल रुकवाने व सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

इस संबंध में एसडीएम सदर ने कहा कि यदि तहरीर प्राप्त हुई है तो मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# बसंतकालीन गन्ना बुवाई को लेकर निकली किसान जागरूकता बाइक रैली

- अस्वीकृत प्रजातियों से दूर रहने की रही अपील
- स्वीकृत प्रजातियों व वैज्ञानिक ढंग से बुवाई के लिए किया जागरूक

**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर, खीरी।**



गोविंद शुगर मिल ऐरा द्वारा बसंतकालीन गन्ना बुवाई को लेकर बुधवार 18 फरवरी को किसान जागरूकता बाइक रैली निकाली गई। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विजय लक्ष्मी (ऐरा-लखीमपुर खीरी) ने चीनी मिल गेट से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली ने मिल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचकर किसानों को स्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुवाई के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में सचिव प्रभारी समिति ऐरा राजेश कुमार वर्मा, मिल के कार्यकारी निदेशक आलोक सक्सेना, विभागाध्यक्ष गन्ना विरम सिंह राठौर, उप विभागाध्यक्ष अजीत वर्मा, राजेश कुमार दूबे, एचआर हेड सहित राजकीय गन्ना विकास एवं चीनी मिल स्टाफ मौजूद रहा। अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि वे अनुपयुक्त व अस्वीकृत प्रजातियां जैसे नकली 9709, लाल बादशाह, पीबी-94, पीबी-95, पीबी-434, को-8005, नकली 5009 आदि की बुवाई न करें। बताया गया कि आगामी पेराई सत्र में इन प्रजातियों की खरीद नहीं की जाएगी। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने किसानों से बसंतकालीन बुवाई के दौरान भूमि एवं बीज उपचार के बाद स्वीकृत एवं उन्नतिशील प्रजातियों–को. लख. 16202, को. शा. 18231, को. शा. 17231, को. 15023, को. 0118, को. लख. 14201, को. शा. 13235 तथा जल प्लावित क्षेत्रों हेतु को. शा. 13231 व को. 98014–की बुवाई करने का आग्रह किया। कार्यकारी निदेशक आलोक सक्सेना ने कहा कि किसान वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर उत्पादन व आय बढ़ाएं और अधिक से अधिक गन्ना मिल में आपूर्ति कर बेसिक कोटा बढ़ाएं, ताकि आगामी पेराई सत्र में अतिरिक्त पर्चियों का लाभ मिल सके।

# 20 बकरे चोरी के झूठे आरोप में हमला : ग्राम प्रधान सहित 14 नामजद व कई अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर खीरी)।** रास्ता भटककर गाँव पहुँचे युवक पर झूठा चोरी का आरोप लगाकर रंगदारी मांगने, मारपीट करने, वाहन क्षतिग्रस्त करने तथा वीडियो वायरल कर बदनाम करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार ग्राम प्रधान सहित 14 नामजद व कई अज्ञात व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया है। मोहल्ला बहादुरनगर निवासी शुभम सोनी पुत्र स्व. राजीव सोनी ने कोतवाली गोला गोकर्णनाथ में दी तहरीर में बताया कि 15 फरवरी 2026 की रात लगभग 1 बजे वह अपने रिश्तेदार के घर जा रहा था। गूगल मैप के गलत दिशा-निर्देशन के कारण वह रास्ता भटककर ग्राम मूर्तिहा थाना गोला क्षेत्र में पहुँच गया। आगे रास्ता न होने पर गाड़ी मोड़ते समय वाहन का पहिया नाली में फँस गया। आरोप है कि इसी दौरान गाँव के लोग एकत्र हो गए और उस पर 20 बकरे चोरी करने का झूठा आरोप लगाने लगे। भीड़ ने उससे एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी। विरोध करने पर उसे जमीन पर गिराकर पीटा गया और नाली में धक्का दे दिया गया। पीड़ित ने अपने मित्र अमन कृष्ण मिश्रा को फोन कर सूचना दी। जब वे अपने साथी अदीब हुसैन के साथ मौके पर पहुँचे तो आरोप है कि उनके साथ भी गाली-गलौज व मारपीट की गई तथा उन्हें भी नाली में धक्का दे दिया गया। उनकी गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। तहरीर के अनुसार घटना के समय 50 से 100 लोगों की भीड़ मौजूद थी। मुकदमे में ग्राम प्रधान सज्जन खां, तफसीर पुत्र अल्ताफ, सरताज, मन्ना, सीबान, सवान पुत्र वहीर, हारून पुत्र नदीम, नौशाद, राजू, हाजिल, फैजान, दिलशाद, मोनू सहित कुल 14 नामजद तथा कई अज्ञात व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने, खंभे से लटकाने तथा शरीर के टुकड़े कर देने तक की धमकी दी। साथ ही घटना का वीडियो वायरल कर सामाजिक छवि खराब करने की भी बात कही गई।

### जिले में बढ़ रहा दुर्घटनाओं का ग्राफ

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** रायबरेली में रोजाना हो रहे सड़क हादसे में जान गंवाने का सिलसिला जारी है। आज फिर डीह थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में बिजली पावर हाउस के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। हादसे में ने तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य को गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार मृतक बुलंदशहर और अलीगढ़ के रहने वाले हैं और प्रतापगढ़ के सांगीपुर में किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आये थे। सांगीपुर के कार्यक्रम आयोजक उनको कार से रायबरेली रेलवे स्टेशन से लेकर वापस जा रहे थे। कार की रफ्तार तेज होने के कारण गोपालपुर के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।

### रजिस्ट्रेशन न होने से आक्रोशित छात्र धरने पर बैठे

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ-खीरी।** कस्बे के जानकी देवी इंटर कॉलेज,



बिजुआ में बुधवार को हाईस्कूल के छात्र-छात्राएं विद्यालय परिसर के बाहर धरने पर बैठ गए। छात्रों का आरोप है कि विद्यालय प्रबंधन ने पूरे वर्ष की फीस जमा कराई, लेकिन बोर्ड रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया, जिससे उनका शैक्षणिक सत्र प्रभावित हो रहा है। छात्रों का कहना है कि बुधवार को हाईस्कूल की परीक्षा थी, किंतु रजिस्ट्रेशन न होने के कारण वे परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके। इससे उनका एक महत्वपूर्ण पेपर छूट गया। विद्यार्थियों ने बताया कि इस संबंध में कई बार विद्यालय प्रशासन से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन प्रधानाचार्य न तो फोन उठा रहे हैं और न ही कोई स्पष्ट जानकारी दी जा रही है। आक्रोशित छात्रों ने विद्यालय गेट पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया और मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की।

क्षेत्रीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। अभिभावकों ने भी विद्यालय प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। धरना-प्रदर्शन से जुड़ी फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिससे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। समाचार लिखे जाने तक विद्यालय प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक बयान प्राप्त नहीं हो सका था।

## 20 फरवरी से धर्मापुर (भीरा) में 15 दिवसीय संस्कृत नाट्य व संगीत कार्यशाला

**बिजुआ-खीरी।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में श्री माँ दुर्गा जागरानी देवी संस्कृत महाविद्यालय, धर्मापुर (भीरा) खीरी में 15 दिवसीय संस्कृत नाट्य एवं संगीत प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 20 फरवरी 2026 से किया जाएगा। कार्यशाला 10 मार्च 2026 तक संचालित होगी। संस्था प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को संस्कृत नाट्य कला एवं संस्कृत संगीत का सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। साथ ही संस्कृत भाषा एवं साहित्य से संबंधित विशेष कक्षाओं के माध्यम से विद्यार्थियों में संस्कृत के प्रति रुचि, अनुराग और सांस्कृतिक चेतना विकसित की जाएगी। बताया गया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा के व्यवहारिक प्रयोग, संस्कृत नाट्य मंचन की विधाओं तथा संस्कृत संगीत एवं साहित्य में वर्णित सिद्धांतों का प्रशिक्षण देना है। इसके माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यशाला के समापन अवसर पर 10 मार्च 2026 को संस्कृत संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रतिभागी छात्र-छात्राएं प्रस्तुति देंगे। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। प्राचार्य विनोद कुमार बाजपेयी एवं उप प्राचार्य अच्युत प्रकाश बाजपेयी ने क्षेत्र के इच्छुक छात्र-छात्राओं व अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है।

# एम्स रायबरेली में कॉक्लियर इम्प्लांट पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** एम्स, रायबरेली के ईएनटी (कान, नाक एवं गला) विभाग द्वारा मूक एवं बधिर बच्चों तथा उनके अभिभावकों के लिए कॉक्लियर इम्प्लांट संबंधी एक विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गंभीर श्रवण हानि से पीड़ित बच्चों में समय रहते पहचान और उपचार के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया कि जिन बच्चों को सामान्य हियरिंग एड से लाभ नहीं मिलता, उनके लिए कॉक्लियर इम्प्लांट एक प्रभावी विकल्प हो सकता है। यह एक विशेष शल्य प्रक्रिया है, जिसमें आंतरिक कान के क्षतिग्रस्त भाग को बाईपास कर श्रवण तंत्रिका को सीधे उत्तेजित किया जाता है, जिससे बच्चे ध्वनि को पहचानने लगते हैं और उनकी वाणी एवं भाषा विकास में सुधार होता है। विभागाध्यक्ष डॉ. अन्नन्या सोनी ने अपने संबोधन में कहा, 'श्रवण हानि की शीघ्र पहचान और प्रारंभिक हस्तक्षेप अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि समय रहते उपचार किया जाए तो बच्चे सामान्य विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं और समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकते हैं। संस्थान के कार्यकारी निदेशक. डॉ. अमिता जैन के मार्गदर्शन में एम्स रायबरेली का उद्देश्य उन्नत चिकित्सा सुविधाओं को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है। कॉक्लियर इम्प्लांट जैसी उच्च स्तरीय सेवाओं के माध्यम से हम दिव्यांग बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में अभिभावकों को सर्जरी की प्रक्रिया, पूर्व एवं पश्चात जांच, मैपिंग तथा स्पीच थेरेपी की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, सफल कॉक्लियर इम्प्लांट से लाभान्वित बच्चों के उदाहरण साझा किए गए, जिससे उपस्थित परिवारों में आशा और विश्वास का संचार हुआ। ईएनटी विभाग द्वारा इस प्रकार की पहल समाज में जागरूकता बढ़ाने और श्रवण बाधित बच्चों को बेहतर भविष्य प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# कस्बे वासियों के लिए नासूर बना मुराई बाग में लगने वाला जाम

- घंटों जाम लगने से राहगीर हो रहे हलकान
- कैंसर जैसा अभिशाप बना मुराई बाग कस्बे का जाम

**डलमऊ समृद्धि न्यूज़।**




डलमऊ कस्बे के मुराई बाग क्षेत्र में लगने वाला जाम अब कस्बे वासियों के लिए लाइलाज बीमारी बन गया है यहां जाम की स्थिति ऐसी है कि लगभग 24 घंटे जाम लगा रहता है इस दौरान कस्बे के प्रमुख मार्गों पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारे दिखाई पड़ती है पिछले कई महीनो से खराब पड़े लालगंज क्षेत्र के गेंगासो गंगा पुल के चलते सारा ट्रैफिक लोड डलमऊ की तरफ मोडा गया है जिसके कारण छोटे एवं भारी वाहनों का आवागमन डलमऊ गंगा पुल से हो रहा है डलमऊ कस्बे में ट्रक डंपर छोटे एवं भारी वाहनों की अधिकता के कारण घंटो जाम लगा रहता है जाम की ऐसी स्थिति के कारण स्थानी व्यापारियों का व्यापार पूरी तरह चौपट हो चुका है वैवाहिक एवं त्यौहार का सीजन होने के बाद भी व्यापारियों की दुकानों पर सन्नाटा पसारा रहता है जिसके चलते व्यापारियों का व्यापार पूरी तरह चौपट हो चुका है डलमऊ कस्बे के मुराई बाग रायबरेली मार्ग पर पड़ने वाली रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के बाद जाम की स्थिति और भी भयावाह हो जाती है जो कस्बे वासियों के लिए कोढ़ में खाज की तरह हो जाती है जिसे छुड़ाने के लिए पुलिस कर्मियों के ठंड में भी पसीने छूट रहे हैं कस्बे में जाम की स्थिति ऐसी बनी रहती है कि लोगों को पैदल सड़क पार करना भी दुश्वार हो जाता है वहीं राहगीरों को जाम खुलने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है ऐसी स्थिति में यदि किसी के साथ कोई इमरजेंसी घटना हो जाए तो उसका राम से ही काम है आए दिन लगने वाले जाम में अक्सर रोगी वाहन फंसे हुए दिखाई पड़ते हैं जाम न खुलने की दशा में रोगियों की जान आफत में फंसी हुई दिखाई देती है जाम की स्थिति से छुटकारा दिलाने के लिए क्षेत्रीय व्यापारिक संगठनों जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों द्वारा कई बार बाईपास बनाए जाने की मांग की गई है लेकिन इस पर शासन एवं प्रशासन द्वारा कोई उचित कार्यवाही नहीं की गई है कस्बे वासियों के लिए आए दिन लगने वाला जाम कैंसर जैसी लाइलाज बीमारी की तरह हो चुका है जो क्षेत्र वासियों के लिए किसी अभिशाप से कम नहीं है।